# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 13 अगस्त 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 279 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00

■ सिब्बू पगलैट (कहानी)
■ काव्यात्मकता से लबरेज... 04
■ पाकी सुप्रीम कोर्ट ने फेरा नवाज शरीफ...
■ टाइम बम की तरह बन चुका है चीन... 09
■ धान का रकबा 5 फीसदी बढ़ा, अरहर ...
■ अब प्याज नहीं होगा महंगा, सरकार ने दिलाया.. 11
■ कोलंबिया को हराकर...
■ एशियाई खेलों से पहले... 10

सार संक्षेप

## राष्ट्रपति ने डीपीडीपी विधेयक-2023 को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डिजिटल निजी डेटा संरक्षण(डीपीडीपी) विधेयक-2023 को संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद शनिवार को मंजूरी दे दी। यह विधेयक गत 09 अगस्त को राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित हो गया। इससे पहले लोकसभा ने 07 को ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया था। विधेयक का उद्देश्य डेटा को कानूनी रूप से संसाधित करने की आवश्यकता के साथ अपने डेटा को सुरक्षित रखने के व्यक्तियों के अधिकार को संतुलित करके डिजिटल व्यक्तिगत डेटा का प्रबंधन करना है।

## पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान ने आत्महत्या की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर स्वयं को गोली मारकर शनिवार तड़के आत्महत्या कर ली । अधिकारियों ने आज यहां कि 11 और 12 अगस्त की दरमियानी रात करीब एक बजकर 55 मिनट पर अवंतीपोरा में सेल चेरसू के पास गोलियों की आवाज सुनी गई। मौके पर सीआरपीएफ का जवान खून से लथपथ मृत पाया गया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि के ट्रस्टियों ने नया वाद किया दायर

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद से संबंधित एक नया वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया गया है। यह वाद अब तक दायर सभी वादों से अलग है। डीजीसी सिविल संजय गौड के अनुसार अब तक दायर किये गए वाद में जहां श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया था वहीं नये वाद में श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने ही एक वाद दायर कर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और ईदगाह कमेटी के बीच 1968 में हुए समझौते को रद्द करने की प्रार्थना की गई है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-लव जेहाद पर और कड़े कानून की तैयारी हो रही है।

**चुहिया- हां प्रिये-** वक्त के साथ कानून में बदलाव समझने की जरूरत है।



## संत रविदास स्मारक एवं कला संग्रहालय भव्य और दिव्य होगा






# मध्य प्रदेश से सामाजिक समरसता के नए युग की शुरुआतःमोदी

**भोपाल/सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संत शिरोमणि स्वामी रविदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को दूर किया और समाज को जागृत किया। भारत उनके बताये मार्ग पर चलकर गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सागर में आज समरसता का महासागर उमड़ा है।

संत रविदास स्मारक एवं कला संग्रहालय की आधारशिला रखी गई है। यह भव्य भी होगा और दिव्य भी। मध्यप्रदेश से सामाजिक समरसता के नये युग की शुरूआत हो रही है। इसके लिये मध्यप्रदेश सरकार मुख्यमंत्री और प्रदेश की जनता को मैं बधाई भी देता हूँ और अभिनंदन करता हूँ। मैंने इसका शिलान्यास किया है, जब यह एक-डेढ़ वर्ष में पूरा हो जायेगा, तब मैं इसका लोकार्पण करने अवश्य आऊँगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सागर जिले के बड़तूमा में संत शिरोमणि स्वामी श्री रविदास के सौ करोड़ की लागत से बनने वाले स्मारक और कला संग्रहालय के भूमि-पूजन और शिलान्यास के बाद ढाना में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोटा-बीना रेल लाइन दोहरीकरण का लोकार्पण किया। उन्होंने 1580 करोड़ रूपये से अधिक की लागत की दो सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री चौहान और मंत्रीगण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुष्प गुच्छों से आत्मीय स्वागत किया। प्रधानमंत्री का राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रकाशन भेंट किए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संत जी की शिक्षाएं इस स्मारक स्थल के माध्यम से नई पीढ़ी को प्रेरणा देंगी। यहां समरसता का भाव भी रहेगा। उन्होंने मध्यप्रदेश के 20 हजार ग्रामों और करीब 300 नदियों की मिट्टी विभिन्न यात्राओं के माध्यम से सागर तक लाने के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे लाखों परिवारों ने एक-एक मुट्ठी अनाज देकर समरसता के भाव को बढ़ाया है। वे इस स्मारक का हिस्सा बनेंगी। पांच समरसता यात्राओं का समापन हुआ है। ये यात्राएं यहां खत्म नहीं होंगी, यहां से एक नए युग का प्रारंभ होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रेरणा और प्रगति जुड़ते हैं तो नए युग की नीव पड़ती है। मध्यप्रदेश इन कार्यों के लिए प्रशंसा का पात्र है। मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। समरसता के भाव से जब कार्य होता है तो समाज से संत निकलते हैं। संत रविदास भी ऐसे संत और महात्मा थे। संत रविदास ने पराधीनता को पाप माना था। उन्होंने समाज को हौसला दिया। इसी समरसता के भाव से शिवाजी महाराज ने हिन्दी साम्राज्य की नींव रखी। फिर आगे चलकर यही भाव स्वतंत्रता संग्राम का आधार भी बना।

### मध्यप्रदेश, बुंदेलखण्ड और सागर के लिये सौभाग्य का दिन : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज का दिन मध्यप्रदेश, बुंदेलखंड और सागर के लिए सौभाग्य का दिन है। हमने फैसला किया था कि सागर के बड़तूमा में संत रविदास जी का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। हमारा सौभाग्य है कि भव्य मंदिर के निर्माण के शिलान्यास में श्री मोदी पधारे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी भारत को जोड़ने वाले संत थे। कोई छोटा नहीं, बड़ा नहीं, भक्ति कैसे करें इसका संदेश देने वाले थे संत रविदास जी। इस मंदिर के माध्यम से आने वाली पीढ़ियां भी संत रविदास जी को जानेंगी और उनके बताए मार्ग पर चलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 80 करोड़ बहनों-भाइयों को निःशुल्क अन्न की व्यवस्था प्रधानमंत्री श्री मोदी ने की है। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास, उज्ज्वला रसोई गैस के कनेक्शन, शौचालय बनाकर बहनों को सम्मान देने का काम, आयुष्मान भारत योजना बनाकर गरीबों का इलाज कराना, कोविड में वैक्सीन से 140 करोड़ भारतीयों की जान बचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी जी के बताए मार्ग पर चलकर मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। हमें गर्व है कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से 1.40 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।

**बुंदेलखंड की बदलेगी तस्वीर**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऐसे फैसले किए हैं जो बुंदेलखंड की तस्वीर बदल देंगे। बीना रिफाइनरी पर आधारित पेट्रो केमिकल्स उत्पाद पर 50 हजार करोड़ का निवेश आने वाला है। मैं मोदी जी को धन्यवाद देता हूँ। इसी बुंदेलखंड की धरा पर केन-बेतवा परियोजना का काम जल्दी प्रारंभ होने वाला है। इससे 20 लाख एकड़ जमीन पर बुंदेलखंड में सिंचाई होगी। बुंदेलखंड की धरती पंजाब, हरियाणा को मात देगी। प्रधानमंत्री जी ने 44 हजार करोड़ की योजना का उपहार बुंदेलखंड की जनता को दिया है।

## मणिपुर में जो रहा वो पहले नहीं देखा : राहुल

### कांग्रेस नेता ने जनसभा में मणिपुर पर सरकार को घेरा

**वायनाड, (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर पहुंचे हैं। वायनाड में शनिवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में हजारों लोग हैं जिन्होंने हिंसा को झेला है। किसी का घर जला दिया गया है, किसी की बहन के साथ दुष्कर्म किया गया है, और किसी के भाई और माता-पिता की हत्या कर दी गई है। यह ऐसा है जैसे किसी ने पूरे मणिपुर में मिट्टी का तेल फेंककर आग लगा दी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं कुछ समय पहले मणिपुर गया था। मैं 19 साल से राजनीति में हूं और मैंने कभी भी मणिपुर में जो अनुभव किया, ऐसा कभी अनुभव नहीं किया। आगे पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर में हर जगह खून है, हर जगह हत्या हो रही है, मणिपुर में यही स्थिति है और प्रधानमंत्री ने संसद में 2 घंटे, 13 मिनट तक बात की लेकिन वह मणिपुर पर दो मिनट तक बोले, वे हंसे उन्होंने मजाक किया। उनका मंत्रिमंडल हँस रहा था।



## विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया: मोदी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर हिंसा पर हम संसद में शुरू से चर्चा करने के पक्ष में थे। विपक्ष के लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। वे अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर वोटिंग से भाग गए। विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया। मोदी ने यह बात पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कही। प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल और मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के रवैए और अपने 9 साल के कार्यकाल पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने सभी पार्टियों से कहा था कि वे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष ने मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी, क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है।

- मणिपुर मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहता था विपक्ष
- अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर मतदान से भाग गए
- प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल हिंसा पर भी विपक्ष को घेरा

## श्रीनगर में तैनात हुए अपग्रेडेड मिग-29 लड़ाकू जेट स्क्वाड्रन

**श्रीनगर।** भारत ने पाकिस्तानी और चीनी दोनों मोर्चों से खतरों से निपटने के लिए श्रीनगर एयरपोर्ट पर उन्नत मिग-29 लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन तैनात किया है। ट्राइडेंट्स स्क्वाड्रन जिसे 'उत्तर के रक्षक' के रूप में भी जाना जाता है, ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर मिग -21 स्क्वाड्रन की जगह ले ली है जो पारंपरिक रूप से पाकिस्तान से खतरे की देखभाल के लिए जिम्मेदार थे।



भारतीय वायु सेना के पायलट स्क्वाड्रन लीडर विपुल शर्मा ने बताया, श्रीनगर कश्मीर घाटी के मध्य में स्थित है और इसकी ऊंचाई मैदानी इलाकों से अधिक है। ऐसे में अधिक वजन-से-जोर अनुपात और सीमा के निकट होने के कारण कम प्रतिक्रिया समय वाला विमान यहां रखना रणनीतिक रूप से बेहतर है। ये बेहतर एवियोनिक्स और लंबी दूरी की मिसाइलों से लैस है। मिग-29 इन सभी मानदंडों पर खरा उतरता है जिसके कारण हम दोनों मोर्चों पर दुश्मनों से लोहा लेने में सक्षम हैं। मिग-21 की तुलना में मिग 29 के कई फायदे हैं जो कई साल तक कश्मीर घाटी में अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र की सफलतापूर्वक रक्षा करने में सक्षम थे और 2019 में बालाकोट हवाई हमलों के बाद पाकिस्तानी आतंकवादी शिविरों पर एफ-16 को मार गिराने में भी कामयाब रहे। अपग्रेड के बाद मिग-29 को बहुत लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों से भी लैस किया गया है और सशस्त्र बलों को सरकार की ओर से दी गई आपातकालीन खरीद शक्तियों का उपयोग करते हुए इसे घातक हथियारों से भी लैस किया गया है।

गगनयान मिशन

## इसरो ने ड्रोग पैराशूट परिनियोजन परीक्षण किया

**चेन्नई, (एजेंसियां)।** भारत के प्रस्तावित मानव अंतरिक्ष मिशन के हिस्से के रूप में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि उसने ड्रोग पैराशूट परिनियोजन का सफल परीक्षण किया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, परीक्षण मंगलवार से गुरुवार तक टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज (आरटीआरएस) सुविधा में आयोजित किया गया। परीक्षण हवाई डिलीवरी अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई)/डीआरडीओ के सहयोग से आयोजित किए गए। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष तक सुरक्षित ले जाना और वापस लाना शामिल है।

## जो भी हेट स्पीच दे उस पर तुरंत एफआईआर करो : सुको

**नई दिल्ली।** हेट स्पीच को लेकर देश की शीर्ष अदालत ने एक बार फिर केंद्र सरकार को स्पष्ट रूप से कहा कि वह एक कमेटी बनाए जो देशभर में हेट स्पीच के मामलों की निगरानी करे क्योंकि ऐसे नहीं चलेगा। पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला ने इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को निर्देश देने गुजारिश की थी कि वह केंद्र को हेट स्पीच के मामलों में सख्ती बरतने का निर्देश दे।



इस याचिका के मुताबिक हेट स्पीच में समुदाय विशेष के लोगों की हत्या से लेकर उनके आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार की बातें हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हेट स्पीच के मामलों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तत्काल एक्शन लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण देता है तो सरकारें बिना किसी शिकायत के स्वङ्कत्र दर्ज करें। हेट स्पीच से जुड़े मामलों में केस दर्ज करने में देरी होने पर इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 12 मई को होगी। कोर्ट ने कहा- ऐसे मामलों में कार्रवाई करते हुए बयान देने वाले के धर्म की परवाह नहीं करनी चाहिए। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष देश की अवधारणा को जिंदा रखा जा सकता है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)

Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

कानून

## लव जिहाद पर कानूनी शिकंजे की तैयारी

# पहचान छिपाकर महिला से संबंध बनाना होगा अपराध

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मोदी सरकार ने लोकसभा में भारतीय दंड सहिता की जगह (आइपीसी) की जगह लेने के लिए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक पेश किया है। अगर मौजूदा सरकार के कार्यकाल में पारित हो जाता है तो लव जिहाद पर कड़ा कानूनी शिकंजा हो जाएगा। अपराध साबित होने पर आरोपी को10 साल की सजा सुनाई जा सकती है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जो विधेयक लोकसभा में पेश किया है वह 1860 की भारतीय दंड संहिता की जगह ले लेगा। इसमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया है। पहली बार कपटपूर्ण तरीके से शादी, रोजगार, पदोन्नति और झूठी पहचान के वादे के तहत महिलाओं के साथ संबंध बनाना अपराध क श्रेणी में होगा। आइपीसी में अभी तक इसके लिए दंड का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। लेकिन नए प्रस्तावित कानून में इसे अपराध की श्रेणी में लाया गया है। इसमें दोषी को 10 साल की कठोर सजा दी जाएगी और साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। फिलहाल भारतीय न्याय संहिता विधेयक को संसद की स्थायी समिति के पास विचार के लिए भेज दिया गया है। इसकी रिपोर्ट आ जाने के बाद संसद में इसे चर्चा के लिए रखा जाएगा।




### 10 साल की सजा का प्रावधान, स्थायी समिति के पास भेजा गया

## छतरपुर में कैदी की मौत के मामले में टीआई सहित चार पुलिस कर्मी सस्पेंड

**छतरपुर।** कैदी की मौत के मामले में एसपी अमित सांघी ने टीआई सहित चार पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया है। साथ ही पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक लूट के आरोपित की जेल कस्टडी में मौत हो गई। साथ ही कैदी का एक साथी सतना अस्पताल में नाजुक हालत में भर्ती है। इस मामले में पुलिस ने बमीठा थाने के टीआई पीआर डाबर, एसआई विश्वनाथ यादव, आरक्षक रवि प्रकाश गर्ग, चालक धर्मेंद्र जाटव को एसपी ने सस्पेंड किया है। इसके अलावा एसपी ने तात्कालीन एसडीओपी खजुराहो मनमोहन बघेल को सस्पेंड करने की अनुशंसा गृह मंत्रालय से की। बताया जाता है कि इस मामले में मृतक केदी के साथ एक और कैदी था। उसकी भी हालत खराब है और उसे सतना अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# देश-विदेश

## दिल्ली नगर निगम स्कूल में गैस लीक से 28 बच्चे बीमार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के नारायणा इलाके में गैस लीक के बाद एक स्कूल के कम से कम 28 बच्चे अचानक से बीमार पड़ गए। दिल्ली नगर निगम के इस स्कूल के बीमार सभी 28 बच्चो को आरएलएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो बच्चियों सहित अन्य छात्रों को आक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। राम मनोहर लोहिया अस्पताल प्रशासन ने बताया कि बच्चों की हालत ठीक है। संदिग्ध गैस लीक की वजह से बच्चों को विषाक्त धुंए से परेशानी हुई। दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने बताया कि बच्चों की स्थिति बेहतर है।

### लोकसभा से निलंबन होने पर बोले अधीर

# विपक्ष की आवाज दबा नहीं पाएगी सरकार

## जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट भी जाएंगे

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** लोकसभा से निलंबित कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को कहा कि अगर लोकसभा से सस्पेंशन वापस नहीं हुआ तो जरूरत पड़ने पर वे सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान अधीर रंजन को गलत आचरण के चलते लोकसभा से निलंबित कर दिया गया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधीर रंजन चौधरी ने कहा, यह एक नई घटना है जिसे हमने संसद में अपने करियर में पहले कभी अनुभव नहीं किया है। यह विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सत्ताधारी दल की तरफ से जानबूझकर किया गया है। यह संसदीय लोकतंत्र की भावना को कमजोर कर देगा। श्री चौधरी ने कहा कि संसद के अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कभी इस तरह की मनमानी नहीं देखी है। उन्होंने कहा कि संसद में परंपरा शब्दों को हटाने की है लेकिन उन्हीं शब्दों को रिकॉर्ड से हटाया जाता है जो



असंसदीय हों लेकिन ऐसा लगता है कि संसद से सरकार की इशारे पर जानबूझकर के विपक्ष को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के नेताओं की भाषणों के अंश से सही शब्दों को भी अनुचित बताकर रिकॉर्ड से हटाया जा रहा है और विपक्ष के सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष को सदस्यों को निलंबित करने और शब्दों को हटाने का अधिकार है लेकिन जानबूझकर के या किसी को निशाना बनाकर इस तरह की कदम उठाना संसदीय परंपरा के अनुकूल नहीं है।

**मोदी मणिपुर पर हमारी बात लगातार टालते रहे-** अधीर रंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चांद से लेकर चीता तक पर बात करते हैं, लेकिन मणिपुर के मुद्दे विपक्ष की मांग के बावजूद बयान नहीं दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लगा था कि वे मणिपुर पर भी बोलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विपक्ष सदन में ये गुहार लगाता रहा कि मणिपुर में हालात गंभीर होते जा रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी सदन में आकर अपनी बात रखें। अधीर ने कहा कि मोदी मणिपुर मुद्दे पर हमारी बात लगातार टालते रहे और फिर हम आखिरी विकल्प के रूप में अविश्वास प्रस्ताव लाए। जिस कारण प्रधानमंत्री ने सदन में आकर बात रखी।

**इंडिया के सांसदों ने किया था विरोध-** अधीर के निलंबन के खिलाफ प्रस्ताव को लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। अधीर रंजन के सस्पेंड होने के बाद शुक्रवार को लोकसभा में मानसून सत्र के आखिरी दिन विपक्षी इंडिया के सांसदों ने हंगामा मचाया और सदन से वॉकआउट किया। निलंबन के विरोध में सांसदों ने संसद के अंदर डॉ आम्बेडकर की मूर्ति तक विरोध मार्च किया।

### रूस का लूना-25 लॉन्च

## चंद्रमा पर पानी ढूंढने वाला यह मिशन

**मास्को।** भारत के बाद रूस ने भी चांद पर अपना अंतरिक्ष यान भेज दिया है। रूस ने 47 साल बाद शुक्रवार को चांद पर अपना पहला अंतरिक्ष यान भेजा। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रासकास्माज के मुताबिक, लूना-25 मून लैंडर 21 या 22 अगस्त को चांद की कक्षा में प्रवेश कर सकता है। इस चंद्रयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रूसी अंतरिक्ष एजेंसी को बधाई दी है। एजेंसी ने यह भी उम्मीद जताई कि चंद्रयान-3 और लूना-25 दोनों मिशन अपने लक्ष्य हासिल करेंगे। इसे लूना-ग्लोब मिशन का नाम दिया गया है। किट की लंबाई करीब 46.3 मीटर है और इसका व्यास 10.3 मीटर है। इसके बाद 313 टन वजनी रॉकेट 7-10 दिनों तक चांद का चक्कर लगाएगा। यह चंद्रमा पर पानी ढूंढने का मिशन है।

# सबसे ज्यादा घरेलू हिंसा की कॉल आई

## महिला आयोग की हेल्पलाइन पर आई छह लाख से ज्यादा कॉल

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने शनिवार को कहा कि जुलाई 2022 से जून 2023 तक उसके हेल्पलाइन नंबर 181 पर 6.3 लाख से अधिक कॉल आईं, जिनके आधार पर 92,004 मामले दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त, आयोग को अन्य राज्यों से भी 11,000 से अधिक मामले प्राप्त हुए। डीसीडब्ल्यू द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दर्ज मामलों में, घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा 38,342 मामले हैं। इसके बाद पड़ोसियों के साथ झगड़ों के 9,516 मामले, बलात्कार और यौन उत्पीड़न के 5,895 मामले, पोक?सो के 3,647 मामले, अपहरण के 4,229 और साइबर अपराध के 3,558 मामले हैं। आयोग को गुमशुदगी की 1,552 शिकायतें मिलीं।

दहेज उत्पीड़न के 2,278 मामले, चिकित्सकीय लापरवाही के 790, यौन तस्करी से संबंधित 156, अन्य तस्करी के 40 और बाल विवाह के 69 मामले दर्ज किए गए। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के 67 मामले, बाल श्रम के 66, अवैध शराब और नशीली दवाओं से संबंधित 63 और ऑनर किलिंग के 54 मामले मिले। आंकड़ों के अनुसार, सेवा से संबंधित 1,319 मामले, संपत्ति विवाद के 421 मामले, पुलिस उत्पीड़न के 354 मामले, आश्रय गृहों के लिए अनुरोध के 348 मामले, महिलाओं पर खतरनाक हमले के 298 मामले और चोरी के 235 मामले भी शामिल थे। इसके अतिरिक्त, आयोग को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 58 शिकायतें और पुरुषों से 137 शिकायतें मिलीं।

**नरेला इलाके से सबसे ज्यादा मामले-** क्षेत्रवार नरेला इलाके से सबसे ज्यादा 2,976 मामले आये। भलस्वा डेयरी से 1,651, बुराड़ी से 1,523, कल्याणपुरी से 1,371 और जहांगीरपुरी इलाके से 1,221 मामले आए। बलात्कार और यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों में शीर्ष पांच क्षेत्र बुराड़ी (175), नरेला (167), गोविंदपुरी (105), उत्तम नगर (89) और सुल्तानपुरी में (86) शामिल हैं। हेल्पलाइन पर दर्ज किए गए पोक्सो मामलों के संबंध में, शीर्ष पांच क्षेत्र नरेला में 141 मामले, भलस्वा डेयरी 91, समयपुर बादली 71, प्रेम नगर 68 और निहाल विहार 66 थे। नरेला में अपहरण के सबसे ज्यादा 209 मामले थे। इसके बाद भलस्वा डेयरी में 106, बुराड़ी में 75, बवाना में 71 और संगम विहार में 63 मामले थे। कल्याणपुरी में घरेलू हिंसा के सबसे अधिक 769 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद बुराड़ी में 709 मामले, रणहौला में 685 मामले, भलस्वा डेयरी में 673 मामले और नरेला में 590 मामले दर्ज किए गए।

# राष्ट्रपति से मिली मंजूरी, दिल्ली सर्विस बिल बन गया कानून, अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सेवा विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। अब यह देश की राजधानी में कानून बन गया है। केंद्र सरकार के नोटिफिकेशन में दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 को लागू करने की जानकारी दी गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने 1 अगस्त को संसद में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 पेश किया था। यह कानून दिल्ली में सेवाओं पर कंट्रोल पर अध्यादेश की जगह लेगा।

नोटिफिकेशन में सरकार ने कहा कि इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 कहा जाएगा। यह कानून 19 मई 2023 से लागू माना जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 (इसके बाद मूल अधिनियम के रूप में संदर्भित किया गया) की धारा 2 में खंड (श्व) के प्रावधान शामिल किए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 239 के तहत नियुक्त प्रशासक और राष्ट्रपति द्वार उपराज्यपाल के रूप में नॉमिनेट किया गया है।

## सेवा मंत्रालय पर नियंत्रण केंद्र का रहेगा

राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारियों के निलंबन और पूछताछ जैसे कार्रवाई भारत सरकार के कंट्रोल में होगी। बता दें इसे 1 अगस्त को संसद में पेश किया गया था। अधिकांश विपक्षी दल इस विधेयक के खिलाफ थे।

## विपक्षी एकता राज्यसभा में हुई फेल

दिल्ली सेवा विधेयक पर चर्चा के बाद एक अगस्त को राज्यसभा में वोटिंग हुई थी। 131 वोट के साथ बिल राज्यसभा में पास हो गया। बिल के विरोध में 102 वोट पड़े थे। इससे पहले लोकसभा में विपक्षी पार्टियों के बायकॉट के बाद यह बिल पारित हो गया था।

## इस कानून में क्या है?

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुहर लगने के बाद यह कानून बन गया है। मई में अध्यादेश लाया गया था। हालांकि, इस विधेयक से धारा 3ए को हटा दिया गया। ये धारा कहती थी कि सर्विसेस पर दिल्ली विधानसभा का कोई कंट्रोल नहीं है। ये धारा उपराज्यपाल को अधिकार देती थी। बिल में एक प्रावधान नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी के गठन से जुड़ा है। ये अधिकारियों की ट्रांसफर, पोस्टिंग और नियंत्रण से जुड़े फैसले लेगी। इस अथॉरिटी के चेयरमैन मुख्यमंत्री होंगे।


**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग दमोह**
E-Mail ID - eedmohb@mp.gov.in
Phone No.- 07812-223809

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मंडल कालोनी विवेकानंद नगर दमोह स्थित भवन क्रमांक ई. डब्लयु.एस. 239 श्रीमती सुमनदेवी अग्रवाल पति श्री स्व. दयाशंकर अग्रवाल को आवंटित है। श्रीमती सुमनदेवी अग्रवाल पति श्री स्व. दयाशंकर अग्रवाल स्वर्गवास दिनांक 02.12.2014 को हो गया है। टीआई जिस कारण उनके पुत्र श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल पिता श्री स्व. दयाशंकर अग्रवाल ने अपने नाम से नामातंरण हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें उनके भाई श्री नितिन अग्रवाल पिता श्री स्व. दयाशंकर अग्रवाल ने अपनी लिखित सहमति शपथ पत्र के माध्यम से दे दी है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था या हित रखने वाले वैध उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेंगी। जिस पर किसी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(एम.के. खरे)
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग, दमोह

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग दमोह**
E-Mail ID - eedmohb@mp.gov.in
Phone No.- 07812-223809

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मंडल कालोनी अटल आश्रय योजना राजनगर दमयंतीपुरम दमोह स्थित भवन क्रमांक ई. डब्लयु.एस. जे-296 श्रीमती ज्ञानवती गांगरा पति श्री कोमलचंद गांगरा को आवंटित है। श्रीमती ज्ञानवती गांगरा पति श्री कोमलचंद गांगरा स्वर्गवास दिनांक 18.02.2022 को हो गया है। उक्त संपत्ति हेतु नॉमिनी अपने पति श्री कोमल चंद गांगरा पिता श्री रामदयाल गांगरा को किया था। जिस हेतु उनकी पति श्री कोमल चंद गांगरा पिता श्री रामदयाल गांगरा ने अपने नाम से नामांतरण नॉमिनी के आधार पर कराने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था या हित रखने वाले वैध उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेंगी। जिस पर किसी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(एम.के. खरे)
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग, दमोह

**कोर्ट विद्यमान आयुक्त, कामगार नुकसान भरपाई कायदा, तथा मा. न्यायाधिश, प्रथम कामगार न्यायालय, नागपूर.**

केस नंबर : Misc. (W.C.A.) No. : (A) - ८३/२०२३
पेशी तारीख २५/०८/२०२३
अर्जदार : निरा निलेश निलेशकुमार कोल व ३
-विरूध्द-
जाब देणार : न्यू इंडिया इन्शूरन्स कंपनी लिमी.

**जाहीर सूचना**

आम जनतेस कळविण्यात येते की, मृतक **निलेश निलेशकुमार कोल** यांचे मृत्यु प्रकरणी नुकसान भरपाई म्हणून गैरअर्जदार यांनी न्यायालयीन आदेशानुसार एकुण रक्कम रू. १९,९१,८६१/- कोर्टात जमा केलेले आहेत. त्यांचे वारस म्हणून **१. निरा निलेश निलेशकुमार कोल (पत्नी), २. नानसी निलेश निलेशकुमार कोल (मुलगी), ३. रामकूमार द्वारीका कोल (वडील), ४. मुन्नी द्वारीका कोल (आई), राहणार- पो. बधावू तालूका चूरहट पोलिस स्टेशन कार्माजी जिल्हा सिधी एम.पी.** यांनी उपरोक्त रक्कम मिळण्या करीता दावा दाखल केला आहे. त्याशिवाय कुणी वारस (अवलंबीत) असल्यास जाहीराती पासून ३० (तीस) दिवसात म्हणजे दि. २५/०८/२०२३ रोजी लेखी पुराव्यासह न्यायालयात हजर करावा. अन्यथा रकमेचे भुगतान उपस्थित वरील अवलंबितदारांला करण्यांत येईल याची नोंद घ्यावी.

शिक्का
आदेशान्वये,
स्वाक्षरी/- प्र. सचिव,
कामगार न्यायालय, नागपूर.

Prasanna Publicity 09326927622

**नाम परिवर्तन -सूचना**

मैं बबीता उम्र 50 वर्ष, पति श्री नरेन्द्र सिंह वर्तमान पता 1MTR1STC जबलपुर का शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि:

यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं मेरा आधार नं. 3584 7750 8186 है।

यह कि मैं बबीता मेरे पति नरेन्द्र सिंह आर्मी नं. JC382466 पद-सूबेदार मेजर & होनरी लेफ्टिनेंट के पद पर 1MTR1STC जबलपुर में कार्यरत है।

यह कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि जो दर्ज है 01.07.1972 जो कि वह गलत है।

यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरी जन्मतिथि जो दर्ज है 21.12.1973 जो कि यह वास्तविक जन्मतिथि है। जो कि सत्य व सही है।

यह कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरी वास्तविक जन्मतिथि 21.12.1973 दर्ज या सुधार की जाये। जिस वास्ते उपरोक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

जबलपुर
दिनांक 17.07.2023

शपथकर्ती
र.नं. 945 बबीता

**नाम परिवर्तन -सूचना**

मैं अंकुश सिंह उम्र 30 वर्ष, पिता श्री नरेन्द्र सिंह वर्तमान पता 1MTR1STC जबलपुर का शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:

यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं मेरा आधार नं. 7404 3027 8307 है।

यह कि मैं अंकुश सिंह मेरे पिता नरेन्द्र सिंह आर्मी नं. JC382466 पद - सूबेदार मेजर & होनरी लेफ्टिनेंट के पद पर 1MTR1STC जबलपुर में कार्यरत है। यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम अंकुश कुमार दर्ज है जो कि वह गलत है।

यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा वास्तविक नाम अंकुश सिंह दर्ज है। जो कि सत्य व सही है।

यह कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा में मेरा वास्तविक नाम ANKUSH SINGH दर्ज या सुधार किया जाये । जिस वास्ते उपरोक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

जबलपुर
दिनांक 17.07.2023

शपथकर्ता
र.नं. 946 अंकुश सिंह

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री महेश कुमार चक्रवर्ती पिता श्री राम विशाल चक्रवर्ती, उम्र 37 वर्ष स्थायी निवासी-लखराम मोहल्ला, खितौला, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर वर्तमान निवासी - सेठी नगर, पानी की टंकी के पास, थाना गोरखपुर जिला जबलपुर म.प्र. से प्राप्त निर्देशानुसार एवं पक्षकार की ओर से यह आम सूचना सर्वसाधारण एवं आमोखास हेतु प्रकाशित कर रही हूँ कि मेरे पक्षकार ने कानूनी अज्ञानतावश 19/11/2015 को समक्ष नोटरी जबलपुर के द्वारा आपसी सहमति से श्रीमती कांति चक्रवर्ती, पिता स्व. कर्री चक्रवर्ती उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी-त्रिपुरी चौक, नया शहर गढ़ा थाने के पास जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र.-482001 से विवाह किया था विवाह के तीन माह बाद से वह महेश चक्रवर्ती से लगभग 8 साल से अलग रह रही है। मेरे पक्षकार ने उसे घर वापस लाने के लिए कुटुम्ब न्यायालय, जबलपुर की शरण भी ली। चूंकि समक्ष नोटरी के माध्यम से किया गया कोई भी विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत मान्य नहीं होता इसलिए न्यायालय द्वारा प्रकरण को स्वीकार नहीं किया गया। न्यायालय में दर्ज किये गये प्रकरण क्रमांक 852/23 के आधार पर यह विवाह मान्य नहीं है। इसी को आधार मानते हुये मेरा पक्षकार आज प्रकाशित आम सूचना की दिनांक से श्रीमती कांति चक्रवर्ती से किसी भी प्रकार के रिश्ते को मानने और निभाने के लिए बाध्य नहीं है। आज प्रकाशित आम सूचना से मेरा पक्षकार पूर्ण रूप से स्वतंत्र है।

बीना कुमारी , एडवोकेट
म.प्र. हाईकोर्ट,
कार्यालय - प्लाट नं. 741-2ए, शक्ति नगर, बदनपुर, जबलपुर (म.प्र.)
मो.नं.- 9424900917
र.नं. 947

**इंडियन बैंक Indian Bank**
**इलाहाबाद ALLAHABAD**
**अंचल कार्यालय: जय स्तंभ चौक, सतना**
**फोन नं.: 07672 - 414418, 414406**

**विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **''जहाँ है जैसी है एवं बिना कोई आधार के''** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्म: (1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोहावल | **ऋणी/ बंधककर्ता- 1. श्री मिथलेश द्विवेदी पिता श्री चिन्तामणि द्विवेदी,** गली नं. 01, गोपाल शीट भण्डार, शक्ति विहार कॉलोनी, सतना (म.प्र.)- 485001 **सह- ऋणी- 2. श्रीमति रश्मि द्विवेदी पत्नि श्री मिथलेश द्विवेदी,** गली नं. 01, गोपाल शीट भण्डार, शक्ति विहार कॉलोनी, सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- श्री मिथलेश द्विवेदी, स्थित अराजी नं. 48/2/15 एरिया 2135 वर्गफुट (उत्तर से दक्षिण- 61 फुट एवं पूर्व से पश्चिम- 35 फुट) स्थित ग्राम- खुंती, वार्ड नं. 28, पटवारी हल्का 50, आर.आई. सर्किल- सतना-1, ब्लॉक- सोहावल, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (रजिस्ट्र्ड सेल डीड नं. 4311 दिनांक 06.02.2012), चतुर्सीमाः उत्तर- विक्रेती की बची हुई अराजी, दक्षिण- 25 फुट प्रस्तावित रास्ता नाला सहित, पूर्व- सुशीला दुबे की अराजी, पश्चिम- 15 फुट रास्ता। Property ID No. IDIB50189764071 | 17-11-2022<br>01-02-2023<br>Rs. 16,11,325/-<br>+ ब्याज 17.11.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 40,61,000/-<br>Rs. 4,06,100/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 1 | सोहावल | **ऋणी- 1. मेसर्स श्री नारायण कंस्ट्रक्शन कम्पनी (प्रतिनिधित्व पार्टनर)- अ) श्री संजय सिंह एवं ब)श्री चन्द्र प्रताप सिंह,** संजय निवास, महाराणा प्रताप नगर, सेक्टर- 02, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)- 485001 **2. श्री चन्द्र प्रताप सिंह (पार्टनर मेसर्स श्री नारायण कंस्ट्रक्शन कम्पनी) पिता श्री सत्य नारायण सिंह,** संजय निवास, महाराणा प्रताप नगर, सेक्टर- 02, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)- 485001 **3. श्री संजय प्रताप सिंह (पार्टनर मेसर्स श्री नारायण कंस्ट्रक्शन कम्पनी) पिता श्री सत्य नारायण सिंह,** संजय निवास, महाराणा प्रताप नगर, सेक्टर- 02, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)- 485001 **4. जागीर स्व. श्रीमति चन्द्रावती सिंह पत्नि स्व. श्री सत्य नारायण सिंह, प्रतिनिधित्व विधिक उत्तराधिकारी- अ- श्री संजय सिंह (ज्ञात), ब- श्री चन्द्र प्रताप सिंह (ज्ञात), स- श्री पुष्पेन्द्र सिंह (ज्ञात), द- श्री दीपेन्द्र सिंह (ज्ञात),** सभी का पता- **पिता श्री सत्य नारायण सिंह,** संजय निवास, महाराणा प्रताप नगर, सेक्टर- 02, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- स्व. श्रीमति चन्द्रावती सिंह पत्नि स्व. श्री सत्य नरायाण सिंह, स्थित अराजी नं. 36/2/6, एरिया 1760 वर्गफुट, स्थित मौजा- भामनगांव, वार्ड नं. 06 (पुराना- 05), प.ह.नं- 98, आर.आई.सी. सतना, विकास खण्ड- सोहावल, तहसील- रघुराज नगर, जिला सतना (म.प्र.)- 485001, (रजिस्ट्र्ड सेल डीड नं. 2782 दिनांक 11.03.1999), चतुर्सीमा- उत्तर- विक्रेता द्वारा छोड़ी गई 20 फुट चौड़ी रोड, दक्षिण- सोनी एवं श्रीमति सरोज कुमारी का प्लाट, पूर्व- विक्रेता की बची हुई अराजी, पश्चिम- विक्रेता की बची हुई अराजी। Property ID No. IDIB50237598203 | 15-12-2022<br>12-05-2023<br>Rs. 50,41,669/-<br>+ ब्याज 15.12.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 66,98,000/-<br>Rs. 6,69,800/-<br>Rs. 50,000/-<br>दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 3 | मोरवा | **ऋणी- 1. मेसर्स बून इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन (प्रोप्रा. श्री प्रदीप कुमार गुप्ता),** भगत सिंह कालोनी, सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **प्राप्राईटर एवं बंधककर्ता- 2. श्री प्रदीप कुमार गुप्ता पिता श्री घनश्याम गुप्ता,** वार्ड नं. 09, मकान नं. 945, भगत सिंह कालोनी रोड, पम्प हाउस के पास, रामा पुरोहित गली, सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **जमानतदार- 3. श्री राजेन्द्र कुमार चंद पिता श्री शादी लाल चंद,** वार्ड नं. 9, भगत सिंह कालोनी, सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **जमानतदार- 4. श्री राजू सिंह पिता श्री चन्द्र बाले सिंह,** 1/7 वार्ड 14, न्यू ब्लाक कालरी गेट, बिरसिंहपुर पाली, उमरिया- 484551 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग, भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- श्री प्रदीप कुमार गुप्ता पिता श्री घनश्याम गुप्ता, स्थित खसरा नं. 370/2/94, एरिया 0.0400 हेक्टेयर या 405.2 वर्गमीटर स्थित ग्राम- मेधुली, आर.आई. सी.- पंजराह, तहसील- सिंगरौली नगर, जिला- सिंगरौली (म.प्र.) (रजिस्ट्र्ड सेल डीड नं. 7042, ग्रंथ 3050, पेज नं. 48 से 52 दिनांक 02.03.2012), चतुर्सीमा- उत्तर- लिंक रोड, दक्षिण- शमशुद्दीन की भूमि, पूर्व- दाधीलाल की भूमि एवं मकान, पश्चिम- बैंकुण्ठ सिंह की भूमि एवं मकान। Property ID No. IDIB50202671944 | 19-11-2022<br>10-05-2023<br>Rs. 39,94,499/-<br>+ ब्याज 19.11.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 67,00,000/-<br>Rs. 6,70,000/-<br>Rs. 50,000/-<br>दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 4 | मोरवा | **ऋणी: 1. मेसर्स सोनी फोटो स्टूडियो (प्रोप्राईटर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह सोनी),** बस स्टैण्ड के पास, शिव मंदिर के पीछे, सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **2. श्री ज्ञानेन्द्र सिंह सोनी पिता श्री गनेश प्रसाद सोनी,** अयप्पा मंदिर के पास, भगत सिंह कॉलोनी, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **3. श्री अजीत कुमार जायसवाल पिता श्री विजय प्रसाद जायसवाल,** नगर निगम कॉलोनी, मधुवन होटल के पीछे, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 **4. श्री मनोज कुमार राय पिता श्री विद्याधर राय,** अम्बेडकर नगर, हनुमान मंदिर के पीछे, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग सम्पत्ति स्वामी- श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सोनी, स्थित खसरा नं. 370/2/114, एरिया- 0.04 हेक्टे. स्थित ग्राम- मेधुली, प.ह.नं. 59, तहसील एवं जिला सिंगरौली (म.प्र.)- 486886 **चतुर्सीमा-** उत्तर- बब्लू मिश्रा की भूमि, दक्षिण- कलावती बारी एवं अन्य की भूमि, पूर्व- रॉकी एवं अन्य की भूमि, पश्चिम- रोड। Property ID No. IDIB50191485493 | 02-06-2021<br>16-11-2022<br>Rs. 29,10,658/-<br>+ ब्याज 02.06.2021 से एवं अन्य खर्च | Rs. 45,75,000/-<br>Rs. 4,57,500/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 5 | एसएसआई फायनेंस | **ऋणी: 1. मेसर्स काली ट्रेडर्स (प्रोप. श्री पंकज लालवानी),** डेलौरा बाय पास रोड, सोनवर्षा मोड़, सतना- 485001 **प्रोप्राईटर- 2. श्री पवन लालवानी पिता श्री रमेश लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 3. श्रीमति जया लालवानी पत्नि श्री पवन लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 4. श्रीमति प्रिया लालवानी पत्नि श्री इन्दर लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 5. श्रीमति संगीता लालवानी पत्नि श्री रमेश लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय भूमि म्युनिसिपल मकान, सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति जया लालवानी पत्नि पवन लालवानी एवं श्रीमति प्रिया लालवानी पत्नि इन्दर लालवानी, अराजी खसरा नं. 100/1/2/1/1/1/3/7/1, एरिया- 2041 वर्गफुट, मौजा- डेलौरा, वार्ड नं. 37/45, टिकुरिया टोला, शिवपुरम कॉलोनी, रामपीर मंदिर के बाजू में, प.ह.नं. 78/97, रा.नि.मं.- सतना, विकास खण्ड- सोहावल, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (सेल डीड नं. 611 दिनांक 03.07.2023)। **चतुर्सीमा-** उत्तर- हरिजन बस्ती, दक्षिण- भगवानदास एवं अन्य, पूर्व- 30 फुट रोड, पश्चिम- सीताराम का एरिया Property ID No. IDIB50172982179 | 28-04-2023<br>14-07-2023<br>Rs. 2,29,93,966/-<br>+ ब्याज 28.04.2023 से एवं अन्य खर्च | Rs. 44,00,000/-<br>Rs. 4,40,000/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| | | | सम्पत्ति के सभी भू-भाग कमर्शियल भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति संगीता लालवानी पत्नि रमेश लालवानी स्थित अराजी खसरा नं. 252/1/3/2, एरिया- 1440 वर्गफुट, मौजा- डेलौरा, वार्ड नं. 37/45, बायपास रोड, सोनवर्षा मोड़, बायपास नाका, प.ह.नं. 78/97, रा.नि.मं. सतना, विकास खण्ड- सोहावल, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (सेल डीड नं. 404 दिनांक 18.07.2012) । **चतुर्सीमा-** उत्तर- विक्रेता का एरिया, दक्षिण- रामगोपाल एवं अन्य का एरिया, पूर्व- बलीराम शंकर एवं अन्य का एरिया, पश्चिम- सोनवर्षा रोड Property ID No. IDIB501729821791 | | Rs. 41,00,000/-<br>Rs. 4,10,000/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 25-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- 25/09/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक,**
**ई- नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांक: 13/08/2023, स्थान- सतना

प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# देश-प्रदेश

उवाच

**भारत-पाक के बीच ईमानदारी से बातचीत हो**

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद डॉ.फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को सभी मुद्दों पर समाधान के लिए बातचीत शुरू करने में ईमानदारी का परिचय देना होगा। डॉ.अब्दुल्ला ने यहां यहां संवाददाताओं से भारत और पाकिस्तान के लिए सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों देश ईमानदारी नहीं दिखाते, तब तक जम्मू-कश्मीर में सीमा पर्यटन सब दिखावा है। आप देख रहे हैं कि वहां आतंकवाद है। गोलियां चलायी जा रही हैं तथा सैनिक और आम लोग अभी भी मारे जा रहे हैं।



# संत रविदास के सम्मान में संस्थाओं का किया जा रहा नामकरण



**सागर/भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री ने कहा कि बनारस में जहां संत रविदास की जन्म स्थली के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया है, वहीं मध्यप्रदेश में भी इस दिशा में अच्छा कार्य हो रहा है।

भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क गोविंदपुरा का नामकरण संत रविदास जी के नाम पर किया गया है। सागर में संत रविदास जी के जीवन और शिक्षा को प्रदर्शित करने वाले संग्रहालय का निर्माण भी इस श्रंखला में महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में रानी कमलापति के नाम पर रेलवे स्टेशन और टंट्या मामा के नाम पर पातालपानी रेल्वे स्टेशन का नामकरण किया गया। इसी तरह बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पंच तीर्थों का विकास हो रहा है। संत रविदास सहित बलिदानियों और महात्माओं की शिक्षाएं इन स्थानों के माध्यम से समाज को एकजुट रखेंगी। सरकार ने ऐसे महापुरूषों के सम्मान का पूरा ध्यान रखा है।

**सागर के लाखा बंजारे का विशेष उल्लेख-** प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सागर की विशाल झील के निर्माता लाखा बंजारे के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस शहर की पहचान लाखा बंजारे द्वारा 400 एकड़ इलाके में निर्मित लाखा बंजारा झील से है। लाखा बंजारे ने पानी की अहमियत को समझा और झील का निर्माण करवाया। सरकार ने लाखा बंजारे की परम्परा को निभाते हुए आजादी के अमृत काल में हर जिले में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण करवाकर उन्हें सामाजिक समरसता का केंद्र बनाया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से घरों तक पाइप लाइन से पानी पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज सागर शहर समरसता का सागर बन गया है।

## दलित भाई-बहन पर हमला मामले में 7 गिरफ्तार

**चेन्नई।** पुलिस ने दलित छात्र और उसकी बहन पर हमला करने के आरोप में सात छात्रों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के नंगुनेरी में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। दोनों दलित बच्चों की मां ने पुलिस से सुरक्षा मांगी है क्योंकि उन्हें मध्यवर्ती जाति के सदस्यों से बड़े हमले का डर है। पुलिस हाई अलर्ट पर है व जिले में पुलिस की संख्या बढ़ा दी गई है। 2021 में मदुरै व तिरुनेलवेली जिलों सहित दक्षिण तमिलनाडु में, दलितों और मध्यवर्ती जाति के सदस्यों की हत्या कर दी गई। हत्याएं दो समूहों के बीच पुरानी हत्याओं व दुश्मनी के कारण की गई थी।

## गोदाम में भीषण आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर-पूर्वी हिस्से में उल्टाडांगा में शनिवार तड़के भीषण आग लगने से एक गोदाम जलकर खाक हो गया। धनकोल इलाके में स्थित गोदाम में शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजे भीषण आग लग गई, जिसमें सभी कागजात व एक तिपहिया ऑटो सहित दो वाहन जलकर खाक हो गए।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. JC-452551N, RANK- SUB, NAME - SHRAWAN SINGH, UNIT- 25 GRENADIERS निवासी VILLAGE- VIROLI, POST NAYA SANWARA, TEH- PINDWARA DISTT- SIROHI, STATE- (RAJ) PIN- 307022 शपथपुर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम AZAD SINGH DEWDA दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम AZAD SINGH DEWRA है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पुत्र के इस नाम AZAD SINGH DEWRA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13771826K, Rank NK Name-SHAMUNDER SINGH of Presently residing at Vill- SAMASPUR, PO-SAMASPUR, TEH-CHARKHI DADRI, DISTT- BHIWANI (HR) PIN- 127306 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम RAJO दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम RAJO DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, मेरी माताजी के इस नाम RAJO DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 755589 दिनांक 12/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- RAJO
सही नाम- RAJO DEVI

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I Army JC-582760P Rank-SUB Name- MADAN LAL of presently residing at Vill- SAWALA , PO-NAGIN PATT , TEH- DHARAMSHALA, DISTT- KANGRA (HP) PIN- 176209 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम DHARSHANA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम DARSHANA DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड व एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पिता के इस नाम DARSHANA DEVI को पढ़ा व सुना जाए एवं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावे और मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता की जन्मतिथि 26/08/1957 है जो कि मेरी माता की सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 01/011951 है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी माता की इस जन्मतिथि 01/01/1951 को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 32AA 755591 दिनांक 08/07/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम-DHARSHANA DEVI
गलत जन्मतिथि-26/08/1957
सही नाम-DARSHANA DEVI
सही जन्मतिथि-01/01/1951

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13761801K, Rank HAV Name-VINOD KUMAR Presently residing at Vill- BEGHANA PO- KISHTWAR Teh-KISHTWA, Distt- KISHTWAR (J&K) PIN- 182204 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम JAGDISH RAJ दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पिताजी का सही एवं वास्तविक नाम JAGDISH RAJ PARIHAR है जो कि मेरे पिताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, मेरे पिताजी के इस नाम JAGDISH RAJ PARIHAR को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 755587 दिनांक 12/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- JAGDISH RAJ
सही नाम- JAGDISH RAJ PARIHAR

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 1376180IK, Rank HAV Name-VINOD KUMAR Presently residing at Vill- BEGHANA, PO- KISHTWAR, Teh-KISHTWAR, Distt- KISHTWAR (J&K) PIN- 182204 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम VIDHYA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम VIDYA DEVI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, मेरी माताजी के इस नाम VIDYA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 755588 दिनांक 12/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- VIDHYA DEVI
सही नाम- VIDYA DEVI

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13764463H, Rank HAV Name-CHAMAN LAL of Presently residing at Vill- BALH CHALOG PO- MAROTAN, TEH-JHANDUTTA, DISTT-BILASPUR (HP) PIN- 174017 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम VIMLA DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम BIMLA DEVI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, मेरी माताजी के इस नाम BIMLA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 755595 दिनांक 12/08/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- VIMLA DEVI
सही नाम- BIMLA DEVI


रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 REGD. No. D. L.- 33004/99

सत्यमेव जयते

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ-28072023-247672
CG-DL-E-28072023-247672

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II-- खण्ड 3- उप खण्ड (ii)
PART II-- Section 3- Sub-Section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3203] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 26, 2023/ श्रावण 4, 1945
No. 3203] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 26, 2023/SHRAVANA 4,1945

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

## अधिसूचना

### नई दिल्ली, 26 जुलाई, 2023

**का.आ. 3348 (अ).-** केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 क की उप धारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1640 (ई) तारीख 05.04.2023 जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के डिंडौरी जिले में NH-45 के कि.मी. 155 +800 से 164+500 कि.मी. तक (शाहपुरा से डिंडौरी सेक्शन मार्ग) (डिंडोरी-बाईपास) अतिरिक्त के भूखण्ड के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी:

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3 क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "फ्री प्रेस" 15 अप्रैल 2023 दिन शनिवार और "देशबंधू" 16 अप्रैल 2023 दिन रविवार दोनों में प्रकाशित किया गया था।

और सक्षम प्राधिकारी को किसी व्यक्ति से कोई आक्षेप प्राप्त नहीं हुए हैं

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3 घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है,

अत: अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए:

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रुप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनूसुची**

मध्य प्रदेश राज्य के डिंडोरी जिले में NH-45 के कि.मी. 155+800 से 164+500 कि.मी. तक (शाहपुरा से डिंडोरी सेक्शन मार्ग) (डिंडोरी-बाईपास) अतिरिक्त के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

| राज्य का नाम : मध्यप्रदेश | | | जिले का नाम : डिंडोरी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूस्वामी/हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| | तालुक का नाम : डिंडोरी | | | | |
| | गांव का नाम : डिंडोरी | | | | |
| 1. | 15/1/1/1 | निजी | असिंचित | 0.13 | मोलसिंह पिता हिरैया पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 15/1/1/1 |
| 2. | 15/2/1/3 | निजी | असिंचित | 0.18 | नारायण सिंह पिता महेश सिंह जाति राठौर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 15/2/1/3 |
| 3. | 17 | निजी | असिंचित | 0.801 | चम्मर पिता समारू पता डिंडोरी, मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 17 |
| 4. | 638 | निजी | असिंचित | 0.381 | दद्दू सिंह पिता श्रीचंद जाति राठौर डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, जवाहर पिता सुखराम धनेश पिता सुखराम जाति राठौर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, तोपसिंह पिता श्रीचंद जाति राठौर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, चैनसिंह पिता नान्हू जाति राठौर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, पोखन पिता नान्हू जाति राठौर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, अहिल्या पति नान्हू जाति राठौर पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, 638/1/1/1 |
| 5. | 638 | निजी | असिंचित | 0.04 | मोहन सवनानी पिता राधामल सवनानी पता पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 638/2 |
| 6. | 638 | निजी | असिंचित | 0.405 | मध्य प्रदेश शासन 638/3 |
| 7. | 638 | निजी | असिंचित | 0.004 | मनोज साहू पिता मोहितलाल साहू जाति तेली पता वार्ड नं. 06 डिंडोरी मध्य प्रदेश भू-स्वामी 638/4 |
| 8. | 638 | निजी | असिंचित | 0.012 | रमोतिन बाई पति दीपाराम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 638/16 |
| 9. | 638 | निजी | असिंचित | 0.15 | रामस्वरूप पिता कल्याणसिंह जाति राठौड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, भगवानदास पिता कल्याणसिंह जाति राठौड़ पता डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी 638/17 |
| 10. | 638 | निजी | असिंचित | 0.007 | संतोष पिता पोखन जाति राठौड़ पता कनईसांगवा डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, शिवकुमार पिता पोखन जाति राठौड़ पता कनईसांगवा डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी 638/18 |
| 11. | 641 | निजी | असिंचित | 0.04 | मध्य प्रदेश शासन 641/6 |
| 12. | 641 | निजी | असिंचित | 0.025 | अहिल्याबाई पती कृष्णा सिंह परमार जाति राठौड़ पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 641/5 |
| 13. | 641 | निजी | असिंचित | 0.01 | राजकुमार साहू पिता मोतीलाल जाति तेली पता गाड़ासरई डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 641/7 |
| 14. | 641 | निजी | असिंचित | 0.008 | प्रांशु साहू पिता राजकुमार जाति तेली पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 641/9/1 |
| 15. | 641 | निजी | असिंचित | 0.016 | राजकुमार साहू पिता मोतीलाल जाति तेली पता गाड़ासरई डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 641/9/2 |
| 16. | 641 | निजी | असिंचित | 0.002 | राजकुमार साहू पिता मोतीलाल जाति तेली पता गाड़ासरई डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 641/10 |
| 17. | 641 | निजी | असिंचित | 0.01 | संध्या साहू पति राजकुमार साहू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 641/11 |
| | गांव का नाम: सुख्खार माल | | | | |
| 18. | 143 | निजी | असिंचित | 0.103 | समारूलाल पिता टिकवा पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 143 |
| 19. | 145 | निजी | असिंचित | 0.027 | बलबीर पिता रामचंद खनूजा जाति पंजाबी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 145 |
| 20. | 150 | निजी | असिंचित | 0.055 | सुजात कुमार जैन पिता मोहनलाल जैन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/1/1/1/2 |
| 21. | 150 | निजी | असिंचित | 0.055 | सचिन पिता मोहनलाल जाति जैन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/1/1/1/3 |
| 22. | 150 | निजी | असिंचित | 0.0566 | स्वपनिल कुमार जैन पिता मोहनलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/1/1/1/4 |
| 23. | 150 | निजी | असिंचित | 0.036 | सिंधु पिता शोभासिंह धुमकेती जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/1/2 |
| 24. | 150 | निजी | असिंचित | 0.02 | रविकुमार पिता नेमीलाल साहू पता डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी 150/2/2 |
| 25. | 150 | निजी | असिंचित | 0.015 | जीवन पिता राजकुमार जाति बर्मन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2 |
| 26. | 150 | निजी | असिंचित | 0.02 | अंकित कुमार पिता अनिल कुमार जाति पनिका पता डिंडोरी मध्य प्रदेश स्वामी 150/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2 |
| 27. | 150 | निजी | असिंचित | 0.0016 | जोत्सना पिता आर.जी. श्रीवास्तव पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/2 |
| 28. | 150 | निजी | असिंचित | 0.002 | विवेक पिता एम.एल. पंद्राम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/1/1/1/1/1/1/1/2 |
| 29. | 150 | निजी | असिंचित | 0.005 | रोहित पिता प्रहलाद चौरसिया पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/1/1/2 |
| 30. | 150 | निजी | असिंचित | 0.04 | संतोष कुमार पिता सवनूलाल बर्मन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/1/1/1/1/1/2 |
| 31. | 150 | निजी | असिंचित | 0.02 | अरविंद कुमार पिता प्रेमनारायण अग्रवाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/1/1/1/1/2 |
| 32. | 150 | निजी | असिंचित | 0.025 | सरिता पति झामसिंह तेकाम जाति गोंड पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/1/4 |
| 33. | 150 | निजी | असिंचित | 0.18 | श्याम सिंह पिता बहादुरसिंह बंजारा पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी 150/2/1/1/3 |
| 34. | 157/1 | निजी | असिंचित | 0.003 | चमरू पिता कोमल जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, मथुराबाई पति कोमल जाति कोल पता मुख्कार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, रूक्मणी पिता पंछी जाति कोल पता पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, तिप्ती पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, मुकेश पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, शनि पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, परमु पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, क्रांति पति बंशु जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी, माया पिता बंसू जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी, दंसवती पिता बंशु जाति कोल पता सुख्खार माल,डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी, दुर्गेश पिता जगबंधु जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी, इंद्राबाई पिता जगबंधु जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी, बज्जू पिता जगबंधु जाति कोल पता सुख्खार माल डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, नानबई पिता जगबंधु जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 157/1 |
| 35. | 157/1 | निजी | असिंचित | 0.078 | दुलीचंद पिता किशोरी लाल जाति परधान पता डिंडोरी प्रदेश भूमि स्वामी 157/2/1 |
| 36. | 157/2/2 | निजी | डायवर्सन | 0.018 | सपनारानी पिता अनुपकुमार मरावी जाति परधान पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 157/2/2 |
| 37. | 195 | निजी | असिंचित | 0.077 | राहुल पिता समनू जाति यादव पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/2 |
| 38. | 195 | निजी | असिंचित | 0.132 | मुकेश पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, शनि पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, तिप्पी पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, रूक्मणी पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, दुर्गेश पिता जगबंधु जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, दंसवती पिता बंसू जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, मथुराबाई पति कोमल जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, बज्जू पिता जगबंधु जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, परमु पिता पंछी जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, माया पिता बंसू जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, नानबाई पिता जगबंधु जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, इंद्राबाई पिता जगबंधु जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, क्रांति पति बंसू जाति कोल पता सुख्खार माल, डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, चमरू पिता कोमल जाति कोल पता सुख्खार माल, डिडोंरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/5 |
| 39. | 195 | निजी | असिंचित | 0.05 | सुजात कुमार जैन पिता मोहनलाल जैन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/9/1/2/2 |
| 40. | 195 | निजी | असिंचित | 0.05 | सचिन कुमार पिता मोहनलाल जाति जैन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/9/1/3/2 |
| 41. | 195 | निजी | असिंचित | 0.005 | स्वप्निल कुमार जैन पिता मोहनलाल पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/9/1/4/2 |
| 42. | 195 | निजी | असिंचित | 0.0156 | आराधना पिता राधेश्याम पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/9/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2 |
| 43. | 195 | निजी | असिंचित | 0.002 | लूनेश कुमार पिता ठाकुर साहू पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/9/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2 |
| 44. | 195 | निजी | असिंचित | 0.08 | लक्ष्मी अग्रवाल पिता प्रभात पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/15 |
| 45. | 195 | निजी | असिंचित | 0.448 | अंजना, झनकलाल, छोटी, कमलाबाई पिता बजारी पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 195/12 |
| 46. | 195 | निजी | असिंचित | 0.02 | सिराबाई पिता मानसिंह पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी कलाबाई पिता मानसिंह पता डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी 195/10 |
| 47. | 195 | निजी | असिंचित | 1.4634 | मध्य प्रदेश शासन 195/1/1/1/1/1/1/1 |
| 48. | 97/1/1 | निजी | असिंचित | 0.112 | प्रावीण कुमार पिता पन्नालाल जाति जैन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, प्रदीप कुमार पिता पन्ना लाल जाति जैन पता डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी 97/1/1 |
| 49. | 97/1/2 | निजी | असिंचित | 0.113 | प्रावीण कुमार पिता पन्नालाल जाति जैन पता डिंडोरी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी, प्रदीप कुमार पिता पन्ना लाल जाति जैन पता डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी 97/1/2 |
| 50. | 97/1/1 | निजी | असिंचित | 0.019 | सुरेश उर्फ अशोक पिता रतनचंद पता डिंडोरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी 97/2/1 |
| | | | कुल योग | 5.3 | |

(फा.सं. CE-RO BPL/30010/48/2018-19/3D)
अभय जैन, उप सचिव

G-18234/23

# साहित्य

कहानी

# सिब्बू पगलैट

■ डॉ. नवनीत धगट

सिब्बू पगलैट कई दिनों तक बुंदेलखण्ड के इस कस्बानुमा शहर में, बस स्टैंड के आस-पास की व्यस्त सड़कों पर लंगड़ाता हुआ बदहवास फर्राटा दौड़ लगाता नज़र आता। जैसे उत्तेजना और हिंसा से भरा किसी का पीछा कर रहा हो। वो किसी को चोट पहुंचाना चाहता था। पर किसे ? ये कोई जानता ना था। कम चर्बी की काली अधेड़ उम्र वाली काया में हड्डियाँ और नसें झांकती रहतीं । उसके बाल छोटे होते...ना जाने कौन और कैसे इन्हें कटवा देता था ? तेल और मैल से चिक्कट उसके कपड़े होते। मुंह से छूटता झाग और थूक वह खाखारता थूकता चलता,जो उसकी बेतरतीब दाढ़ी मूंछों पर भी लगता जाता। दोनों हाथों में पत्थर या ईंट के कुछ टुकड़े होते जिन्हें वह बिना लक्ष्य के सड़क पर अंधाधुंध सन्नाता चलता। इस बात से बेपरवाह, कि उसके फेंके पत्थर राहगीरों में किसे लगते हैं -किसे नहीं। हैरान कर देने वाली फुर्ती और ऊष्मा से लबरेज सिब्बू का तमतमाया चेहरा लगातार परिश्रम और तैलीय पसीने से चमक रहा होता। उसकी आँखें दहक रही होतीं। वह क्या कुछ बुदबुदाता बड़बड़ता ? शायद समझ में न आने वाली गालियाँ होतीं। बस बार-बार आने वाले जो कुछ शब्द समझ में आते -

**'हाट हट हाट हट हट्ट । भाग भग भग्ग । हम मार दे हैं ।'**

वो किसी अदृश्य को फुंफकारता ललकार रहा होता। उसकी ये सक्रियता किशोर छात्रों के स्कूलों से पैदल आते-जाते समय अधिक होती। स्कूली बच्चे उसे देख मारे डर के किनारा कर लेते, किसी आड़ में दुबक जाते। कभी सुना नहीं कि उसके किसी वार से कोई घायल हुआ हो। खूंखार नजरें टिकाये सिब्बू किसी राहगीर की ओर शिकारी की तरह सरपट लपकता। भयभीत राहगीर के प्राण डर के मारे सूख जाते, पलक झपकते सिब्बू उसकी साइड से होकर बिना किसी हरकत के दूर निकल जाता।

किशोरों के कुछ समूह सिब्बू पगलैट की नब्ज़ पहचानते। दूर से चिल्लाते =

- **' जय हो डमरू राजा '**

उत्तेजित सिब्बू पगलैट शायद इस वाक्य के शब्दों को ही पहचानता। इस वाक्य का जादू सा असर होता सिब्बू पर। वो तुरंत रुकता। क्रॉस किये हुए डेढ़ पैर पर दोनों हाथ ऊपर किये किसी मूर्ति की तरह स्थिर हो जाता। उसके शरीर की मुद्रा तांडव कर रहे शंकर जी से मिलती हुई हो जाती। वह एकदम अविचल और शांत होता। उसके सजल नेत्र कभी आसमान की ओर तो कभी आनंद के भाव से बंद होते ।

सिब्बू की जीवनसंगिनी भग्गो, उम्र में सिब्बू से खासी बड़ी थी। अशक्त, बीमार और लगभग बूढ़ी हो गई भग्गो और सिब्बू का ये जोड़ा कब और कैसे बना ? कोई नहीं जानता था ।

कई साल पहले भग्गो का इकलौता जवान, लेकिन कृशकाय बेटा भी था। भग्गो की ये औलाद सिब्बू से थी या किसी पूर्व संबंध से ? कहा नहीं जा सकता था । बीमार ही बना रहता । भग्गो के बगल से उकड़ूं , घुटनों पर सिर टिकाए बैठा रहता। भग्गो तब तक थोड़ा बहुत चल-फिर लेती थी ।

ज्यादा बीमार हुआ, कुछ दिन जिले के सरकारी अस्पताल में भरती बना रहा और एक शाम चल बसा। सिब्बू ने हाथ ठेले पर बेटे की लाश रखी और अंतिम संस्कार की चिंता लिए अस्पताल से निकला। विलाप करती हुई भग्गो अकेली हाथ ठेले के पीछे थी। भग्गो स्यापा में करुण रूदन के साथ कहती चली -

- **' ए मोरी माता, ए मोरे राम ए ठठरी के बंधे खों अबई मरने हतो।'**

- **' ए नास के मिटे । दाबा काबा होतई काए नें मर गओ।'**

भग्गो के पास पुत्र शोक व्यक्त करने को ये ही तो शब्द थे।



**कई साल पहले भग्गो का इकलौता जवान, लेकिन कृशकाय बेटा भी था। भग्गो की ये औलाद सिब्बू से थी या किसी पूर्व संबंध से ? कहा नहीं जा सकता था । बीमार ही बना रहता । भग्गो के बगल से उकड़ूं , घुटनों पर सिर टिकाए बैठा रहता। भग्गो तब तक थोड़ा बहुत चल-फिर लेती थी । ज्यादा बीमार हुआ, कुछ दिन जिले के सरकारी अस्पताल में भरती बना रहा और एक शाम चल बसा। सिब्बू ने हाथ ठेले पर बेटे की लाश रखी और अंतिम संस्कार की चिंता लिए अस्पताल से निकला। विलाप करती हुई भग्गो अकेली हाथ ठेले के पीछे थी।**

वो दिन था कि भग्गो की आवाज़ जैसे चली गई। साथ में आखों की रोशनी भी जाती रही। दिन-रात एक जगह कांखती- कूलती पड़ी रहती। सालों उसके तन पर एक ही मैली सिन्थेटिक साड़ी होती। उसके आस-पास साफ-सफाई न होने के कारण मक्खियाँ भिनभिनातीं, दुर्गंध बनी रहती। बदसूरत भग्गो के मुंह में एक दो बाकी पीले-मैले हिलते हुए दांत। बेतरतीब बंधे हुए खिचड़ी बाल, काले चेहरे की झुर्रियाँ,धंसी हुई आखें उसे डरावना बनातीं। तब तक सिब्बू पागल नहीं हुआ था। सिब्बू उसके अपने हाथ ठेला की मजदूरी करता- पूरी मशक्कत से। मोहल्ले में हाथ ठेला ढुलाई का जो काम मिलता- कर लेता। घर-द्वार जैसा कुछ था नहीं। हाथ ठेले के नीचे की छड़ों से बिस्तर के दरी -चादर और पानी का कुप्पा बंधा होता। गृहस्थी के नाम पर दो-चार एल्यूमीनियम के बरतन होते। दिन भर आस-पास रहकर काम करता। जहाँ जो जगह मिलती भग्गो के साथ दरी चादर बिछा कर सो रहता। हिन्दू मुसलमानों के मिले-जुले मुहल्ले में जहाँ जो मजदूरी के पैसे मिलते नुक्कड़ की छोटी होटल से चाय, समोसा, आलू बंडा,डबल रोटी जैसी चीजें खरीद लाता।

आप खाता, भग्गो को खिलाता। फिर ठिकाना मिल गया था सिब्बू को। ढालू फर्श पर सार्वजानिक कचरा घर के सामने मुहल्ले के एक पक्के मकान की बालकनी। नीचे सड़क से लगी सीढ़ियों के साथ बना हुआ एक सीमेंटेड चबूतरा। मकान अक्सर खाली बना रहता, कोई रोक-टोक करने वाला था नहीं। धूप और बारिश से बचने सिब्बू ने भग्गो के साथ इसे ही अपना आशियाना बना लिया ।

समय के साथ लगभग अंधी हो चुकी भग्गो चिड़चिड़ी, मतिभ्रम की शिकार और अशक्त होती चली गई। चबूतरे के एक कोने में पड़ी रहती, अपनी जगह से सरक भी नहीं पाती। सोने-खाने का कोई निश्चित समय नहीं। कई-कई दिन के अंतराल के बाद कपड़ों में ही निवृत्त हो लेती। बदबू इतनी होती कि राहगीर अपनी नाक ढंक कर निकलते। सिब्बू काम से लौटता, पास के हैण्ड पंप से कुप्पे में भर कर पानी भर लाता। जैसा भी बनता भग्गो और चबूतरे की साफ सफाई करता। तमाम गंदगी ठिकाने के सामने बने कचरे घर के हवाले करता। कुछ फर्श पर लगातार बहती नाली के भी। कभी-कभार भग्गो को हेण्डपंप के पानी से नहला देता, भूरे सफेद बदरंग बालों में कुछ तेल लगा कर गूंथ देता ।

सिब्बू की ज़िंदगी बस भग्गो ही थी । भावनात्मक तौर पर उसके जीने का सहारा थी पर उसकी जिंदगी को कठिन बनाने का सबब भी।

अकारण कर्कश स्वर में चीखती और रोती और बहुत कम और पोपले मुंह के अस्पष्ट आवाज़ में बड़बड़ाती ...

- **'ऐ सिब्बू कहाँ मर गओ रे। पियत कौ पानी दै दे ...।'**

भग्गो रात-बिरात जागती रहती अकारण बड़बड़ाती, रोती। थका हारा सिब्बू जेब में कुछ रकम होने पर कभी-कभार शाम को शराब पी लिया करता। सिब्बू खीझ जाता, झुंझला जाता, मां बहिन की गालियाँ देते हुए, भग्गो को लतिया देता -

- 'चंडोलन पिरान लै ले मोरे। नैं सोय नें सोन देय। कहाँ से मोरे गले बंध गई। जल्दी टर जा। मरत भी तौ नईयाँ।'

- 'अब सो जा अबेर भई।'

यूं तो सिब्बू, भग्गो को बेइंतहाँ चाहता था पर जताने के लिए उसके पास ये ही शब्द थे।

देर रातों में भग्गो बेवजह खराश वाले भर्राए गले से दहाड़ मार कर रोती। उसकी आवाज़ से पास - पड़ोस के घरों की बत्तियां जल जातीं। कुछ लोग खिड़कियों और दरवाजों की दरारों से झांकने उठ बैठते। जो जानते थे कि भग्गो की आवाज़ है जाग कर भी बिस्तरों पर बने रहते।

कुछ बाहर निकल के आवाज़ लगाते-

-'काए रे सिब्बू ? काए रुआ रओ भग्गो खों ? मुहल्ला सोन दे है के नईं ? '

कुछ रहमदिल तीज त्यौहार और दूसरे मौकों पर भग्गो के चबूतरे पर कुछ खाने-पीने का सामान आवाज लगा कर रख जाते। पर भग्गो थी कि सिब्बू के हाथ के अलावा कुछ भी मिले खाती ही नहीं थ।

फुरसतिये लफंगे छोरे , फर्श गली से गुजरते कुछ देर बब्बू-भग्गो के इस ठिकाने पर रुक के मनोरंजन तलाशते । भग्गो को छेड़ते -

- 'काए भग्गो डार्लिंग ? कहाँ गओ तुमाओ सिब्बू डुकरा ?'

भग्गो तो जैसे बोलना, जवाब देना या बातों को समझना भूलती जा रही थी।

वे भग्गो को चिढ़ाते... भग्गो चिल्लाती-चीखती तो उनका मज़ा और भी बढ़ जाता। भग्गो पर पानी ,कंकर, बीड़ी के अधजले टुकड़े फेंकते। सिब्बू के साथ रहते भी मनचले कई बार भग्गो को कंकर कचरा मारते। सिब्बू उन्हें रोकने गिड़गिड़ता, मिन्नतें करता।

उस शाम जब सिब्बू अपने काम से वापिस लौटा अपना हाथ ठेला सार्वजनिक कचरा घर के पास किनारे खड़ा कर के टिकाया। देखा भग्गो बेसुध सी घायल पड़ी थी, कई जगहों से खून बहकर सूख गया था। उसके आस पास कुछ गिट्टी के टुकड़े थे। न जाने कौन भग्गो को चोटें पहुंचा गया था। शायद आवरा कुत्तों का हमला रहा हो। सिब्बू उदास था पर करता भी क्या ! पास के बनिए की दूकान से दो रुपये का सरसों का तेल ले आया। भग्गो के घावों पर लगाया। भग्गो अब भी तड़प-कलप रही थी ...पर ये कोई बहुत अलग नै बात न होकर उसकी रोज़ की हरकतों जैसी ही थी। हाँ, भग्गो की सांसों की घरघराहट कुछ ज्यादा जरूर थी। उसी रात तेज बारिश के बीच भग्गो की सांस चलना बंद हुई, देह ठंडी हुई। सिब्बू को समझ में आ गया कि भग्गो चली गई। शून्य में ताकता रात भर भग्गो के निर्जीव शरीर के पास बैठा रहा।

ढालू फर्श पर बरसाती पानी किसी बहते हुए नाले की आवाज़ कर रहा था। भग्गो की लाश को मुहल्ले के लोगों ने नगर पालिका की मदद से ठिकाने लगवाया। इसके बाद शहर ने सिब्बू को अदृश्य से जूझते आतंकी सिब्बू पगलैट की तरह देखा और जाना ...।

कविता

# सुनो वसंत



■ बसंत राघव

मानचित्र में
स्याही सा फ़ैल गया है
बवाल ,
अनुत्तरित
सवाल-दर-सवाल
हो गए हैं
रास्ते जर्जर बेहद खराब
और मौसम भी बदमिजाज
कदम - कदम पर खतरे
अफरा तफरी का माहौल
जिधर देखो उधर
हवा में तैर रहे हैं
अराजक नारे बेहिसाब
देख भाल कर आना
अबकी बार
मेरे प्रिय बसंत

मुंह फैलायी हुई हैं
सुरसा की तरह
दुर्घटनाओं की
विकराल संभावनाएं
अजगर सी पसरी हुई हैं
समस्याएं
शिखर किंकर्तव्यविमूढ़
वातावरण में घुल गई हैं
एक अजीब सी कड़वाहट
लेकिन फिर भी
पहले की तरह
चुटकी भर मिठास लिए
आना जरूर मेरे प्रिय वसंत

लगभग अब
खत्म हो चला है
टुकड़े - टुकड़े में
प्रतीक्षित
दुवाओं का दौर
आह
कितना भयावह है
यह बारूदी जलजला
नीले आसमान में
चील की जगह
अब उड़ते दिख रहे हैं
खतरनाक ड्रोन
न जाने कब छिड़ जाए
न्यूक्लियर जंग
और सब कुछ हो जाए
क्षण भर में स्वाहा
सब कुछ भंग
आजकल
नहीं फड़फड़ा रहें हैं
बिलकुल नहीं फड़फड़ा रहे हैं

कहीं भी कपोत
लेकिन
यह सब जानते हुए भी
भले ही सोच समझकर
आना
मगर आना जरूर
फिर वही
कोयल के गीत लिखे
ओ मेरे प्यारे वसंत
मेरे अपने वसंत ।

## एक और हामिद

■ मृत्युंजय तिवारी

लघुकथा

तीन साल की साक्षी का बर्थडे मनाया जा रहा था। साक्षी बहुत खुश थी। उसके लिए यह सब अदभुत था। जो भी आता उसे कोई खिलौना, मिठाई , चाकलेट का डब्बा पकडा जाता। वह अपनी तोतली जबान में सबको थैंक यू कह रही थी। साक्षी की दादी आई, उसके गले में एक हार पहनाया और ढेरों आशीर्वाद दिया।

साक्षी ने पूछा - दादी, तुम्हारा बर्थ डे कब है ? मैं भी तुम्हें गिफ्ट दूंगी।

दादी ने पूछा - तुम क्या गिफ्ट दोगी बिटिया रानी ?

साक्षी कुछ देर सोचती रही फिर बोली - मैं पापा से कहकर तुम्हें एक गाय खरीद कर दूंगी।

क्यों भला ? दादी ने आश्चर्य से पूछा।

ताकी तुम्हें पानी मिला दूध की जगह असली दूध पीने को मिले। बताओ ना दादी, कब है तुम्हारा जन्मदिन ?

दादी ने अपने बेटे बहू की ओर लाचारी से देखते हुए नन्हीं साक्षी को अपने सीने से लगा लिया।


पुस्तक समीक्षा

▌मनोज निगम

# काव्यात्मकता से लबरेज रोचक डायरी

प्रतिष्ठित पत्रकार और कवि शिवप्रसाद जोशी की बॉन डायरी 'किनारे किनारे दरिया'हाल ही में काव्यांश प्रकाशन, ऋषिकेश से प्रकाशित हुई है। डॉयचे वेले रेडियो की नौकरी के दौरान लेखक को जर्मनी में राइन नदी के किनारे बसे शहर बॉन में कुछ समय तक रहने का मौका मिला। लेखक ने बॉन शहर के अनुभवों को बहुत ही मार्मिकता के साथ अपने शब्दों में पिरोया है। यह कृति केवल बॉन शहर के समाज, इतिहास, भूगोल और संस्कृति से ही हमारा साक्षात्कार नहीं कराती बल्कि लेखक के काव्यात्मक गद्य से भी हमारा परिचय कराती है। लेखक के अनुसार बॉन 150 से ज्यादा संगठनों और संस्थानों का शहर है। 1996 से बॉन को संयुक्त राष्ट्र शहर का दर्जा भी हासिल है। लेखक बॉन के संगीत को बहुत ही ध्यान से सुनता है। निश्चित रूप से अनंत चहचहाटों, नदी के शांत बहाव और बादलों की करवटों का संगीत कविता से प्रेम करने वाला संवेदनशील इंसान ही सुन सकता है। लेखक यहीं नहीं रुकता। वह बॉन की खामोशी भी दर्ज करता है।

लेखक को राइन नदी का सौन्दर्य बार-बार मोहित करता है। राइन नदी जर्मनी की सबसे लंबी नदी है। राइन के संदर्भ में अनेक कथाएं और लोक मिथन हैं। गौर करने लायक बात यह है कि लगभग बीस साल पहले स्विट्जरलैंड में हुई एक आपदा में यह नदी गंभीर रूप से प्रदूषित हो गई थी। ऐसा लगने लगा था कि यह दोबारा साफ नहीं हो पाएगी लेकिन अथक प्रयासों के बाद राइन अपने मौलिक स्वरूप में लौट आई। सवाल यह है कि हमारे देश में प्रदूषित हो चुकी अनेक नदियां क्या कभी अपने मौलिक स्वरूप में लौट




पाएंगी ? यह शिवप्रसाद जोशी की भाषा का जादू ही है कि कभी-कभी उनका कथ्य एक कविता लगने लगता है। उनकी भाषा का एक नमूना देखिए-'मैं आसमान को देखता हूं और उसमें झाँककर अपना घर देखता हूं, अपना गांव अपने लोग। आसमान की टोकरी से मैंने कुछ तारे निकाले, एक नदी निकाली और यहां बिछा दिया' यह तो केवल एक उदाहरण है। इस किताब में इस तरह के अनेक कथ्य हैं। लेखक राइन नदी के बहाने अपनी माँ, पिता, भागीरथी, भिलंगना और टिहरी को याद करता है। वह महसूस करता है कि यह शहर रोज नया होता है। जो शहर कल था, वो आज नहीं है। यानी यह तेजी से बदलता हुआ शहर है। शिवप्रसाद जोशी डॉयचे वेले रेडियो, जर्मन डाक सेवा के मुख्यालय डॉयचे पोस्ट और संयुक्त राष्ट्र की इमारतों की भव्यता और जटिलता का वर्णन करते हुए एक अलग और रोमांचक दुनिया का खाका खींचते हैं। यहां कुत्तों के शौकीन बहुत हैं। कबूतर भी काफी दिखाई देते हैं। बाकी चिड़िया कम दिखाई देती हैं। बाजार नई पीढ़ी के सपनों को भुनाने में पूरी तत्परता से लगा हुआ है।

लेखक को बॉन की उत्सवधर्मिता आकर्षित करती है। इसके बावजूद वह आशा और निराशा के सागर में गोते लगाता रहता है। बॉन में रहते हुए भी उसके साथ भीमसेन जोशी, फतेह अली खान और कुमार गंधर्व हैं और उनका संगीत है। इस संगीत के सहारे वह अपनी उदासी दूर करने का प्रयास करता है। लेखक का मानना है कि खिड़की कभी धोखा नहीं देती। इसलिए उसे विनोद कुमार शुक्ल की किताब 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' याद आती है और वह इस खिड़की के सहारे अपनी उदासी दूर भगाता है। उनके पास जर्मन भाषा सीखने के अनुभव हैं तो फरवरी में जर्मनी के बड़े हिस्से में होने वाले कार्निवल की ऐय्याशी के किस्से भी हैं। लेखक एक तरफ बॉन की शांति, सुंदर हवा और सहजता के आनंद को महसूस करता है तो दूसरी तरफ सप्ताहांत की नशे में डूबी अराजकता को भी दर्ज करता है। एक सच्चा लेखक विदेश में रहकर पूर्व में अपने देश में घटित बर्बरतापूर्ण घटनाओं को याद कर बेचैन न हो तो उसकी संवेदनशीलता किस काम की। जर्मनी में रहकर भी शिवप्रसाद जोशी अयोध्या में बाबरी मस्जिद के ध्वंस की 15वीं बरसी पर दुखी होते हैं। उसके बाद उन्हें विदेश की कई जगहों समेत नंदीग्राम, सिंगुर और मुजफ्फरनगर में हिंसा का नंगा नाच याद आने लगता है। लेखक कई बार चुनौती के सामने खड़े नजर आते हैं। वह ठीक ही तो कहता है कि हम सबके भीतर बॉन है, अपने प्रकाश, अपनी नदी, अपनी सड़क, अपनी इच्छा, अपनी अहमियत, अपने रुतबे, अपने रहस्य, अपने झंझटों, अपनी क्रूरता और अपनी अच्छाई के साथ। निश्चित रूप से शिवप्रसाद जोशी की यह किताब डायरी विधा की रोचक किताब है लेकिन यह आत्मचिंतन का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज भी है। यह शिवप्रसाद जोशी की भाषा का कमाल है कि कभी उनका लिखा हुआ गद्य एक कविता लगने लगता है तो कभी एक यात्रा वृत्तांत। कभी-कभी ऐसा भी महसूस होता है कि वे दार्शनिक चिंतन कर रहे हैं। यानी उनके गद्य में बहुत सारी विधाएं गुथी हुई लगती हैं। अगर शिवप्रसाद जोशी यह डायरी न लिखते तो क्या हम बॉन के इस तरह जान पाते ?

**पुस्तक- किनारे किनारे दरिया**
**लेखक- शिवप्रसाद जोशी**
**प्रकाशक- काव्यांश प्रकाशन, ऋषिकेश**
**मूल्य- 175 रुपये**

## परिश्रम

परिश्रम करने वाले को
हमारा सलाम कहना
हार नहीं मानना
जीत के दिखाना
परिश्रम करने वाले को
हमारा सलाम कहना...
कितना भी कठिन हो
रास्ता चलते जाना
परिश्रम लगातार करते रहना
आगे बढ़ते रहना
परिश्रम करने वाले को
हमारा सलाम कहना...
कितनी भी रुकावटे आयें
सबको दूर करके बढ़ते जाना
परिश्रम करने वालो को
हमारा सलाम कहना...
रास्ते में बहुत मिलेंगे
बरगलाने वाले पर
अपना रास्ता नहीं
बदलना आगे बढ़ते रहना
परिश्रम करने वालों को
हमारा सलाम कहना...
रास्ता चुनौतियों भरा होता है
उनको स्वीकार करते हुए
आगे बढ़ते जाना
परिश्रम करने वाले को हमारा
सलाम कहना...
जीवन का लक्ष्य पा के रहना
परिश्रम लगातार करते रहना
आगे बढ़ते रहना
परिश्रम करने वाले को
हमारा सलाम कहना...

**मोहन सुरजन,**
जबलपुर 9424643421

# ड्रॉइंग शीट पर छोटे बच्चे उकेर रहे हैं आजादी के रंग

## आजादी का महोत्सव :15 अगस्त की तैयारियों में जुटे बच्चे





**जबलपुर,देशबन्धु।** आजादी के रंग में रंगने के लिए शहर तैयार है। शहर में मार्केट में जहां आजादी सेलिब्रेट करने के लिए तरह-तरह के फ्लैग, तिरंगा बैच और अन्य सामान मिल रहे हैं, वहीं घरों में भी पंद्रह अगस्त को लेकर तैयारियां हो रहीं हैं।

इसके चलते बच्चे डांस परफॉर्मेंस में निखार ला रहे हैं। इसके साथ ही डॉइंग शीट पर आजादी के रंग से सजी हुई तस्वीरें भी बनाई जा रहीं हैं।

**पेंटिंग में दिखा रहे हुनर**-सिटी किड्स आजादी के रंग को लेकर पेंटिंग में कलाकारी अधिक दिखा रहे हैं। मीत कहते हैं कि स्कूल में आजादी दिवस को लेकर पेंटिंग कॉम्पीटिशन होना है। इसके लिए वे घर पर पेंटिंग तैयार कर रहे हैं। इस शीट में उन्होंने भारत की सुंदर छवि को निखारा है।

**हर कहीं दिख रहा आजादी का रंग**

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व मार्केट में डिफरेंट बैच, रिस्ट बैंड, फ्लैग, कलर दुपट्टे, स्टिकर और अन्य एसेसरीज नजर आ रही है। युवाओं तिरंगा बैच की डिमांड है, जिसे कुर्ते, शर्ट और साड़ी में पिनअप करने के लिए खरीदा जा रहा है।



# मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

## राज्य पर्यटन विकास निगम ने युवाओं के लिए शरु की उपयोगी पहल

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा सुबह 10:30 बजे होटल कलचुरी रेसीडेंसी में एक मीटिंग आयोजित की गई है जिसमें राज्य शासन द्वारा औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए अलग अलग क्षेत्र में रोजगार हेतु एक योजना मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना चलाई जा रही है जिसमें प्रदेश के युवाओं को प्रक्षिक्षण दिया जावेगा एवं प्रक्षिक्षण के दौरान उन्हें शासन द्वारा के रूप में स्टायपेंड उनकी योग्यता के अनुरूप प्रदाय किया जावेगा।

मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक के एल पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में कार्य कर रहे युवाओं को एवं इस इंडस्ट्री में कार्य करने वाले इक्छुक युवा को इसका रोजगार के साथ ट्रेनिंग भी मिलेगी। मीटिंग में कलचुरी रेसीडेंसी के प्रबंधक अलोक सक्सेना, एवं शहर के होटल्स के जी एम् उपस्थित रहे।

# दर-दर भटक रहा है राजेंद्र

## कचरा वाली गाड़ी में काम करने वाले को निकाला

**जबलपुर, देशबन्धु।** सरस्वती वार्ड नंबर 13 में घर-घर कचरा एकत्र करने वाली गाड़ी में काम करने वाले राजेंद्र पारस ने शिकायत की है, इसमें बताया गया है कि रोहित नामक सुपरवाईजर हाजिरी भरने के नाम पर पांच सौ रूपये की मांग की थी, जिसे देने वह सक्षम नहीं थी। इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और अब काम से निकाल दिया गया है, जिसके वह बाद दर-दर भटकने को मजबूर है। घर का चूल्हा जलना बंद हो गया है और परिवार के अन्य सदस्यों के भूखे मरने की नौबत आ गई है। नगर निगम प्रशासन प्रशासन से इस बाबत उचित पहल की गुहार पीड़ित ने लगाई है।






# विधायक कप कुश्ती प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस

**जबलपुर,देशबन्धु।** विधायक कप कुश्ती प्रतियोगिता सामुदायिक भवन, बाई का बगीचा घमापुर में सम्भागीय स्तर पर जिला खेल कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विधायक कप में पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कुश्ती प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिससे खिलाड़ियों ने जीत हासिल कर उस्ताद और अखाड़े का नाम ऊंचा किया।

जय घनघोरिया, यश घनघोरिया ने बलदेव पहलवान, मन्नू पहलवान, हीरा पहलवान, राम दुबे, मधु यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, याकूब असांरी, रशीद हिना, दिलीप किरार, रमेश पीपड़ा, मगन पटारिया, रमेश पहारिया, राजकुमार भोजक, सत्यम जैन एवं सभी अतिथिजनों का स्वागत कर कुश्ती प्रतियोगिता प्रारंभ कराई गई 38 किलोग्राम वीर घनघोरिया ने ओमनाथ को 45 किलोग्राम लकी श्रीपाल ने आनंद को सिंघरता ने अनुराग को विक्की ने सौरभ को अंकुश ने तरूण को सचिन ने ऋषभ को पीयुष ने दिलीप को सुनील ने शेखर को कार्तिक ने ऋषभ को पराजित किया आयोजन को सफल बनाने में नगर निगम कुश्ती संघ के अध्यक्ष रामदत्त शुक्ला, सचिव राजेश राजपूत, मंच संचालन सुनील पटेल, निर्णायक की भूमिका प्रवीण पांडे, विनय चक्रवर्ती, जितेन्द्र राजपूत, पवन चक्रवर्ती, रंजीत रान द्वारा की गई।

# प्रशासनिक अनदेखी के कारण कछपुरा हॉकर्स जोन पड़ा है वीरान : तरुण भनोत



**जबलपुर,देशबन्धु।** कांग्रेस की सरकार के दौरान वित्त मंत्री रहते हुए स्मार्ट सिटी के अंतर्गत रेडी, पटरी, हाथठेला और सड़कों के किनारे फल और सब्जी लगाने वाले विक्रेताओं की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए बेहतर रूप से व्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से लैस हॉकर जोन की न केवल अवधारणा रखी गई बल्कि 2 करोड़ रुपये की राशि से हॉकर जोन का निर्माण भी कराया गया।

किन्तु, स्थानीय प्रशासन की अनदेखी और राजनैतिक भेदभाव के कारण उक्त हॉकर जोन में अबतक स्थान आवंटित नही किया गया हैं, जिसके कारण विक्रताओं को विपरीत मौसम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं पश्चिम से विधायक तरुण भनोत द्वारा कछपुरा में निर्मित हॉकर जोन में विक्रेताओं को स्थान आवंटित नही किए जाने को लेकर स्थानीय प्रशासन पर भेदभाव और अनदेखी करने का लगाया गया हैं।

# आयुध सेना कोर के महानिदेशक एवं कर्नल कमांडेट ने सीएमएम का किया निरीक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** लेफ्टिनेंट जनरल सुरेश चंद्र तांडी, विशिष्ट सेवा मेडल, आयुध सेना कोर के महानिदेशक एवं कर्नल कमांडेंट ने 11 अगस्त को कॉलेज ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट (सीएमएम) का दौरा किया। जनरल ऑफिसर ने सीएमएम में स्थित कांगला टोंगबी युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। जनरल ऑफिसर को श्रीलंका, भूटान, नेपाल, म्यांमार, फ़िजी और अन्य अफ्रीकी देशों जैसे मित्रवत विदेशी देशों सहित प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करने में महाविद्यालय द्वारा की गई प्रगति और तकनीकी विकास के बारे में जानकारी दी गई। जनरल ऑफिसर ने सेना आयुध कोर में एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन के लिए दिये जा रहे प्रशिक्षण में गहरी रूचि दिखाई।

# मेट्रो हार्ट ने चिकित्सा के क्षेत्र में स्थापित किया नया कीर्तिमान

**जबलपुर,देशबन्धु।** बडेरिया मेट्रोप्राइम हॉस्पिटल में ओपन हार्ट का सबसे बड़ा ऑपरेशन बेंटल सफलतापूर्वक किया गया, एक बार पुनः चिकित्सा क्षेत्रा में बडेरिया मेट्रोप्राइम हॉस्पिटल के हार्ट सेंटर और डॉक्टर्स की टीम ने नयी उपलब्धि हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, यह सर्जरी पहली बार महाकौशल में की गई।

मेट्रो हार्ट सेंटर के कार्डियक सर्जन डॉक्टर सुदीप चौधरी और उनकी टीम ने कार्डिवस्कुलर सर्जरी का सबसे जटिल ऑपरेशन ''बेंटल सर्जरी'' कर मरीज संजीव कुमार सेन को नया जीवन दान दिया। पूरे महाकौशल क्षेत्र में यह ऑपरेशन जबलपुर में पहली बार किया गया। मेट्रोप्राइम हॉस्पिटल के कार्डियक सर्जन डॉक्टर सुदीप ने बताया कि मरीज संजीव कुमार सेन को हृदय की मुख्य धमनी (महाधमनी) में सूजन आ गयी थी, और उससे सम्बंधित वाल्व भी ठीक से काम नहीं कर रहा था जिसकी वजह से मरीज की सांस फूल रही थी व धमनी फटने पर जीवन का खतरा बना हुआ था ।




इस धमनी को और वाल्व को साथ में ठीक करने के उपाय को ही बेंटल सर्जरी कहते हैं, जो कि हृदय के ऑपरेशन की सबसे जटिल प्रक्रिया है, जिससे हृदय की मुख्य धमनी और दोनों छोर की धमनी को अलग करके बटन बनाकर कृत्रिम कंजूट डाला गया और नया वाल्व भी लगाया गया। लगभग 10-11 घंटो के सफल ऑपरेशन के बाद 5 वे दिन मरीज को पूर्णतः स्वस्थ हालत में छुट्टी दे दी गयी, इस ऑपरेशन में निश्चेतना डॉक्टर सुनील जैन द्वारा दी गयी।

# श्रेष्ठ महिला कृषक सुमन का सम्मान

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ज़िला कार्यालय में महिला कृषक के रूप में सुमन सिंह यादव का एक समारोह में सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष तथा मोटे अनाज की प्रभारी डॉ. नादिता पाठक, श्रीमती कांति रावत , ज़िला अध्यक्ष महिला मोर्चा रूपा राव, सीमा सिंह, जन भागीदारी अध्यक्ष, सीमा सिंह चौहान, श्वेता सिंह ठाकुर, नीता रजक, कल्पना तिवारी, जाग्रति शुक्ला आदि की उपस्थिति में महिलाओ द्वारा श्रीमती यादव का सम्मान किया गया।



# भाजपा ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ भ्रामक पत्र की जांच के लिए की शिकायत

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश में चुनाव आते ही कांग्रेस की बौखलाहट और झूठ सामने आने लगता है। कल कांग्रेस ने प्रदेश में एक व्यू रचना के तहत किसी ठेकेदार, एसोसिएशन के नाम से फर्जी पत्र जारी कर झूठ बोलने के काम किया है और इस संदर्भ में कथित व्यक्ति ज्ञानेंद्र अवस्थी के वायरल पत्र की जांच की जाए और दोषियों पर कार्यवाही की जाए यह मांग करते हुए भाजपा जबलपुर ने नगर अध्यक्ष प्रभात साहू के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा।

भाजपा नगर अध्यक्ष साहू ने कहा कांग्रेस के झूठ की हद तो देखिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, दिग्विजयसिंह और कमलनाथ के झूठ का साथ देने के लिए बीच में कूद पड़े और इस झूठे पत्र के आधार पर ट्वीट कर दिया जो, दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले राहुल ने झूठ बोलकर प्रदेश की जनता को ठगा था और अब प्रियंका झूठ परोसकर जनता को गुमराह कर रही हैं। इस झूठ को लेकर हमारा एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर जवाब देगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के विकास कार्यों के आगे कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए कांग्रेस के पास सिर्फ एक ही काम बचा है, वह झूठ बोलने का।

इस अवसर पर जिला महामंत्री रत्नेश सोनकर, अभय सिंह ठाकुर, रंजीत पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष संजय यादव, शिवराम बेन, रविन्द्र पचौरी, दीप महदेले, राजा सराफ, जगदीप टीटू, अतुल चौरसिया, संतोष लालवानी, संजय तिवारी, जय चक्रवर्ती, एलबीएस बघेल, गोपाल पटेल, सूरज सिंह, चित्रकान्त शर्मा, परमजीत लाम्बा, सर्वेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# जागरुकता व सामुदायिक प्रयासों खरपतवार गाजरघास से मुक्ति संभव





**जबलपुर,देशबन्धु।** गाजरघास (पार्थेनियम) ने केवल फसलों, मनुष्यों और पशुओं बल्कि जैव विविधता एवं पर्यावरण के लिए भी एक गंभीर समस्या है, गाजर घास नियंत्रण हेतु खरपतवार अनुसंधान निदेशालय आगामी 16 अगस्त से 22 अगस्त तक गाजरघास जागरूकता सप्ताह राष्ट्रीय स्तर पर अपने 24 केन्द्रों भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के समस्त संस्थानो, विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों, स्कूल, कॉलेजों तथा समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से मनाने जा रहा है ।

पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है ताकि मीडियाजन के सहयोग से महामारी की तरह फैल रही गाजरघास के विषय में जन सामान्य को जागरूक किया जा सके कार्यक्रम का शुभारंभ 16 अगस्त को खरपतवार अनुसंधान निदेशालय से किया जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि सुनील तिवारी, प्रबंधक निदेशक मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड एवं विशेष अतिथि पुखराज नेनीवाल, क्षेत्रीयनियेत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, उपस्थित रहेंगे।

खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉ जेएस मिश्र ने बताया कि गाजरघास न केवल फसलों, बल्कि मनुष्यों और पशुओं के लिए भी एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है गाजरघास पूरे वर्ष भर उगता एवं फलता फूलता रहता है इसका प्रकोप विभिन्न फसलों जैसे धान, ज्वार,मक्का, मूंग, उड़द, अरहर, सोयाबीन तिल, अरंडी, गन्ना, बाजरा, मूंगफली सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलों में भी बढ़ा रहा है पत्रकार वार्ता में विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि इस खरपतवार के संपर्क में आने से मनुष्यों में डर्मेटाइटिस, एग्जिमा, एलर्जी, बुखार, दमा आदि जैसी बीमारियां होती है इसको अन्य चारा के साथ खा लेने से पशुओं में भी विभिन्न प्रकार के रोग पैदा हो जाते हैं एवं दुधारू पशुओं के दूध में अजीब प्रकार की गंध एवं कड़वाहट आने लगती है। खुले हाथ से नहीं छूना चाहिये। इससे एलर्जी, दमा की बीमारी फैलती है। इस दौरान प्रधान वैज्ञानिक डा. पीके सिह, डा. दीपक पवार, जनसंपर्क अधिकारी बसंत मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल थे।

# सांसद राकेश सिंह करेंगे सिहोरा विधानसभा का दौरा आज



**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र दौरा कार्यक्रम के तहत सांसद राकेश सिंह कल रविवार 13 अगस्त को सिहोरा विधानसभा का दौरा करेंगे। सांसद सिंह कल 10:30 बजे सिहोरा के रजगंवा से दौरा प्रारम्भ करेंगे वहाँ से बुधारी, माबंजर, गिदुरहा, सिंघुली, बुडरा, सैलबरा, छअँगवा, खिरहनी कला, देवरी लमतरा, कुमही सतधारा, कचनारी, खबरा, ढकरवाह, कुशयारी, देवरी नवीन, मकुरा, बुधुआ, भाटादौन अमगंवा, केवलारी, परसवारा, परिया कला का दौरा करेंगे।

# केन्द्र और राज्य शासन के आव्हान पर जबलपुर में घर-घर फहरायेगा तिरंगा



**जबलपुर,देशबन्धु।** भारत सरकार एवं राज्य शासन के आव्हान पर पूरे देश, प्रदेश एवं जिलों में राष्ट्र के आन, बान और शान के प्रतीक राष्ट्रीय तिरंगे को घर-घर फहराने हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत जबलपुर में भी ब? पैमाने पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने तथा प्रत्येक घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं शासकीय भवनों में तिरंगा फहराने जिला एवं निगम प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से ब? पैमाने पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाकर लोगों की भागीदारी की जा रही है। तारतम्य में कलेक्टर सौरभ के सुमन, निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े सी.ई.ओ. जिला पंचायत जयती सिंह, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, निशा सिंह, आदि की पहल और निर्देशों पर शहर के कई क्षेत्रों के बाजारों, स्कूलों, और सार्वजनिक कला मंचों पर हर

## कलेक्टर अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

घर तिरंगा अभियान का प्रचार-प्रसार स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बेस्डर अराध्या तिवारी एवं पाथेय साहित्य एकेडमी, मंथन श्री एवं स्नेह नगर विकास समिति के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ब्रांड एम्बेस्डर अराध्या तिवारी ने पाथेय साहित्य एकेडमी, मंथन एवं स्नेह नगर विकास समिति के सचिव विनोद दुबे आदि पदाधिकारियों के साथ हर घर तिरंगा अभियान से प्रेरित होकर गोल बाजार, राइट टाउन, स्नेह नगर, स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोरखपुर, रामपुर, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, कछियाना, बड़ा फुआरा, सराफा, दीक्षितपुरा, बलदेवबाग, उखरी रोड, कमला नेहरू वार्ड, आदि क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए हर घर तिरंगा अभियान का पोस्टर वितरण किया एवं चस्पा कर लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में अपनी सहभागिता करने तथा सेल्फी लेकर फोटो अपलोड करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्रांड एंबेसडर आराध्या तिवारी, साहित्यकार राजेश पाठक, प्रवीण संतोष नेमा, रवि श्रीवास्तव, अनिमेष शुक्ला, डॉक्टर प्रवीण मिश्रा, जावेद राइ, एडवोकेट रामेश्वर चौबे, राजेंद्र तिवारी, स्कूल की प्राचार्य श्रीमती संगीता ग्रोवर आदि शामिल रहे।




हर घर तिरंगा अभियान के लिए निगमायुक्त स्वप्निल के साथ अपर आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, समस्त उपायुक्त, समस्त सहायक आयुक्त, सभी विभागीय प्रमुखों के साथ सभी संभागीय अधिकारी भी मैदान में उतरकर घर घर लोगों को तिरंगा फहराने कर रहे हैं प्रेरित।




# शाला कंगारू किडस में ग्रेण्ड पेरेन्टस टी पार्टी

**जबलपुर,देशबन्धु।** वर्ष भर के लंबे इंतजार के बाद दादा-दादी, नाना-नानी के साथ मनाया गया कंगारू किडस इंटरनेशनल स्कूल का सबसे भव्य और प्रिय आयोजन ग्रेण्ड पेरेण्डस डे किया गया है। दादा-दादी, नाना-नानी के आतुल्य प्रेम के सामने ये एक दिन कुछ भी नही पर फिर भी ये बहुत खास है क्यूंकि ये नन्हें मुन्ने बड़े ही मनमोहक अंदाज में उनके लिए गीत गाकर उनसे अपने प्रेम का मनन करते हैं जो कि सभी के लिए जीवनभर की यादगार बन जाता है इसमें सभी ग्रैण्ड पेरेन्टस के लिए खास तौर पर बनाए गए स्वागत उपहार दिए गए और फिर बहुत से खेलों और क्विज का आयोजन भी किया गया था। दिवस की थीम फेरी टेल थी जिसके अंतर्गत सभी ने थीम के अनुसार तैयार होकर अपने बचपन को याद करके उनका लुत्फ उठाया ये बहुत ही क्रियेटिव और उत्साहवर्धक था पूरा स्कूल बेहद ही खूबसूरती से सजाया हुआ था अध्यापिकाओं की मेहनत देखते ही बनती थी विदाई के समय विशेष रूप से तैयार उपहार भी दादा-दादी, नाना-नानी को दिए गए जिस पर उनके लाडलो के हाथ की छाप भी थी।

# बचपन में उड़ता था मजाक, अब लेफ्टीज को मिलता सपोर्ट

**जबलपुर, देशबान्धु।** अपने अनोखे अंदाज यानी बाएं हाथ से लिखने और दिनचर्या के काम करने के कारण लेफ्ट हैंडर्स लोगों के बीच ध्यान का केन्द्र बने रहते हैं। कई बार दोस्तों के बीच यह मजाक का वजह भी बन जाते हैं, लेकिन एक रिसर्च के मुताबिक दुनिया भर में सिर्फ 10 फीसदी लोग ही ऐसे हैं जो लेखन के लिए उल्टे हाथ का उपयोग करते हैं। लेफ्ट हैंडर्स की यह खासियत होती है कि उनका राइट ब्रेन अधिक एक्टिव होता है। ऐसे ही बिरले लेफ्ट हैंडर्स को सपोर्ट करने के लिए हर साल 13 अगस्त को इंटरनेशनल लेफ्ट हैंडर्स डे मनाया जाता है। इस दिवस के मौके पर आइए सुनते हैं सिटी लेफ्ट हैंडर्स की कहानियां।

**बच्चों के कुदरती व्यवहार को अपनाएं**-चाइल्ड काउंसलर निमिषा सिंह कहती हैं कि अब समय बदल रहा है। लेफ्ट हैंडर्स बच्चों के इस कुदरती व्यवहार को पैरेंट्स को अपनाना चाहिए। पैरेंट्स इसके लिए उन पर दवाब नहीं बनाएं और यह देखें कि बच्चा किस हाथ से लिखने में सहज महसूस करता है। इस आदत के लिए यदि उसे बार-बार टोका जाएगा, तो



बच्चे में मानसिक समस्याएं होंगी।

**लेफ्टी टॉक हसबैंड-वाइफ दोनों लेफ्ट हैंडर**-विकल्प और प्रगति खंडेलवाल दोनों की लेफ्ट हैंडर हैं। इंजीनियरिंग और डिजाइन प्रोफेशन से जुड़े इस कपल का कहना है कि लेफ्ट हैंडर होने के कारण



जीवन में कोई प्रॉब्लम नहीं, लेकिन पूजन और शुभ कार्यों के दौरान लेफ्ट हैंड का उपयोग टोका-टाकी का कारण बनता है।

**लेफ्ट हैंड से खाने पर हैरत**-विकास खण्डेलवाल ने बताया कि लेफ्ट हैंडर होने पर खाना भी इसी हाथ



से होता है। जो लोग देखते हैं वे रोक-टोक करते हैं। इसी तरह से पूजा के दौरान जब भी प्रसाद या आरती के लिए हाथ बढ़ाते हैं तो उल्टा हाथ ही आगे बढ़ता है। इस कारण अक्सर मुश्किलें फेस की है।

**बचपन में पिताजी डांटते थे**-सीए कमल वलेचा ने बताया कि बाएं हाथ से लिखने पर पिताजी भी हमेशा बोलते थे सीधे हाथ से पेंसिल पकड़कर लिखाई करो। लेकिन लेफ्ट हैंडर होने कारण इस आदत को बदल नहीं पाए। स्कूल में भी इसके कारण मजाक बनाया जाता था। अब जागरुकता आई है और लेफ्ट हैंडर्स को सपोर्ट करते हैं।

### अक्सर होती हैं समस्याएं

- घर में अक्सर जब बच्चे लेफ्ट हैंड से लिखते हैं तो उन्हें टोका जाता है कि वे सीधे हाथ का इस्तेमाल करें।
- स्कूलों में डेस्क राइट हैंडर्स के अकॉर्डिंग बनाई जाती है, ऐसे में लेफ्ट हैंडर्स को इसमें समस्या होती है।
- स्पोर्ट्स खेलने वाले लोगों को भी लेफ्ट हैंड की प्रॉब्लम होती है
- कार स्टेयरिंग को संभालना और रोजमर्रा के कामों से जुड़ी चुनौतियां होती हैं।



## दिल की ये आरजू थी कोई...

**जबलपुर, देशबान्धु।** गीत संगीत का जादू कलाकारों ने गायकी से चलाया। सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियों का दौर चला तो 60 टीज और 80 टीज के गानों ने समां बांधा। शुक्रवार को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में स्वर दरबार कला मंच के तत्वावधान में सुमधुर गीतों की एक शाम कार्यक्रम आयोजित हुई। गायक कलाकारों ने मंजिले अपनी जगह हैं...,मैं बेनाम हो गया..., सुहानी चांदनी रातें..., दिल की ये आरजू थी कोई...जैसे गीत गाए। कार्यक्रम में अध्यक्ष विकास शर्मा, सचिव दुर्गेश गर्ग, विवेक भसीन, उपाध्यक्ष संजय पाठक, राकेश मोहन उपाध्याय मौजूद थे।

## स्वर्ण पदकों ने बिखेरी मुस्कान

### मानकुंवर कॉलेज में कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबान्धु।** गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में अलंकरण और शैक्षणिक पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। समारोह में यूजी और पीजी स्तर पर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाली छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए।मुख्य अतिथि रादुविवि कुलपति डॉ. कपिल देव मिश्र, विधायक विनय सक्सेना, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य डॉ. संध्या चौबे, सीमा सिंह ने अतिथि भूमिका निभाई। इस मौके पर डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. सपना चावला, डॉ. प्रथा बनर्जी, डॉ. सपना चावला, डॉ. उज्जवल खारपाटे, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. आरएन श्रीवास्तव मौजूद थे।

**इन्हें मिले पदक**-समारोह में वैशाली गुप्ता, नंदिता कोथियाल, मुस्कान राठौर, योगिता शिवहरे, स्वाति मोदी, कीर्ति गर्ग, आमना, चिंकी पटेल, रश्मि तिवारी, कविता चौबे, सौम्या सोनी, मोनिका लोधी, साक्षी राठौर, शकीला बानो आदि को शैक्षणिक गतिविधियों के लिए मेडल मिले।

## रेनबो थीम पर रैम्पवॉक

**जबलपुर, देशबान्धु।** सावन सतरंगी थीम पर लेडीज ने सेलिब्रेशन किया। ड्रेसेज में रेनबो कलर्स के कम्पोजिशन खास रहे। रैम्पवॉक पर ड्रेस कलेक्शन के साथ सावन और हरियाली का संदेश दिया गया। संगिनी सेवा संगठन के तत्वावधान में शुक्रवार को सावन सेलिब्रेशन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रेनबो थीम पर डिफरेंट एक्टिविटी आयोजित हुईं।

**क्विज राउंड**-कार्यक्रम में रैम्प वॉक और क्विज राउंड हुए, जिसमें किसी ने छाते को प्रॉप की तरह यूज किया, तो किसी ने डॉयलॉग से जजेस को इम्प्रेस किया। सात रंगों पर आधारित अंताक्षरी खेली गई। इस मौके पर निधि गुप्ता, ममता तिवारी, ममता, पद्मा, अंजू अग्रवाल, गौरी, श्वेता मौजूद रहीं।



## पुरुषोत्तम मास शिव शक्ति की आराधना का मास ब्र. चैतन्यानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर भगवान हरिहरेश्वर महादेव के दिव्य रुद्राभिषेक के साथ-साथ मां भगवती का द्राक्षा लक्षार्चन षोडशोपचार विशेष पूजन एवं महाआरती की जा रही है पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि पुरुषोत्तम मास एवं श्रावण मास का संयोग हरि-हर स्वरूप में उपस्थित हुआ है, इस अवसर पर पूज्य ब्रह्मचारी जी के द्वारा जन कल्याण के सुखद संकल्प के साथ हरि-हर रुद्राभिषेक एवं शक्ति साधना की महापूजा की जा रही है ।

पुरुषोत्तम मास की यह फलश्रुति है कि संस्काधानी के भक्तों को शिव-विष्णु-भगवती की आराधना का लाभ प्राप्त हो रहा है । के रुद्राभिषेक एवं सुभार्चन में प्रभा यादव, मनोज खरे, श्रीमती प्रीति अग्रवाल, नीता पटेल, आयुष गुप्ता, आशीष चौकसे आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## भोलेनाथ करते हैं जग का कल्याण, स्वामी अशोकानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान भोलेनाथ कैलाश वासी हैं, निरंतर समाधिस्थ होकर भी चराचर जगत के हर प्राणी के कल्याण की भावना रखते हैं। शिव शक्ति श्रृध्दा पूर्वक की गई प्रार्थना को स्वीकार कर जग कल्याण के लिए हलाहल विष का प्याला कंठ में धारण कर नीलकंठ महादेव बन जाते हैं । भगवान शिव एक लोटा जल और मात्र बिल्व पत्र से प्रसन्न होकर त्रैलोक्य के स्वामी बना देते है उक्त उद्गार स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने हिन्दू श्रावण पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर नर्मदा मैया की गोद में भक्ति धाम ग्वारीघाट में व्यासपीठ से श्रीशिव महापुराण के चतुर्थ दिवस कहे ।

पं वेदांत शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से शिव महापुराण की कथाओं का श्रवण करायेगे । महाराज जी के सानिध्य में वैदिक आचार्यों के व्दारा शिवार्चन, वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है, देव आवाहन, नवग्रह, षोणश मातृका कलश स्थापना धार्मिक वैदिक अनुष्ठानों में पूजन अर्चन पंडित वेदांत शर्मा , वेदप्रकाश शर्मा , विजय पंजवानी , पप्पू लालवानी , रमेश मंगतानी,उमेश पारवानी, आशीष लालू महाराज, पुष्पराज तिवारी, जगदीश दीवान, अभिषेक पाण्डेय, सहित भाक्तिधाम सेवा समिति ने की ।

## श्री गुप्तेश्वर महादेव का खाटूश्यामजी बाबा श्रृंगार



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग ,स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी का संध्या आरती में श्री खाटू श्याम बाबा श्रृंगार किया गया. श्री गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज के सानिध्य में अधिक मास की एकादशी पर आज गुप्तेश्वर महादेव का श्री खाटू श्याम जीके स्वरूप में श्रृंगारित किया गया । आज पूजन अर्चन आरती में सुभाष रावत , वसंत मिश्रा, कमलेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 13 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की द्वादशी। नक्षत्र-आर्द्रा।**

मेष -आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आपको आज नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कोई नया काम भी शुरू कर पाएंगे। आज आपके विचार जल्दी-जल्दी बदलेंगे। इससे किसी तरह का कन्फ्यूजन आपको हो सकता है।

वृषभ -हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आज आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में आपका काम बिगड़ सकता है।

मिथुन -आज के दिन की शुरुआत में मन प्रफुल्लित और चित्त स्वस्थ होगा। आज मित्र या परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं। सुंदर वस्त्र धारण करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है। **क. 348-359**

कर्क -आज आप मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी एक निश्चय पर आप नहीं पहुंच पाएंगे। असमंजस के कारण मानसिक कष्ट होगा। संबंधियों के साथ अनबन हो सकती है। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च होगा।

सिंह -आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। फिर भी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण सामने आया हुआ अवसर गंवा देंगे। आपका मन कहीं खोया रहेगा। नए काम की शुरुआत आज ना करें।

कन्या -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी हैं। नए काम का आयोजन सफल होगा। व्यापार करने वालों तथा नौकरीपेशा लोगों के लिए लाभ का दिन है। पदोन्नति की संभावना है। अधिकारी से लाभ होगा।

तुला -आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कामों में सक्रिय रहेंगे। नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। लंबे प्रवास या धार्मिक स्थल की मुलाकात करने का प्रसंग बनेगा। नौकरी में लाभ का अवसर मिलेगा।

वृश्चिक -आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम का आरंभ न करें एवं क्रोध पर संयम रखें। किसी भी तरह के गलत काम से दूर ही रहें, अन्यथा आगे बड़ा नुकसान हो सकता है।

धनु -आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद से गुजरने वाला है। आज आप मनोरंजक दुनिया में व्यस्त रहने वाले हैं। पार्टी, पिकनिक, यात्रा, स्वादिष्ट भोजन और शॉपिंग आज के दिन का हिस्सा रहेंगे। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा।

मकर -व्यापार- धंधे के विकास और आर्थिक आयोजन के लिए आज अनुकूल दिन है। वसूली या पैसे की लेन-देन में सफलता मिलेगी। आयात-निर्यात में लाभ होगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। आर्थिक लाभ हो सकता है।

कुंभ -मानसिक अशांति और उद्वेग भरा दिन है। तेजी से बदलते विचारों के कारण अनिर्णायकता रहेगी, इसलिए ठोस निर्णय नहीं ले सकेंगे। संतान की चिंता आपको परेशानी में डाल सकती है।

मीन -आपको आज के दिन सावधानी रखने की सलाह दी जाती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद पैदा होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। मानसिक उद्वेग के साथ ही धन और मानहानि होगी। **मा. 127-569**

**2,5,6,8,21,50,68,81,90,76,86,31**

## भारत माता का पूजन कर, दिलाई पंच प्रण की शपथ

**जबलपुर, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर भारत भूमि के अमर शहीदों को नमन करते हुए, भारत देश को विकसित और समृद्ध शाली राष्ट्र बनाने के लिए बचपन से ही देश के कर्त्तव्य पालन कराने के लिए बालपन में ही राष्ट्र भक्ति जाग्रत करना होगी जिससे हमारे भारत देश की निरंतर उन्नति हो।

स्वामी विवेकानंद मंडल अंतर्गत गायत्री विद्या मंदिर स्कूल, साकेत नगर उखरी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें सभी छात्र एवं छात्राओं को मोदी जी द्वारा दिए गए अमृत काल के पंचप्रण की शपथ दिलाई गई, एवं स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए वीरों को याद कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया गया।



इस अवसर पर इस अवसर पर विवेकानंद मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहा पार्षद श्रीमती प्रतिभा भापकर , विशाल दत्त, राजेश द्विवेदी, रंजीत ठाकुर, विध्येश भापकर, नितिन मिश्रा, राहुल बैन , नीतेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद श्रीमती सुषमा पटेल , अनुभा राय , राजकुमार केवट , दिनेश केवट , रनेश खरे, शशांक केवट, बलराम पटेल, डाक्टर श्रीराम दाहिया, मोहन केवट सहित शाला संचालक, प्राध्यापक, समस्त स्टाफ एवं विधार्थी उपास्थित रहे।

## हजरत इमाम हुसैन की याद में बज्मे मसालमा दरबारे बुनियादी में

जबलपुर,देशबन्धु। कर्वला के मैदान में इंसाफ, इंसानियत और दीन के लिए बेमिसाल शहादत देने वाले हजरत इमाम हुसैन (रजि)की याद में इतवार को बज्मे मसालमा आयोजित किया गया है पुराना पुल गोहलपुर स्थित खानकाहे जमालिया में रात 10 बजे दरबारे बुनियादी के सज्जादर नशीन हजरत हाजी बाबा मेराज अहमद जमाली की सरपरस्ती में मसालयों का आगाज होगा। मौलाना रियाज आगाजी का सदारत और हजरत खादिम बाबा जमाली की जेरे हिमायत में कई मशहूर शायर हजरत इमाम हुसैन की शान में मसालमा पेश करेंगे गयासुददीन आगाजी मसालमे की निजामत करेंगे

## प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर भ्रष्टाचार के आरोप





**जबलपुर, देशबन्धु।**तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियम विरुद्ध स्वैच्छाचारिता एवं मनमाने ढंग से शिक्षक सवर्ग, लिपिक संवर्ग एवं नृत्य संवर्ग के लोक सेवकों के प्रशासनिक स्थानांतरण किये गये, लिपिक संवर्ग के लेक सेवकों के प्रशासनिक स्थानांतरण में कोई मापदण्ड निर्धारित नहीं किये गये, जिन लिपिकों के स्थानांतरण किये गये वह कार्यालय में पदस्थी दिनांक से कनिष्ठ है, उनके विरूद्ध कोई गंभीर शिकायत की जांच भी लंबित नहीं, फिर भी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी% जबलपुर द्वारा मनमाने ढंग से लिपिकों के प्रशासनिक स्थानांतरण किये गये हैं, यह कि.. विभाग में दशकों से एक ही पद पर कार्यरत लिपिकों को प्रशासनिक स्थानांतरण से मुक्त रखा गया है। ऐसे लिपिकों के विरुद्ध दर्जनों फर्जी अनुकम्पा नियुक्ति देने के प्रकरण की जांच उपरांत दंडित भी किया जा चुका है। फिर भी ऐसे लिपिकों को प्रशासनिक स्थानांतरण से मुक्त रखा गया है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री धनश्याम सोनी द्वारा प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों को ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं से नगर क्षेत्र की शालाओं में स्थानांतरण कर पदस्थ कर उपकृत किया गया है, इसी प्रकार अल्प वेतन भोगी भृत्य संवर्ग के लोक सेवकों के प्रशासनिक स्थानांतरण बिना किसी मापदण्ड के किये गये है जो जांच का विषय है।

संघ के दुर्गेश पाण्डे, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, सतीश देशमुख, योगेश कपूर, एस.पी. चूरामन गुर्जर, मनोज सिंह, परशुराम तिवारी, वीरेन्द्र चन्देल, एस. पी. वाथरे, रमेश कार्बले, संदीप चौबे, तुषेन्द्र सेंगर, अमित गौतम, रामकृष्ण तिवारी, सुरेश दाहिया, आदि ने आज माननीय शिक्षा मंत्री म.प्र. शासन के नाम से कलेक्टर जिला जबलपुर के माध्यम से तहसीलदार अधारताल श्री हरि सिंह धुर्वे को ज्ञापन सौंप कर मांग कि है की प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर श्री घनश्याम सोनी द्वारा प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर किये गये. भारी भ्रष्टाचार की जांच कराई जावे, जांच होने तक जारी किये गये स्थानांतरण आदेश स्थगित रखे जावे ।

## रेलवे ने निकाली तिरंगा रैली

**जबलपुर, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा , हर घर तिरंगा अभियान के तहत दिनांक 12.08.2023 को विवेकशील मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार अपर मंडल रेल प्रबंधक कुशल मार्गदर्शन में दोपहिया वाहन/बाइक रैली श्री सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी महोदय के निर्देशन में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से रेल सौरभ ऑफिसर्स कॉलोनी, बजरंग रेलवे कॉलोनी, लोको तलैया रेलवे कॉलोनी अपर लाइन रेलवे कॉलोनी, सुभाष रेलवे कॉलोनी, ऑफिसर रेलवे कॉलोनी, मिलेनियम रेलवे कॉलोनी होते हुए जबलपुर रेलवे स्टेशन पर समाप्त हुई । रैली में श्री संजय कुमार, मंडल कार्मिक अधिकारी, श्री पंकज कुमार सिन्हा, सहायक कार्मिक अधिकारी, श्री अरविंद पांडे सहा.कार्मिक अधिकारी, श्री सी एल बेरवा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कार्मिक विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा भारत स्काउट एवं गाइड के सदस्य लगभग 100 कर्मचारियों ने भाग लिया और हर घर घर झंडा हर घर तिरंगा अभियान के तहत नारे व स्लोगन के माध्यम से रेल कर्मचारियों में संदेश दिया । जिसमें मुख्य कल्याण निरीक्षक रविंद्र त्रिपाठी शैलेंद्र गौर संदीप शर्मा सभी कल्याण निरीक्षक स्काउट गाइड के जिला सचिव अनिल चौबे सहायक सचिव संजीव तिवारी सभी वरिष्ठ स्काउट लीडर शामिल हुए ।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**जनाब अमीनुद्दीन** -उपरैनगंज मौलाना की कुलिया निवासी शासकीय उर्दू स्कूल से सेवानिवृत्ति शिक्षक जनाब अमीनुद्दीन (बाबू भाई) का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे एडवोकेट शफीक उद्दीन जौहर, शमीद्दीन तथा जहीरूद्दीन गुड्डू के पिता तथा रेलवे के सादिक खान के मामा थे। मरहूम को मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।



**श्री राम कुमार द्विवेदी**- हाथीताल निवासी श्री राम कुमार द्विवेदी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में संपन्न हुआ।

**श्री विश्वनाथ कोल**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री मगरू कोल के पुत्र श्री विश्वनाथ कोल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री प्रमोद कुमार जायसवाल**- मेन मार्केट एनकेजे (कटनी) निवासी श्री प्रमोद कुमार जायसवाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पोटूमल सिंधी**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री पोटूमल सिंधी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती पानकुंवर जरोलिया**- त्रिवेणी ग्रीन रेसीडेंसी पोलीपाथर निवासी श्री तुलसी जरोलिया की धर्मपत्नी श्रीमती पानकुंवर जरोलिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री विनय कुमार झा**- घमापुर चौक के निकट निवासी श्री विनय कुमार झा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लल्लू प्रसाद कोरी**- टेलीग्राफ गेट नं. 4, साईं मंदिर के पास निवासी श्री लल्लू प्रसाद कोरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

# रेकी कर घरों में चोरी करने वाली गैंग के शातिर चोर पकड़े गये, वारदातों में महिला भी शामिल

## खमरिया समेत तिलवारा क्षेत्र में कई घरों के ताले तोड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के तिलवारा, खमरिया क्षेत्र के घरों में चोरी की वारदातें कर उत्पात मचाने वाली महिला व उसके दो साथियों को पुलिस ने आखिरकार पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों से करीब 5 लाख रुपए के जेवर बरामद किए हैं। पुलिस की इस कामयाबी हासिल करने के बाद घटना को साझा करने के लिये पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक ने एक प्रेसवार्ता आयोजित की और तिलवारा व खमरिया क्षेत्र में चोरी का खुलासा किया। पत्रकारों से एसपी टीके विद्यार्थी ने बताया कि पिछले दिनों खमरिया क्षेत्र के सोनपुर घाना, तिघरा स्थित घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदातें की गई। इसके अलावा तिलवारा क्षेत्र के दो घरों में भी चोरी की गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान महिला व दो शातिर बदमाशों का इन क्षेत्रों में घूमने की जानकारी मिली। जिसपर पुलिस ने तीनों को सरगर्मी से तलाश करते हुए हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातें करना स्वीकार लिया। पुलिस ने आरोपियों से सात चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए करीब पांच लाख रुपए के सोने व चांदी के जेवर बरामद किए है।

**खमरिया क्षेत्र में चोरी की वारदातें-**

पीएनबी ग्रीन सिटी सोनपुर रोड घाना खमरिया में मुन्नीबाई के घर का उस वक्त ताला तोड़कर चोरी की गई, जब वे अपने मायके सतना गई थी। जहां से सोने की 4 अंगूठी, 4 जोड़ी कान के टॉप्स, एक जोड़ी कंगन, 1 चैन, 6 मोती, चांदी की 4 जोड़ी पायल, 8 जोड़ी बिछिया चोरी किए गए थे।



अनमोल रेसीडेंसी तिघरा- प्रभात कुमार राव 24 दिसम्बर 2022 को बच्चे की तबियत खराब होने के कारण पत्नी के साथ अस्पताल गए थे। इस दौरान घर का ताला तोड़कर चोरों ने ज्वेलरी बैग में रखे सोने चांदी के जेवर तथा 42 हजार चोरी कर लिए।

**गुरुनानक कॉलोनी घाना-**

घाना की गुरूनानक कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार के घर से 50 हजार रुपए नगद, सोने की चैन, अंगूठी चोरी की गई। चोरी की वारात 12 अक्टूबर 2022 की देर रात हुई जब दिनेश कुमार नाइट ड्यूटी पर गए थे।

**काशी ग्रीन कॉलोनी पिपरिया-**

पिपरिया में ओएफके कर्मचारी नरेन्द्र मीणा के घर 19 सितम्बर 2022 को आलमारी के लॉकर से रखे सोने चांदी के जेवर, टाईटन कम्पनी की लेडिज घड़ी, 35 हजार रुपए नगद चोरी किए गए।

**ग्राम रिठौरी खमरिया में घटना-**

ग्राम रिठौरी निवासी रोशनी रजक के घर उस वक्त चोरी की वारदात की गई, जब वे घर से कुछ दूर जलगांव में डॉक्टर बल्लू के क्लिनिक गई थी। चोरों ने घर में रखी आलमारी से सोने का पांचाली, 3 लॉकेट, चांदी का एक करधन, 1 जोड़ी पायल, 3 कंगन, 1 खुसना व एक डोरा चोरी किया गया।

**अवनि बिहार कॉलोनी तिलवारा-**

इप्का कंपनी में पदस्थ मैनेजर मुनी कुमार पटेल 27 मार्च 2023 को ट्रेनिंग के लिए मुम्बई गया। इस बीच पत्नी भी अपने मायके रीवा कॉलोनी रामपुर चली गई। घर का ताला तोड़कर चोरों ने आलमारी से सोने का एक हार, झुमकी, पेण्डल, बेल चूड़ी 4, मंगलसूत्र सात पत्ती वाला, चांदी की करधन, पाजेब चोरी कर लिए। इसी तरह सतेन्द्र कुमार झारिया 9 दिसम्बर 2021 को ताला लगाकर निकले। इस दौरान ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे चोरों ने अलमारी मे रखे नगद 5 हजार रुपए नगद, सोने के कंगन, झुमकी, अंगूठी व चांदी के जेवर पार कर दिए।

### पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी

-अशोक उर्फ कटोरा पिता छोटेलाल चौधरी उम्र 45 वर्ष निवासी कुदवारी अमखेरा गोहलपुर।

-अशोक उर्फ कबाड़ी पिता सम्पतलाल चौधरी उम्र 52 वर्ष डॉ. बुधराजा क्लीनिक के पास झण्डा चौक घमापुर।

-माला पति सोनू उर्फ नागिन चौधरी उम्र 35 वर्ष हाउसिंग बोर्ड अधारताल स्थायी पता सिंधी कैंप बडी मदार टेकरी हनुमानताल ।

### बरामद किए गए जेवर-

पुलिस ने आरोपियों से 6 तोला सोना, एक किलो चांदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने खमरिया में पांच व तिलवारा में 2 चोरी की वारदातें की है। इसमें शातिर नकबजन अशोक कटोरा के खिलाफ खिलाफ शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी के 50 मामले दर्ज हैं। आरोपी ने खमरिया, रांझी, गोरखपुर, माढ़ोताल, तिलवारा, गोराबाजार, संजीवनी नगर व हनुमानताल क्षेत्र में पूर्व में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

## मंदिरों में चोरी करने वाले 6 आरोपी पुलिस ने दबोचे



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने एक ऐसे चोर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो मंदिरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस अब चोर गिरोह के सदस्यों से शहर में हुई चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में एसपी टीके विद्यार्थी ने बताया कि बेलबाग के कदम तलैया, भानतलैया, गोराबाजार व घमापुर क्षेत्र स्थित मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है। एक के बाद एक इन तीनों मंदिरों में चोरों ने ताले तोड़कर दान पेटियों से नगदी चोरी कर आरोपी भाग गए। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए 6 युवकों को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो सभी ने चोरी की वारदातें करना स्वीकार लिया। पुलिस ने बताया कि चोरों ने कदम तलैया शिव मंदिर, भानतलैया स्थित हनुमान मंदिर, घमापुर के शीतलामाई मंदिर व गोराबाजार स्थित हनुमान मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर नगदी रूपये चोरों ने पार कर दिये थे। पुलिस ने वारदातों का खुलासा करते हुए माल बरामद कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों में राकेश पिता रामविशाल बर्मन उम्र 25 वर्ष निवासी जीसीएफ स्टेट घमापुर, शेखर पिता संजय लोधी उम्र 19 वर्ष नारायण चौक घमापुर, राज पिता कमल बिरहा उम्र 19 वर्ष एपी कॉलोनी सिविल लाईन, विकास पिता श्याम श्रीवास उम्र 21 वर्ष जीसीएफ स्टेट घमापुर, करण पिता शक्ति बर्मन उम्र 19 वर्ष नवयुग कॉलेज के पास सिविल लाईन, शंकर पिता भूषण राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी सतपुला घमापुर को गिरफ्तार कर लिया है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी ने शनिवार को पुलिस कंट्रोल रुम में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों का सम्मान किया। इस मौके पर एएसपी प्रियंका शुक्ला समर वर्मा, कमल मौर्य, प्रदीप कुमार शेंडे तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन उपस्थित थे।

एसपी टीके विद्यार्थी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल व भारत सरकार गृह मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के तहत स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिवारजनों के लिये सम्मान समारोह आयोजित किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है।

जिसके परिपालन में शनिवार शाम 5 बजे पुलिस कन्ट्रोलरूम में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव के






अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कल्लूलाल सेन की धर्मपत्नि श्रीमति गिरजा बाई सेन निवासी दक्षिण मिलौनीगंज, स्वर्गीय संम्भाजी सेलुकर की धर्मपत्नि श्रीमति पुष्पा बाई निवासी रामनगर रामपुर, स्वर्गीय रतनलाल सोनी की धर्मपत्नि श्रीमति रामकली सोनी निवासी उपरैनगंज तथा स्वर्गीय श्रीराम यादव के पुत्र अनिल यादव निवासी बापू नगर रांझी को श्रीफल-फूल माला भेंट कर सम्मानित किया गया।

## शराब तस्करी करते तीन धराये, देशी एवं कच्ची शराब बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने ग्वारीघाट, मदन महल व ओमती थाना क्षेत्र में तीन शराब तस्करों को दबोचा है। जिसने ऑटो व एक्सिस वाहन तथा देशी व कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में ग्वारीघाट थाना प्रभारी नेहरू खण्डाते ने बताया कि शनिवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भटौली निवासी एक अधेड़ अपने घर के आंगन में 15 लीटर वाले 4 डिब्बों अधिक मात्रा में कच्ची शराब बेचने के लिये लाकर रखा है। पुलिस ने तत्काल उसके घर में दबिश दी व उसे पकड़ा लिया। पूछताछ में अधेड़ ने अपना नाम हिम्मत बर्मन उम 62 वर्ष निवासी ग्राम भटौली बताया। जो चार डिब्बों में 60 लीटर कच्ची शराब रखे मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुये कच्ची शराब जप्त कर उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

**ऑटो में शराब तस्करी करने वाल पकड़ा गया**-इसी प्रकार ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि शास्त्रीब्रिज तरफ से एक ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर ए 0891 में एक युवक भारी मात्रा में देशी शराब लोड कर जबलपुर अस्पताल रोड तरफ जा रहा था। जिसे न्यू इंडिया इंशोरेंस कम्पनी के सामने भवंरताल गार्डन में वाहन चैकिंग के दौरान शास्त्रीब्रिज रोड पर रोका गया। पूछताछ में ऑटो चालक ने अपना नाम सदानिभी साहू उम्र 34 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के पास राजीवनगर चेरीताल थाना कोतवाली बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह ऑटो में यात्रिओं के बैठने वाले स्थान पर प्लास्टिक की 3 बोरियों में 290 पाव देशी शराब रखे मिला। आरोपी से पूछताछ करने पर उक्त शराब पैसे कमाने के लिये एक अंजान व्यक्ति ने कहा कि आगा चौक पर एक फटी हुयी पीले रंग की शर्ट पहने एक लड़का तीन बोरियां लिये खड़ा होगा तुम्हें वह तीन बोरियां ले जाकर माण्डवा बस्ती रामपुर रोड पर एक नारंगी शर्ट पहने लड़का खड़ा होगा को तीनों बोरियां देनी है, इसलिये वह आगा चौक से माण्डवा बस्ती रामपुर की तरफ गलियों से होते हुये जा रहा था। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के कब्जे से उक्त शराब व ऑटो जप्त कर लिया है।

**चूहे की गाड़ी में शराब मिली**- इसी तारतम्य में मदनमहल थाना प्रभारी ओ.पी. तिवारी ने बताया कि एक युवक काले रंग की बिना नम्बर की एक्सिस में बोरी रखकर अवैध रूप से शराब लेकर लिंक रोड तरफसे बस स्टेण्ड तरफ जाने वाला है। जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। वाजपेयी के बाड़ा में गेट नम्बर 4 के तरफ से काले रंग की एक्सिस आते दिखी। जिसे रोककर पुलिस ने चालक से पूछताछ की। जिसने अपना नाम मोनू उर्फ चूहा अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी नसीमाबाद चारखम्बा हनुमानताल बताया। जिसकी एक्सिस में रखी बोरी को चैक करने पर 300 पाव देशी शराब होना पायी गयी। पुलिस ने शराब लोड एक्सिस जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पैसों के विवाद पर हत्या करने वाले दो को आजीवन कारावास

## एससीएसटी की विशेष अदालत ने तीन-तीन हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला के इंद्रा पिपरिया ग्राम में पैसों के विवाद पर एक युवक की हत्या करने वाले दो लोगों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एससीएसटी के विशेष न्यायधीश गिरीश दीक्षित की अदालत ने हत्यारे संदीप बाजपेयी व विनोद बेन पर तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया कि गया कि मृतक भरतलाल भूमिया के भतीजे संतोष का आरोपी विनोद बेन से पैसो का विवाद था। जिस पर विनोद अपने साथी संदीप के साथ मिलकर भरतलाल के पास पहुंचा। दोनों विनोद को ग्राम इंद्रा पिपरिया के सूनसान क्षेत्र में ले गये। जहां पर सिर में पत्थर पटक कर विनोद की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपियों ने मृतक की मोटर साइकिल ले जाकर जंगल में फेंक दी। बरेला पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने दोनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुश्री नविता पिल्ले ने पक्ष रखा।




## रेलवे कर्मी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने वाले को उम्रकैद

### अदालत ने आरोपी पर तीन हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अदालत ने ऑन ड्यूटी रेलवे कर्मी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या व दूसरे कर्मी पर जानलेवा हमला करने वाले दोषी करार दिया है। एडीजे राजेश कुमार तिवारी की अदालत ने आरोपी नमन चौधरी को उम्रकैद की सजा से दंडित किया है। अदालत ने नमन पर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 23 अगस्त 2020 को खिरहनी रेलवे ट्रैक पर निरंजन राम व विनोद यादव पेट्रोलिंग ड्यूटी कर रहे थे। शाम 7.30 बजे दोनों जमतरा स्टेशन पहुंचे और कुर्सी पर बैठकर मोबाईल पर टिकिट देखने लगे। उसी दौरान आरोपी नमन चौधरी हाथ में कुल्हाड़ी लेकर आया और सामने वाली बेंच में बैठ गया। जब निरंजन और विनोद मोबाईल पर व्यस्त थे तो उसी समय नमन ने विनोद की गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। निरंजन ने बीच बचाव किया तो उस पर भ्झी कुल्हाड़ी से हमला किया। उक्त मामले में विनोद यादव की मौत हो गई। बरेला पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक हेमलता दहल व सुश्री रानी जैन ने पैरवी की।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

### पाक्सो की अदालत ने दो हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर शरीरिक शोषण करने वाले आरोपी अभिषेक महोबिया को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाक्सो की विशेष अदालत ने अभिषेक महोबिया को 20 साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता ने 7 अप्रैल 2022 को बरेला थाने में आरोपी अभिषेक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें बताया गया था कि आरोपी से उसकी जान पहचान थी। अभिषेक महोबिया ने उसे शादी का झांसा देते हुए शरीरिक संबंध बनाये। इतना ही नहीं पहले अभिषेक शादी के लिये तैयार था। जिस पर वह अभिषेक के साथ उसके घर पर चार माह तक रहीं, जहां पर अभिषेक उसके साथ गलत काम करता रहा। उसके बाद शादी से इंकार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने दुराचार व पाक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने अभिषेक महोबिया को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पक्ष रखा।

## फर्जी डिग्री व पंजीयन का मामला कोर्ट पहुंचा

### वेतन वसूली, पंजीयन निरस्तगी की चाही गई राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट में जनहित याचिका व अधीनस्थ न्यायालय में परिवाद के जरिए फर्जी डिग्री व पंजीयन के आधार पर आयुष चिकित्सक नियुक्ति मामले में डा. शुभम अवस्थी के विरुद्ध कार्रवाई की राहत चाही गई है। हाईकोर्ट में जनहित याचिका विनय जी डेविड व प्रशांत वैश्य की ओर से दायर की गई है।

जिसमें वेतन वसूली व पंजीयन निरस्तगी की मांग की गई है। मामले में आरोप है कि डॉ. शुभम अवस्थी ने कोविड-19 के काल में विक्टोरिया अस्पताल में नियुक्ति पाने के लिए आयुर्वेद स्नातक की कूटरचित डिग्री प्रस्तुत की थी। यही नहीं मध्य प्रदेश आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति व प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड भोपाल में आफ लाइन पंजीयन मोड़ से पंजीयन क्रमांक 56970 प्राप्त किया। जबकि जांच किए जाने पर यह तथ्य सामने आया कि यह पंजीयन क्रमांक वास्तव में डॉ. इरम जहां मंसूरी का नाम रजिस्टर में दर्ज है। इस तरह साफ है कि फर्जीवाड़ा करके नियुक्ति हासिल की गई है। मामले की सुनवाई 14 अगस्त को निर्धारित है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता परितोष गुप्ता व अंशुल तिवारी पैरवी कर रहे हैं। वहीं शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बारी द्वारा जेएमएफसी कोर्ट में आपराधिक परिवाद दायर किया गया है। जिसमें अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने की राहत चाही गई है।



## एड. निशिकांत चौधरी विश्व शिक्षा सम्मेलन में सम्मानित

**जबलपुर,देशबन्धु।** राजस्थान प्रदेश के जयपुर नगर में 10,11,12 अगस्त को आयोजित तीन दिवसीय विश्व शिक्षा सम्मेलन के उदघाटन सत्र में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फाउण्डेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. निशिकांत चौधरी को सम्मेलन मार्गदर्शक एवं विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय बौद्धिक प्रमुख स्वातरंजन, राष्ट्रीय शिक्षा संस्कृति एवं उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी, स्वच्छता अभियान भारत के राष्ट्रीय ब्रांड एम्बेसडर तथा यूनाइटेड नेशन के सलाहकार प्रो. डी शर्मा प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ नेहा शर्मा, निदेशक आरोग्य यूके प्रो. डॉ मदम थंगवेलू वैज्ञानिक केम्ब्रिज विश्वविद्यालय, डॉ गोविंद शरण नेपाल, डॉ रमेश पाटनी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी डॉ कैलाश माहेश्वरी सऊदी इलेक्ट्रानिक विश्वविद्यालय सऊदी अरेबिया, डॉ वेंकट जोशी आयुर्वेद एकेडमी यूके डॉ माधव तुरमेला, लंदन डॉ केवल नाइक मॉरिशस आदि राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय विभूतियों की विशेष उपस्थिति में शाल श्रीफल सम्मानपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जेडीए में भ्रष्टाचार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर,देशबन्धु।** विगत डेढ़ माह से दलाली एवं भ्रष्टाचार के विरूद्ध शहर जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मनोज नामदेव, के नेतृत्व में एवं कांग्रेसजनों की उपस्थिति में श्रीमतीप्रभा सिंह ठाकुर, महेश मिश्रा, शिव कुमार सोनी, विष्णु विनोदिया, राजेश गौतम, प्रवेन्द्र चौहान, चमन पासी, कृष्ण चंद्र शर्मा, पीयुष सोन, शिशांत सिंह ठाकुर, राजीव तिवारी, असलम मंसूरी, प्रिंस सलूजा, सुनीत निगम, मनोजनोतनानी, नरेशसोनकर, लखन चौबे, विश्वनाथ सोनी, पूनमचंद्र सोनकर, कृष्णा गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों की उपस्थित में कांग्रेस जनों ने जो मुहिम छेड़ी उसके तहत 11 अगस्त को जबलपुर विकास प्राधिकरण में नाए पदस्थ सीईओ दीपक वैद्य जी को बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने हाथों मेंतिरंगा झंडा, लेकर ज्ञापन सौंपा।

## शिवसेना ने भाजपा नेता चिकित्सा प्रकोष्ठ महानगर की फर्जी डिग्री का लेकर ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर,देशबन्धु।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे प्रतिनिधि मंडल द्वारा एक ज्ञापन संभागीय कमिश्नर के नाम उपायुक्त दिव्या अवस्थी को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि कोविड 19 केकाल में विक्टोरिया अस्पताल में आयुष चिकित्सा की नियुक्ति पाने के लिए भाजपा चिक्तिसा प्रकोष्ठ जबलपुर के महानगर सह संयोजक शुभम अवस्थी ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से आयुर्वेद स्नातक की कूटरचित डिग्री बनाकर पेश की थी उस डिग्री में अवस्थी ने यह झूठ भी छलपूर्वक अंकित किया था कि उसने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर से पढ़कर यह डिग्री प्राप्त की थी। जिसको लेकर पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को भी ज्ञापन दिए जा चुके हैं परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई यदि शीघ्र कार्यवाही कर इन्हें बर्खास्त कर कानूनी कार्यवाही नही की जाती है तो शिवसेना आंदोलन के लिए बाध्य होगी इस दौरान शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बारी, जिला उपाध्यक्ष गजानंद गुप्ता, भवानी शंकर सतनामी, सुधीर ताम्रकार, मुकेश सराठे, सेलू पटेल विकास सराठे, राकेश कटिया आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऑफ जबालिपुरम मानसिक एवं मंदबुद्धि बच्चों के बीच सेवा कार्य



**जबलपुर,देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ जबालिपुरम गढ़ा स्थित चैतन्य सेवा संस्थान में मानसिक एवं मंदबुद्धि छात्राओं के बीच जाकर सेवा कार्य किया गया। क्लब के अध्यक्ष रोट डॉ शोभित वर्मा ने बताया कि क्लब के वरिष्ठ रोटेरियन अधिवक्ता रोट प्रियांकुष जैन के स्वर्गीय पिता पीके जैन की स्मृति में चैतन्य सेवा संस्थान में बच्चों को विशेष खेलों के लिए राशि एवं जरूरत अनुसार खादय पदार्थ भेंट किये गए इस आयोजन में रोट अनिमेष दास रोट प्रसून मिश्रा रोट कौशिक सरकार रोट मितेश डागा रोट दीपांशु दुबे रोट मयंक अरोरा आदि उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबने से तीन बहनों की दर्दनाक मौत

### मऊगंज थाना क्षेत्र के पचपहरा गांव की घटना



**रीवा, देशबन्धु।** आज दोपहर घर से तालाब नहाने गयी तीन बहनों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी। इसमें दो सगी बहन और एक चचेरी बहन है। घटना जिले के मऊगंज थाना अंतर्गत पचपहरा गांव की है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चियों का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि रकरी ग्राम पंचायत के पचपहरा गांव निवासी रामनिवास साकेत की पुत्री लक्ष्मी साकेत 7 वर्ष, सोनिया साकेत 10 वर्ष और भतीजी सरस्वती साकेत 8 वर्ष शनिवार की दोपहर गांव में ही स्थित एक तालाब में नहाने गई थीं। इस दौरान गहरे पानी में जाने की वजह से तीनों की डूबने से मौत हो गई, वहीं मौजूद एक बालक ने गांव वालों को घटना के संबंध में बताया। जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने तालाब से तीनों का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का कहना था कि घर के सभी सदस्य खाद्यान्न लेने समिति में गए हुए थे सूचना मिलते ही आईपीएस थाना प्रभारी अंकित सोनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे वहीं जनपद सदस्य कवि तिवारी सरपंच प्रतिनिधि अनिल सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पुलिस द्वारा तीनों सवो को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए स्वास्थ्य विभाग लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा पीएम कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया इस बड़ी घटना से क्षेत्र में मातम का माहौल निर्मित हो गया तीनों नाबालिक लड़कियां एक ही घर से थी जिसमें दो सगी बहने एवं एक चचेरी बहन थी वही आज एक अन्य घटना में ग्राम बरयाकला की काजल कोल पिता कमलेश उम्र 12 वर्ष जो बहेराडावर मामा के यहां घूमने गई थी वहीं नदी में नहाते वक्त डूबने से मौत हो गई।

मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत रकरी में पचपहरा बांध में साकेत परिवार के 3 बच्चियों के डूबने की घटना पर पूर्व विधायक मऊगंज सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा इस तरह असमय मासूम बच्चों का जाना पीड़ित परिवार माता पिता के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं। ईश्वर परिवार को कष्ट सहने की शक्ति दे। मैं परिवार के दर्द को बांटने का प्रयास करूंगा।

## आजादी महोत्सव के उपलक्षय में मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम का आयोजन

### बच्चों को बांटे कम्पास और प्रशस्ति पत्र

**सिहोरा, देशबन्धु।** आजादी महोत्सव के उपलक्षय में मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम नगर पालिका परिषद सिहोरा के सौजन्य से सी एम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सरस, शाला के प्राचार्य श्री अशोक कुमार उपाध्याय,उप प्राचार्य श्री शैलेंद्र कुमार मिश्रा,वार्ड पार्षद श्री सुप्पी बर्मन,बीआरसी श्री पी एल रैदास की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना की गई इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों के द्वारा शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात बच्चों के द्वारा देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए सीएम राज विद्यालय ष्ड्डद्वश्चह्वह्य-2 शास कन्या प्राथमिक शाला सिहोरा के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा बहुत ही अनूठी प्रस्तुतियां की गई ।इन बच्चों को श्रीमती सुधा उपाध्याय के द्वारा प्रोत्साहित कर कार्यक्रम के लिए तैयार किया गया ष्ड्डद्वश्चह्वह्य-1 के बच्चों के द्वारा भी देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए ।

शाला के प्राचार्य अशोक उपाध्याय जी के द्वारा भी देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र और कंपास बॉक्स देकर उनका उत्साहवर्धन किया और अपने उद्बोधन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सरस ने कहा मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है और इस कार्यक्रम से बच्चों को वीर शहीदों के बारे में जानकारी प्राप्त हो बच्चे उनको समझ सके जान सके अशोक उपाध्याय प्राचार्य जी ने बच्चों को शुभकामनाएं और बधाई दी कहा कि हमें अपने शहीदों के समर्पण को भूलना नहीं चाहिए और आप लोग अच्छी पढ़ाई करें और इस समाज प्रदेश राष्ट्र का नाम रोशन करें ।इस कार्यक्रम में पत्रकार श्री विजय कुमार तिवारी और नगर पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे संस्था के शिक्षक रवि प्रकाश मिश्रा,अमित जैन,निधि शुक्ला, रजनी कोरी,अशोक पटेल,विवेक नामदेव,वर्षा साहू सहित बच्चों के पालक आदि उपस्थित थे। पंडित रवि प्रकाश मिश्रा का विशेष सराहनीय सहयोग रहा।श्री संदीप सोनी ने कार्यक्रम का विधिवत संचालन किया।राजा ठाकुर,घंसु गुप्ता,प्रवीण पाण्डेय का सहयोग प्राप्त हुआ।

## सार-समाचार

### बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरुकता आवश्यक : जेपी त्रिपाठी

#### एवी किड्स स्कूल में मनाया ग्रीन डे सेलिब्रेशन

**सिहोरा,देशबन्धु।** ए वी किड्स स्कूल महाराजपुर में मनाया गया ग्रीन डे सेलिब्रेशन। इस कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों को



विद्यालय समिति के अध्यक्ष जे पी त्रिपाठी एवं प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी के द्वारा पौधे वितरित किए गए साथ ही पर्यावरण को नियंत्रित करने एवं पर्यावरण में पौधों की महत्ता को भी बच्चों समझाते हुए पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य ने लगभग 77 बच्चों को पौधे वितरित किए।

**बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरुकता आवश्यक**-एवी किड्स स्कूल समिति के अध्यक्ष श्री जे पी त्रिपाठी ने कार्यक्रम के दौरान छात्रों एवं उनके अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता आवश्यक है जिससे भविष्य में इन बच्चों के द्वारा प्रकृति से लगाओ बढ़ सके और वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए यह बच्चे भी सजा जी हो सके इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मधु त्रिपाठी में भी बच्चों को अपने-अपने परिजनों के साथ मिलकर वृक्षारोपण करने एवं वृक्षों को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने को प्रेरित किया।

### नाबालिग किशोरी को किया दस्तयाब

**कुडम, देशबन्धु।** कुंडम पुलिस अपने स्टाफ के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार 6 घंटे के अंदर एक नाबालिग बच्ची को 14 साल की फागु लाल यादव ने किया। किडनैप कुंडम थाना प्रभारी एसआई वीरेंद्र सिंह उईके ने बताया कि कोहका बडखेरा के पास एक गांव से 2ः00 बजे के आसपास एक युवक फागुलाल यादव केवलारी बीजाडांडी जिला मंडला का रहने वाला ने एक नाबालिक बच्ची को पकड़कर फरार हो गया उस बच्ची को जानकारी में लेते हुए पिता ने कुछ घंटे बाद थाना कुंडम पहुंचे घटना की जानकारी विस्तार से बताई गई थाने पर रिपोर्ट दर्ज किया गया पुलिस ने बताया कि जिस बाइक गाड़ी में ले गया था वह गाड़ी भी जब्त




कर ली गई है और आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए उसे जेल पहुंचाया गया कुंडम नगर के कुछ नागरिक बंधु भी इस बच्ची की पिता की रिपोर्ट के लिए सहयोग करने पहुंचे कुंडम थाने कुंडम पुलिस बड़ी मशक्कत से अपनी पुलिस वल दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया इस सहयोग में प्रधान आरक्षक जागेश्वर उपाध्याय ए एसआई रूप सिंह कुशराम जेपी यादव प्रिंस पटेल नरेंद्र राजपूत सहित सहयोग किया है पुलिस स्टाफ कुंडम पुलिस को कुंडम नगर के नागरिक बंधु ने पुलिस की सफलता को देखते हुए धन्यवाद दिया।

### पनागर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**बरेला, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी का पनागर विधानसभा 101 का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसमे भारतीय जनता पार्टी पनागर विधानसभा के सभी 7 मंडलों के बूथ के कार्यकर्ता को आगमी विधानसभा चुनाव में विजय का संकल्प लेते हुए केंद्र एवम राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचने की शपथ ली, जिसमे जबलपुर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद राकेश सिंह जी, पनागर विधानसभा के यशश्वी विधायक सुशील तिवारी (इंदू भैया) मुख्य वक्ता श्रीमती अमिता चपरा जी, भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सुभाष तिवारी (रानू जी), डॉक्टर सुभाष तिवारी जी,प्रतीक दुबे जी, नरेंद्र त्रिपाठी, हर्ष तिवारी,मनोज यादव जी,अंकुर जैन,कुणाल पटेल,बिज्जू ठाकुर,अनिल पटेल,मोनू खरे, आनंद साहू ,अलका गर्ग,प्रहलाद पटेल,आशीष पटेल,खुशीलाल,संजय पटेल, संतोष सैनी,राम निवास गौतम,सोनू सोनकर,भानु नवेरिया,अर्पित जैन,प्रवेश पटेल दीपेश पटेल,चंदन पटेल,मैसी विश्वकर्मा,अजय रजक, शेलन्द्र साहू,विक्की पटेल,गणेश पटेल, आदि उपस्थित रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**सिहोरा,देशबन्धु।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा अभियान' अंतर्गत महाविद्यालय में भाषण दक्षता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव के संरक्षण में आयोजित किया गया।

भाषण दक्षता प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक छात्रङ्कछात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सामाजिक समरसता, स्वच्छ भारत मिशन और नारी सशक्तिकरण जैसे समसामयिक प्रेरणादायी विषयों पर अपनेङ्कअपने विचार प्रस्तुत किए निबंध लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत महाविद्यालय छात्रङ्कछात्राओं द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण विषय पर निबंध लेखन के माध्यम से अपनी वैचारिक प्रतिभा को प्रस्तुत किया गया।उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक का दायित्व डॉ सुदेश मेहरोलिया और डॉ अनंदी लाल कुर्मी द्वारा निर्वहन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से 35 छात्रङ्कछात्राओं ने भाग लिया।उक्त प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सहायक प्राध्यापक श्री ज्ञानेश पाण्डेय, श्री गौरव द्विवेदी,श्री अनिल राजपूत एवं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा राशि जैन और आंशी मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सरकार की अनदेखी से आक्रोशित सिहोरावासी

### जिला के लिए 16 से अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर विगत 2 वर्ष से चल रहे आंदोलन पर सरकार के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से संपूर्ण सिहोरा में आम नागरिक आक्रोशित हो उठा है। शुक्रवार को नगर के व्यापारियों प्रबुद्ध जनों और युवाओं ने एक बैठक का आयोजन किया और सिहोरा के सम्मान के लिए आर-पार की लड़ाई का संकल्प लिया ।अब आगामी 16 अगस्त से संपूर्ण सिहोरा खितौला को अनिश्चितकालीन रूप से बंद रखा जाएगा । सिहोरा वासी अब किसी भी स्थिति में जिला की मांग पूरी कराना चाहते है।

**एक दिन पूर्व स्वाभिमान यात्रा**-इसके साथ ही सभी उपस्थित जनों ने यह संकल्प भी लिया कि आगामी 15 अगस्त को सिहोरा स्वाभिमान यात्रा का आयोजन नगर के प्रमुख सड़कों से करते हुए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और इसके बाद 16 से संपूर्ण बंद की शुरुआत होगी।नाराज लोगो ने बैठक समाप्ति के बाद रात 9बजे ही सिहोरा में एक रैली निकाल दी। इस बैठक में सिहोरा के नीतेश खरया, आनंद प्रकाश जैन, रमाशंकर चौरसिया, विजय जानवानी, कान्हा पांडे, सैंकी जैन, आशीष सोनी, ऋषभ दिवेदी, धीरज तिवारी, राजा दुबे, सौरभ सरावगी, एकता ठाकुर, संदीप ब्यौहार, प्रभात कुररिया, नीरज सोनी, संतोष पांडे, कमल किशोर गुप्ता, संचय ताम्रकार, अभिजीत पाठक, राहुल तिवारी, पवन उपाध्याय, विक्रम सोनी, अनुराग साहू सहित लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अधिकारियों ने बना दी मुख्यमंत्री जी कि घोषणा को पत्थर की लकीर जो सात साल में एक इन्च भी नहीं बढीं

**बरेला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रांतीय उपाध्यक्ष शहजाद सिंह द्विवेदी ने बताया प्रदेश के मुख्यमंत्री हर जगह मन्च से घोषणा कर कहते हैं कि मैं जो घोषणा करता हूँ वह पत्थर की लकीर होती हैं इसी तरह की माननीय मुख्यमंत्री जी ने सात साल पहले सहायक शिक्षकों कि अनार्थिक माँग को पूरा करने का पूरा करने का




भरोसा देकर कहा था कि सहायक शिक्षकों को एकमुश्त उच्च श्रेणी शिक्षक बनाया जाऐगा में जो कहता हूँ वह पत्थरों कि लकीर होता है इस कहावत को भोपाल में बैठे अधिकारियों ने चरितार्थ कर दिखाया कि सहायक शिक्षकों कि फाइल अधिकारियों के पास वर्षों से पडी है कर्मचारी संघों द्वावारा अनेकों बार अधिकारियों को विधायक मन्त्रीओ को माँग पत्र सोंपा लेकिन फाइल एक इन्च आगे नहीं बढीं ।

इसको कहते हैं पत्थर की लकीर संघ माननीय मुख्यमंत्री जी से पुनः माँग करता है कि सहायक शिक्षक जो आपनी 35 से 40 कि एक ही पद पर रहते हैं हजारों शिक्षक प्रतिमाह रिटायर हो रहें हैं सहायक शिक्षकों कि पीड़ा को समझते हुए सभी सहायक शिक्षकों को उच्च पदनाम देकर अपनी घोषणा को पूण करें ।माँग करने वालो में संघ के अजय दुबे रजनीश पान्डे दाल चन्द पासी उमेश द्विवेदी सतीश उपाध्याय आर के लखेरा जयप्रकाश गुप्ता प्रदीप मिश्रा बृजेश दीझित देवी सिंग मनोज सिंह शेर सिंह आनंद पटेल अशुल साहू सुरेन्द्र चौवे मोहित नाथ आदि ने सहायक शिक्षकों को एकमुश्त पदनाम का लाभ देने की मांग की है।

## 19 ग्रामों को 1025 कृषि पंप, 2475 उपभोक्ताओं को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण बिजली : नंदनी मरावी



**गोसलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार को मंशा है कि किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को गुणवतापूर्ण निबंध बिजली मिले।

लगातार लोड बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली को लेकर लगातार समस्याएं आ रही है। इसी समस्या को दूर करने सरकार अब आरएसएस की प्रस्तावित नयौन योजना के तहत सब स्टेशनों की स्थापना कर रही है। यह बात विधायक नंदनी मरावी ने 16 जुलाई से 14 अगस्त तक प्रदेश सरकार द्वारा बनाए जा रहे मुख्यमंत्री विकास पर्व के तहत सिहोरा विधानसभा के ग्राम झांसी ( खेला) में 33/11 केवीके सब स्टेशन के भूमि पूजन के अवसर पर ग्रामीण और भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं से कही। विधायक ने कहा कि सब स्टेशन बन जाने से 19 ग्रामों के 1025 कृषि पंप, 2475 उपभोक्ताओं गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलेगी।

जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, जिला महामंत्री राजेश दहिया, जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, सिहोरा नगर मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी, मंडल प्रभारी अनुपम सराफ, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, अनिल चौधरी, एमपीसी से नीरज कुचिया सहित समस्त कर्मचारी ग्रामवासी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**19 ग्रामों के उपभोक्ताओं को मिलेगा सब स्टेशन का फायदा**

इसके बन जाने से ग्रांम झांसी, बेला, सिलुआ, टिकरिया, पौडी कला, बरने, मडई, मौद, रामनगर, खम्हरिया, रानौताल, इन्दौरिया, खेली, पचकुंडी, केवलारी, कुंडबा, पिपरसरा, भदम, खजरी, सहित कुल 19 ग्रामों के 1025 कृषि पंप उपभोक्ताओं एवं 2450 घरेलू उपभोक्ताओं सब स्टेशन के भूमि पूजन के अवसर पर को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## यात्रियों से भरी बस को बल्कर ने मारी टक्कर, 27 गंभीर

### बीती देर रात की घटना, 40 हुए हैं घायल



**सीधी, देशबन्धु।** बीती देर रात लगभग साढे बारह बजे सीधी जिले में एक बस को बल्कर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार करीब 40 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। इनमें से 27 की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल सीधी और कुछ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट में ले जाया गया। यहां सभी का इलाज चल रहा है, फिलहाल किसी की मौत की सूचना नहीं है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना देर रात करीब साढे 12 की है। गौतम बस सर्विस की बस (एमपी 19 पी 0563) सतना से सिंगरौली की तरफ जा रही थी। इस दौरान बढ़ाऊरा शिव मंदिर के पास सीधी से रीवा जा रहे बल्कर ने बस को सामने से टक्कर मार दी।

**खिड़की तोड़कर लोगों को निकाला**-प्रत्यक्षदर्शी राम रईस साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि बस पूरी तरह से भरी हुई थी, जिसमें करीब 50 से ज्यादा यात्री सवार थे। जिनमें से 40 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। जैसे ही बल्कर की टक्कर हुई बस पलट गई। इसमें कई लोगों के हाथ और पैर टूटने की आशंका है। हादसे के बाद लोगों ने यात्रियों को खिड़की तोड़कर बाहर निकलने का प्रयास किया। मामले की जानकारी लगते ही चुरहट थाना पुलिस, सेमरिया और जमोडी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल में भिजवा दिया है। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट और जिला अस्पताल में घायल व्यक्तियों का इलाज चल रहा है।

## बेटे ने लाठी डंडे से मां पर किया जानलेवा हमला

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत ग्राम कटरा बेलखेड़ा गांव में एक कलयुगी बेटे ने मामूली से वाद-विवाद पर अपनी मां पर लाठी डंडे से हमला कर सिर फोड़ दिया। पाटन थाने से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12/08/23 समय 12 के आस पास अनीता लोधी पति ओंकार लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी कटरा बेलखेड़ा अपने घर पर थी तभी आरोपी जो उनका पुत्र है जिसका नाम नितिन लोधी पिता ओंकार लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी कटरा बेलखेड़ा घर पर आकर बेवजह वाद-विवाद करने लगा उन्होंने जाने के लिए बोला तो लड़के ने लाठी डंडे से सिर पर हमला करके चोट पहुंचा दी घटना की जानकारी लगते ही परिजन इलाज के लिए पीड़ित को पाटन लेकर आय,पीड़ित के द्वारा मामला दर्ज करवा दिया है। पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## शोभा सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**पाटन, देशबन्धु।** शोभा सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय पाटन में उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार महाविद्यालय में आज दिनांक 12/08/2023 को महाविद्यालय की प्राचार्य के मार्गदर्शन में अंतर्राष्टीय युवा दिवस के अंतर्गत एच.आई.बी-एड्स जागरूकता के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी पुनीत मरवाह एन.एस.एस.अधिकारी द्वारा छात्र छात्राओं को एड्स एवं एच.आई.बी.नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। डॉ.उमाशंकर पटैल अतिथि विद्वान के द्वारा एड्स-एच.आई.बी. के नियंत्रण के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ.समीक्षा तिवारी अतिथि विद्वान द्वारा विभिन्न बीमारियों के विरूद्ध संघर्ष में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता के महत्च बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। अंत में आभार प्रदर्शन मुकेश विश्वकर्मा सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया।

## जापान के होक्काइडो में 6.0 तीव्रता का आया भूकंप

**टोक्यो, (आईएएनएस)।** जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने कहा कि शुक्रवार को जापान के होक्काइडो में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। जीएफजेड ने रॉयटर्स की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 46 किमी (28.58 मील) नीचे था। भूकंप के चलते अभी तक जान माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

# पाकी सुप्रीम कोर्ट ने फेरा नवाज शरीफ की उम्मीदों पर पानी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने शुक्रवार को एक बेहद अहम फैसला सुनाया जिससे पूर्व पीएम नवाज शरीफ की चुनाव लड़ने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने कहा कि फैसला और आदेश की समीक्षा अधिनियम, 2023 पूरी तरह असंवैधानिक था।

इससे पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ की सभी उम्मीदें ध्वस्त हो गईं, जो अपनी आजीवन अयोग्यता को चुनौती देने की मांग कर रहे थे। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने मई के अंत में लागू कानून को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर 7 जून से 19 जून तक छह सुनवाई के बाद 19 जून को फैसला सुरक्षित रखने की घोषणा की थी। इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जरूर खुश होंगे जो अभी जेल में बंद हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख खान तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में एक अदालत द्वारा तीन साल की सजा सुनाए जाने के बाद पांच अगस्त से अटक जेल में बंद हैं। पाकिस्तान सरकार ने मई में अपने मूल अधिकार क्षेत्र के तहत उच्चतम न्यायालय द्वारा दोषी ठहराए जाने के खिलाफ अपील का अधिकार प्रदान करने के लिए कानून बनाया। निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बड़े भाई नवाज शरीफ को वर्ष 2017 में शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ ने अयोग्य घोषित कर दिया था, लेकिन वह अपील दायर नहीं कर सके क्योंकि शीर्ष न्यायपालिका के फैसले को चुनौती देने के लिए कोई कानून नहीं था।


वर्ष 2018 में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद वह सार्वजनिक पद संभालने के लिए आजीवन अयोग्य हो गए। पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ (73) नवंबर, 2019 से चिकित्सा उपचार के लिए लंदन में रह रहे हैं, जब पाकिस्तानी अदालत ने उन्हें चार सप्ताह की राहत दी थी।

तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे शरीफ लंदन रवाना होने से पहले अल-अजीजा भ्रष्टाचार मामले में लाहौर स्थित कोट लखपत जेल में सात साल कारावास की सजा काट रहे थे। उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 62 के तहत राजनेता जहांगीर तरीन को भी अयोग्य ठहराया था। जियो न्यूज की खबर में कहा गया कि यदि आज का फैसला याचिकाओं के पक्ष में रहा होता, तो दोनों नेताओं को अपनी अयोग्यता को चुनौती देने का मौका मिल जाता।

प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने विवादास्पद कानून को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करने के बाद फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन और न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर भी पीठ के सदस्य हैं।

### केयरटेकर पीएम को लेकर पाकिस्तान में घमासान

# राष्ट्रपति के लेटर पर भड़के शहबाज शरीफ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के बीच की तल्खी अब सबके सामने आ गई है। शाहबाज शरीफ ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति के संबंध में राष्ट्रति आरिफ अल्वी के लिखे गए लेटर पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि राष्ट्रपति को संविधान की किताब पढ़नी चाहिए। मुझे नहीं पता कि वह इतनी जल्दी में क्यों हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जल्द नियुक्ति को लेकर राष्ट्रपति की तरफ से लिखे गए पत्र के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को लेकर राष्ट्रपति जल्दबाजी में हैं।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक तौर पर कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए संविधान में 8 दिन का समय तय किया गया है और उम्मीद है कि कल तक किसी नाम पर सहमति बन जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को इंतजार करना चाहिए था, राष्ट्रपति को संविधान की किताब पढ़नी चाहिए। संविधान में आठ दिन का समय है, मुझे नहीं पता कि राष्ट्रपति को पत्र लिखने में इतनी जल्दी क्यों थी। शाहबाज शरीफ ने कहा कि वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री को लेकर आज गठबंधन नेताओं से सलाह-मशविरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 38 साल के राजनीतिक जीवन का सबसे कठिन समय सरकार का यह 16 महीने का कार्यकाल था क्योंकि पीटीआई (इमरान खान की पार्टी) ने हमें महंगाई, अराजकता, खराब अर्थव्यवस्था और विफल विदेश नीति दी। उन्होंने कहा कि अगर हम कठिन फैसले नहीं लेते तो देश चूक जाता और अराजकता फैल जाती और मैं चाहता हूं कि चुनाव समय पर हों।

इस बयान से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भंग नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज अहमद को पत्र लिखकर कल तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री का नाम बताने को कहा था। राष्ट्रपति ने पत्र में लिखा कि संविधान के अनुच्छेद 224 (1) ए के तहत राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता की सलाह से कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति करते हैं।

अल्वी ने लेटर में लिखा कि संविधान के तहत, प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता को नेशनल असेंबली के विघटन के 3 दिनों के भीतर कार्यवाहक प्रधानमंत्री का नाम प्रस्तावित करना होता है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने लिखा कि मैंने प्रधानमंत्री का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है, 9 अगस्त को नेशनल असेंबली भंग कर दी है। प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता 12 अगस्त तक उपयुक्त कार्यवाहक प्रधानमंत्री का नाम सुझाएं।

## आज का इतिहास

1642- डच खगोलशास्त्री क्रिश्चियन ह्यूगेंस ने मंगल के दक्षिणी ध्रुव की चोटी का पता लगाया।
1645- स्वीडन और डेनमार्क ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1784- भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में पेश किया गया।
1814- दासों के व्यापार को समाप्त करने के लिए ब्रिटेन और हॉलैंड के बीच समझौता।
1892- अमेरिकी समाचार पत्र एफ्रो अमेरिकन का बाल्टीमोर से प्रकाशन शुरू।
1898- जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
1902- इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल में ऐतिहासिक जीत दर्ज की।
1095- अफ्रीका को फ्रांस से मिली आजादी।
1913- इंग्लैंड के हैरी ब्रेअर्ली शेफील्ड ने स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया।
1951- भारत में निर्मित पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान भरी।
1956- लोकसभा में राष्ट्रीय राजमार्ग विधेयक पारित।
1960- अफ्रीका फ्रांस के कब्जे से स्वतंत्र हुआ।

## सुडोकू 6285

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | 5 | | |
| | | 2 | | | 8 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 7 | 8 | 1 | | 9 | 6 | 5 | |
| | | 9 | 2 | | | | 7 | 3 |
| | 6 | | | 5 | | | | 4 |
| | | | 6 | | | 7 | | |
| | | 4 | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### जो नतीजा बिहार में हुआ, वही देश में होगा : तेजस्वी यादव

पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर की घटना पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये सभी लोग डरे और घबराए हुए हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जो नतीजा बिहार में हुआ वही पूरे देश में होगा। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर गुरुवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जो भाषण दिया, उससे लोगों को घोर निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों को आशा थी कि प्रधानमंत्री सही बात करेंगे, लेकिन वे विपक्ष पर ही निशाना साधते रहे।

### 'कैश फॉर पोस्टिंग' मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को जांच जारी रखने का आदेश दिया

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल न्यायाधीश पीठ ने शुक्रवार को सीबीआई को निर्देश दिया कि वह प्राथमिक शिक्षकों को उनकी पसंद के राज्य संचालित स्कूलों और उनके मूल जिलों में नियुक्ति सुनिश्चित करने के बदले रुपए देने के आरोपों पर अपनी जांच जारी रखे। पीठ ने मामले में मनी-ट्रेल एंगल का पता लगाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी जांच में शामिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को उन 350 प्राथमिक शिक्षकों को भी एकीकृत करना चाहिए जिनके नाम इस मामले में सामने आए हैं। इससे पहले, उसी एकल-न्यायाधीश पीठ के निर्देश के बाद सीबीआई अधिकारियों ने इस मामले में पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ प्राइमरी एजुकेशन (डब्ल्यूबीबीपीई) के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य से पूछताछ की थी।

### रॉबर्ट वाड्रा ने स्मृति ईरानी पर साधा निशाना, कहा - देश पहले आपकी डिग्रियां देखना चाहता है

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने कहा है कि उन्हें संसद में उनके नाम का दुरुपयोग करना बंद कर देना चहिए। उन्होंने स्मृति ईरानी पर पलटवार करते हुए कहा कि देश आपकी डिग्रियां और गोवा रेस्तरां मामले में क्या हुआ जानना चाहता है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, 'स्मृति ईरानी जी आप संसद में मेरे नाम का दुरुपयोग करना बंद करें। मैं आपको चुनौती देता हूं कि आप मेरे खिलाफ सबूत दें।' वाड्रा ने ईरानी पर निशाना साधते हुए कहा कि मुझ पर उंगली उठाने से आपकी कमियां छिप नहीं सकतीं, याद रखें जब आप ऐसा करते हैं तो आपकी बाकी उंगलियां आपकी तरफ उठती हैं, आपके और आपके परिवार के साथ कई और विवाद जुड़े हुए हैं।

# टाइम बम की तरह बन चुका है चीन, गिरती चीनी अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रपति जो बाइडेन का बड़ा बयान

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन की गिरती अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ा बयान दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, राष्ट्रपति बाइडेन ने बीजिंग की उच्च बेरोजगारी और उम्रदराज कार्यबल को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा, चीन की आर्थिक परेशानियां वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए टिकिंग टाइम बम की तरह हो गई हैं। यह स्थिति दूसरे देशों के लिए संभावित खतरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पार्क सिटी, यूटा में फंड-रेजर में दानदाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। जो बाइडेन ने कहा कि जब बुरे लोगों को समस्या होती है, तब वे बुरा काम करते हैं। उन्होंने कहा, एक समय चीन को प्रेरित करने वाला प्रतीत होने वाला इंजन अब लड़खड़ा रहा है, जो पूरे चीनी परिवारों और अर्थव्यवस्थाओं के लिए खतरनाक जोखिम पैदा करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, चीन एक वक्त ग्लोबलाइजेशन के लाभ वाले वर्जन के तौर पर देखा जाता था। मगर, अब यह दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए असाधारण अनिश्चितता के दौर में आखिरी वाइल्ड कार्ड के तौर पर डेवलप हो चुका है।

**चीन के निर्यात में 2 अंकों की गिरावट-** गौरतलब है कि चीन का निर्यात जुलाई में सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत गिर गया। इसके साथ ही सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी पर आर्थिक मंदी को दूर करने का दबाव बढ़ गया है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 281.8 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले जून में निर्यात 12.4 प्रतिशत घटा था। कमजोर घरेलू मांग के चलते आयात सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत गिरकर 201.2 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे पिछले महीने यह 6.8 प्रतिशत घटा था। देश का व्यापार अधिशेष एक साल पहले के रिकॉर्ड उच्च स्तर से 20.4 प्रतिशत घटकर 80.6 अरब डॉलर रह गया।

**अमेरिका और चीन के बीच सहयोग जरूरी-** अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने हाल ही में कहा था कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करना स और चीन की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों देश सहयोग नहीं करते, तब तक वैश्विक चुनौतियों से निपटने में किसी भी प्रगति की कल्पना करना मुश्किल है। येलेन ने कहा कि चीनी अर्थव्यवस्था की सुस्ती वैश्विक अर्थव्यवस्था की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि चीन दुनियाभर के कई देशों के लिए बड़ा आयातक है। उन्होंने कहा, संबंधों में द्विपक्षीय भागीदारी को लेकर हममें से प्रत्येक की चिंताओं को ईमानदारी से व्यक्त करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था की जरूरतों से निपटना हमारा साझा दायित्व है।

## वर्ग पहेली 6285

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध, निर्दोष (उर्दू)
६. दुतकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना, जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. दादागिरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. (शरीर में) खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट-फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6284

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ठ | २ मु | ल्ला | ■ | ■ | ३ त | ल | ४ ह | टी |
| र | ■ | स्ट | ■ | ५ ख | स | म | ■ | त्या | ■ |
| ६ त | ला | क | ■ | री | ■ | ७ क | वि | रा | ८ ज |
| ल | ■ | वि | ■ | ९ द | शां | ना | ■ | ■ | टि |
| ■ | १० सु | ल | ११ झ | ना | ■ | ■ | १२ उ | त्प | ल |
| ■ | ल | ■ | ड़ | ■ | १३ नि | ह | स्था | ■ | ता |
| १४ ब | ह | १५ क | ना | ■ | र्म | ■ | १६ न | १७ त | ■ |
| ल | ■ | र | ■ | १८ बे | म | १९ न | ■ | जु | ■ |
| २० शा | र | दा | ■ | ग | ■ | २१ व | र्ण | मा | २२ ला |
| ली | ■ | २३ ता | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# युद्ध के बीच ले रहे रिश्वत, गुस्साए जेलेंस्की ने यूक्रेन के सभी सेना भर्ती प्रमुखों को किया बर्खास्त



**कीव।** रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने रिश्वतखोरी के आरोप में सभी सेना भर्ती प्रमुखों को बर्खास्त कर दिया है। शुक्रवार को जेलेंस्की ने खुद यह आदेश जारी किया। जेलेंस्की ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की चिंताओं के बीच यूक्रेन के सभी क्षेत्रीय सैन्य भर्ती केंद्रों के प्रमुखों को उनकी नौकरियों से बर्खास्त किया जा रहा है। टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक बयान में उन्होंने कहा, यह सिस्टम उन लोगों द्वारा चलाया जाना चाहिए जो जानते हों कि युद्ध क्या है। उन्हें पता होना चाहिए कि युद्ध के दौरान घपला करना और रिश्वतखोरी देशद्रोह क्यों है।

जेलेंस्की ने कहा कि शीर्ष जनरल वालेरी जालुजनी इस फैसले को लागू करने के लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होंने ये भी कहा कि नई भर्तियों से पहले उम्मीदवारों की यूक्रेन की घरेलू सुरक्षा सेवा (एसबीयू) द्वारा जांच की जाएगी। जेलेंस्की ने कहा कि भ्रष्टाचारी में लिप्त लोगों की जगह पर उन बहादुर योद्धाओं को नियुक्त किया जाएगा, जिन्होंने अग्रिम मोर्चे पर भले ही अपना स्वास्थ्य खो दिया है लेकिन अपनी गरिमा बनाए रखी है।

जेलेंस्की ने कहा कि वह देश के सभी सैन्य भर्ती केंद्रों के प्रमुखों को बर्खास्त कर रहे हैं। भ्रष्टाचार को लेकर 112 जांचें शुरू कर दी गई हैं। रूस के साथ जारी युद्ध को 18 महीने होने को हैं, ऐसे में यूक्रेन को समय-समय पर भर्ती चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेनी सेना कभी-कभी भ्रष्टाचार या भारी-भरकम भर्ती रणनीति का खुलासा करने वाले घोटालों से प्रभावित हुई है। जेलेंस्की का कहना है कि जब उन्हें पता चला तो उन्होंने 33 भर्ती प्रमुखों को बर्खास्त कर दिया। उनकी जगह युद्ध के अनुभव वाले सैनिकों को नियुक्त किया जाएगा। यूक्रेन ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बना लिया है।

दर्द

*24 साल बाद भी साल रहा है दर्द करगिलवासियों को अनफूटे गोलों का*

# कश्मीर में भी 16 सालों में 350 से अधिक की जान ले चुके हैं अनफूटे विस्फोटक

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। करीब 24 साल पहले हुए करगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान द्वारा जब करगिल कस्बे को बमों की बौछार से पाट दिया गया था तो उनसे बचने की खातिर करगिलवासियों ने कस्बे को खाली कर दिया था। तब दागे गए और अनफूटे बम अब भी करगिलवासियों को दर्द दे रहे हैं।**

इस साल 16 अप्रैल को ऐसे ही एक बम के विस्फोट से एक 13 साल के बच्चे की मौत हो गई थी और दो जख्मी हो गए थे। इस घटना के बाद भी इन अनफूटे बमों का डर इसलिए कम नहीं हो पाया है क्योंकि दो दिनों में 7 ऐसे जिन्दा और अनफूटे बमों की 24 साल के बाद बरामदगी ने दहशत फैला दी है। दरअसल 16 अप्रैल को करगिल के कुरबाथांग एस्ट्रोटर्फ फुटबाल मैदान के पास एक अनफूटे मोर्टार के विस्फोट में एक बच्चे की मौत के बाद लद्दाख के उपराज्यपाल बीडी मिश्रा द्वारा आदेश दिए जाने के उपरांत इलाके में खोज का कार्य चला तो अभी तक 17 अनफूटे गोले बरामद कर उन्हें नष्ट कर दिया गया था।



**24 सालों के बाद सात ऐसे अनुफूटे गोले मिलने से करगिलवासियों में अब दहशत का माहौल है क्योंकि उन्हें लगता है कि अभी भी कई इलाकों में ऐसे सैंकड़ों अनफूटे गोले हो सकते हैं**

करगिल युद्ध के 24 सालों के बाद सात ऐसे अनुफूटे गोले मिलने से करगिलवासियों में अब दहशत का माहौल है क्योंकि उन्हें लगता है कि अभी भी कई इलाकों में ऐसे सैंकड़ों अनफूटे गोले हो सकते हैं।

दरअसल करगिल कस्बा पाक सेना की मारक दृष्टि में है।

कस्बा नीचे है और पहाड़ी पर पाक सेना काबिज है। ऐसे में 1999 के युद्ध में उसने करगिल को शमशान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। ऐसे में एक बार फिर करगिल के उन क्षेत्रों में सेना के साथ मिल कर नागरिक प्रशासन तलाशी अभियान चलाने वाला है जहां पाक सेना द्वारा दागे गए गोलों के मिलने की संभावना है और जो इन 24 सालों में फूटे नहीं हैं। यही नहीं कश्मीर वादी में भी मुठभेड़स्थलों पर भी ऐसे अनफूटे विस्फोटक कश्मीरियों की जान के दुश्मन बने हुए हैं जो पिछले 16 सालों में 350 से अधिक की जान ले चुके हैं।

अधिकारियों ने इसे माना है कि कश्मीर में भी आतंकियों के साथ होने वाली मुठभेड़ों के बाद पीछे छूटे गोला-बारूद को एकत्र करने की होड़ में मासूम कश्मीरी भी मारे जा रहे हैं। पिछले 16 सालों के भीतर ऐसे गोला-बारूद में हुए विस्फोट 350 जानें ले चुके हैं जबकि कई जख्मी हो चुके हैं और कई जिन्दगी और मौत से जूझ रहे हैं।

16 सालों के अरसे के भीतर ऐसे विस्फोटों में मरने वाले अधिकतर बच्चे ही थे।

# खेल जगत

## कैनेडियन ओपन : मैराथन क्वार्टर फाइनल में रिबाकिना ने कसात्किना को हराया

**मॉन्ट्रियल (कनाडा)**। नंबर 3 सीड एलेना रिबाकिना ने कैनेडियन ओपन में लगभग साढ़े तीन घंटे तक चले रोमांचक क्वार्टर फाइनल में नंबर 10 सीड डारिया कसात्किना को हरा दिया। नंबर 3 सीड रिबाकिना ने देर रात मैराथन जीत के दौरान नंबर 10 सीड डारिया कसात्किना के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार देर रात अपने क्वार्टर फाइनल क्लासिक में 3 घंटे और 27 मिनट के खेल के बाद रिबाकिना ने कसात्किना पर 5-7, 7-5, 7-6(8) से जीत हासिल की। मैच शनिवार सुबह तीन बजने से ठीक पांच मिनट पहले समाप्त हुआ। उस दिन जहां पिछले पांच मैचों में से चार तीन-सेट वाले थे जो दो घंटे से अधिक समय तक चले थे, दिन का यह अंतिम मैच अब तक का सबसे लंबा था। यह वर्तमान में इस सीज़न के 10 सबसे लंबे मैचों में से एक है। इसके साथ, रिबाकिना ने अब 2023 में अपने सभी चार डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल जीते हैं।



# कोलंबिया को हराकर सेमीफाइनल में इंग्लैंड



**सिडनी**। इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए कोलंबिया को 2-1 से मात दी। स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर खेले गये मुकाबले में लीसी सेंटोस ने 44वें मिनट में कोलंबिया का खाता खोला, लेकिन लौरेन हेम्प (45+6वां मिनट) और एलीसा रूसो (63वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई। सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना मंगलवार को मेज़बान ऑस्ट्रेलिया से होगा। इस मैच में हेम्प (23 वर्ष, पांच दिन) महिला विश्व कप नॉकआउट मैच में इंग्लैंड के लिये गोल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करने के लिये अपनी टीम की साथी लुसी ब्रॉन्ज़ (23 वर्ष, 237 दिन) को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2015 विश्व कप के राउंड ऑफ़ 16 मैच में नॉर्वे के विरुद्ध गोल जमाया था। इस दमदार जीत के बाद इंग्लैंड की कोच सरीना विगमैन ने कहा, वह एक कठिन चुनौती थी लेकिन हमें किसी और चीज़ की उम्मीद नहीं थी। हमने लचीलापन दिखाया। पहले हाफ में हमने बहुत अच्छा खेला लेकिन जब भी हमने ढिलाई बरती, जवाबी हमले में कोलंबिया खतरनाक साबित हुआ। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि वे कितने खतरनाक हो सकते हैं लेकिन जीत का रास्ता खोजने के लिये मुझे टीम पर बहुत गर्व है।

यह परीक्षा कठिन थी, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि हम सेमीफाइनल में हैं। उनके पास इतने सारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो आपको एक पल में परेशानी में डाल सकते हैं, लेकिन मुझे लगा कि आज रात हमारी बैकलाइन ने शानदार प्रदर्शन किया। जो चीज़ इस टीम को महान बनाती है वह यह है कि हम हमेशा सुधार के तरीके खोजने की कोशिश करते रहते हैं। हमारे पास सुधार करने के लिये बहुत कुछ है, हम आराम करेंगे और फिर से मेहनत करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया का मैच बहुत बड़ा होगा, लेकिन यह भी बड़ा था। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाली रूसो ने कहा, हम विश्व कप के सेमीफाइनल में हैं और हमने अपने सपने को जिन्दा रखा है। कोलंबिया एक शीर्ष टीम है और उन्होंने इस विश्व कप में यह दिखाया है।

## फ्रांस पर रोमांचक जीत के साथ सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के रोमांच और उत्साह से भरे क्वार्टरफाइनल में शनिवार को फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 7-6 (फुल टाइम 0-0) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सनकोर्प स्टेडियम पर खेले गये सांस रोक देने वाले मुकाबले में मेज़बान ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा, हालांकि कई मौके बनाने के बाद भी कोई टीम गोल नहीं कर सकी। मैच के अतिरिक्त 30 मिनटों में भी गोल न होने के बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। इस अविस्मरणीय शूटआउट में दोनों टीमों के 10-10 खिलाड़ियों ने प्रयास किया। कई गोलों, बचावों और वीएआर रिव्यू लिये जाने के बाद फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 6-6 की बराबरी पर थे। फ्रांस की 10वीं पेनल्टी लेते हुए विकी बेको गोल नहीं कर सकीं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोर्टनी वाइन ने निर्णायक गोल जमाकर मेज़बान टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया के कोच टोनी गुस्तावसन ने इस जीत के बाद कहा, मुझे गर्व है। इस टीम ने जो बहादुरी दिखाई वह अविश्वसनीय है। दर्शकों को मैं सिर्फ शुक्रिया कह सकता हूं। इस टीम का समर्थन करने और उन पर विश्वास करने के लिये शुक्रिया। यह टीम इस देश के हर एक व्यक्ति की है। दूसरी ओर, फ्रांस के कोच हर्वे रेनार्ड ने कहा, आपको आज लड़कियों पर गर्व करना होगा। उन्होंने एक असाधारण मैच खेला। यह मैच एक छोर से दूसरे छोर तक गया। यह कहना मुश्किल है कि कौन जीत का अधिक हकदार था। ऑस्ट्रेलिया को बधाई। हमारे सभी स्टाफ को बधाई, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। हमें अपना सिर ऊपर रखना होगा और ओलंपिक खेलों के बारे में सोचना होगा। यह फुटबॉल है, यह नियति है जिसने विजेता चुना है। ऑस्ट्रेलिया को शुभकामनाएं।

# एशियाई खेलों से पहले हॉकी महिला शिविर के लिये चुने गए 34 खिलाड़ी



**बेंगलुरू,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने 13 अगस्त से यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केन्द्र में शुरू होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये शनिवार को 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। यह शिविर प्रतिष्ठित हांग्झोउ एशियाई खेलों से पहले 18 सितंबर को समाप्त होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ करेगी। भारत को कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ पूल-ए में रखा गया है। इस शिविर के लिये चुने गये खिलाड़ियों में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल का नाम शामिल नहीं है।

कोर समूह में गोलकीपर सविता, रजनी एतिमारपू, बिच्छू देवी खारीबाम और बंसारी सोलंकी शामिल हैं, जबकि डिफेंडरों की सूची में दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी का नाम है।

शिविर में बुलाए गये मिडफील्डरों में निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के और अजमीना कुजूर शामिल हैं।

मुख्य संभावित समूह में लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग बतौर फॉरवर्ड शामिल हुई हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जैनेक शॉपमैन ने कहा, हमने अपनी हालिया प्रतियोगिताओं में दिखाया है कि हम एक टीम के रूप में बढ़ रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। आगामी शिविर हमारे लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांग्झोउ एशियाई खेलों के लिये तैयारी कर रहे हैं। शॉपमैन ने कहा, हम शिविर में उन क्षेत्रों पर काम करेंगे जहां हमें अभी भी सुधार करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि सभी खिलाड़ी उस तरह की हॉकी खेलने में सहज हों जो हम खेलना चाहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी इस महत्वपूर्ण आयोजन से पहले एक ही सोच रखें।

# मुकेश कुमार की विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण शानदार है : पारस म्हाम्ब्रे

**लॉडरहिल**। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि वह वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे पर तेज गेंदबाज मुकेश कुमार द्वारा दिखाई गई विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण से प्रभावित हैं। म्हाम्ब्रे ने कहा कि उन्होंने खेल के तीनों प्रारूपों में भारत की सेवा करने का संकल्प दिखाया है। घरेलू क्रिकेट में बंगाल के लिए खेलने वाले मुकेश ने पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में अपना टेस्ट डेब्यू किया। एक हफ्ते बाद, उन्होंने ब्रिजटाउन, बारबाडोस में अपना वनडे डेब्यू किया और पांच दिन पहले, उन्होंने त्रिनिदाद के तारौबा में टी20 प्रारूप में डेब्यू किया। वेस्टइंडीज दौरे पर मुकेश ने अब तक आठ विकेट चटकाए हैं।

म्हाम्ब्रे ने कहा, मैं उसकी (मुकेश की) प्रगति से बेहद खुश हूं। बहुत से लोगों को एक दौरे पर तीनों प्रारूप खेलने का मौका नहीं मिलता है। शायद वह दूसरा है और ऐसा करना शानदार है। उनकी विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण शानदार है। वह ऐसा व्यक्ति है जो यहां आया है, कठिन विरोधियों और विकेटों के खिलाफ खेला है। उन्होंने जो किरदार दिखाया है उससे मैं खुश हूं। हमें उसके कार्यभार के प्रति होशियार रहना होगा। वह एक युवा है, उसने काफी घरेलू क्रिकेट खेला है और वहां से उसे गुणवत्तापूर्ण कौशल मिला है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग**
**क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 26/04/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार अग्रवाल पिता श्री महेश चन्द अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 19 दत्त टाउनशिव कालोनी तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000385151 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1500 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1000 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र त्याग पत्र के आधार पर निगम में दर्ज अनिल कुमार-अशुतोष अग्रवाल पिता श्री महेश चन्द्र अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



# कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/5936/भू-अर्जन/2023

सिवनी, दिनांक 08/08/2023

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अन्तर्गत प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन तारीख से प्रावधानित समय सीमा 60 दिवस की अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण अधिनियम की धारा 15 (2) के अन्तर्गत कोई रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है। इस आधार पर समुचित सरकार का यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूची के पद (2) में वर्णित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों लोक प्रयोजन हेतु अपेक्षित है :-

## अनुसूची

1- परियोजना का नाम भीमकुण्डी जलाशय परियोजना
2- भूमि का विवरण
(क) जिला सिवनी
(ख) तहसील छपारा
(ग) नगर/ग्राम ढुटई प.ह.नं. :- 02 रा.नि.मं. :- चमारीखुर्द
(घ) लगभग क्षेत्रफल 2.33 हेक्टेयर

| क्र. | सर्वेक्षण क्रमांक | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (हे.में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाएं उत्तर | सीमाएं दक्षिण | सीमाएं पूर्व | सीमाएं पश्चिम | वृक्ष प्रगति किस्म | वृक्ष संख्या | संरचना प्रकार | संरचना प्लिथ एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 3 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.01 | सुम्मा पिता राम सिंह जाति गौंड नि. सिवनी भूमि स्वामी | सुम्मा पिता राम सिंह | सुम्मा पिता राम सिंह | चतुर्भुज पि. झनकू | सुम्मा पिता राम सिंह | - | - | - | - |
| 2 | 2/3 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.06 | चतुर्भुज पिता झनकू जाति गौंड नि. सिवनी भूमि स्वामी | मकराम पि. मनक | चतुर्भुज पि. झनकू | किसन पि. झनकू | सुकरती पत्नी गुलाब | - | - | - | - |
| 3 | 2/6 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.07 | किसन पिता झनकू जाति गौंड नि. सिवनी भूमि स्वामी | किसन पि. झनकू | दयाराम पिता मनक | मकराम पि. मनक | चतुर्भुज पि. झनकू | - | - | - | - |
| 4 | 2/4 | | | 0.06 | | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | दयाराम पिता मनक | - | - | - | - |
| 5 | 2/13 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.13 | किसन रामवती, असरवती, चजुर्भुज पिता झनकू गौंड नि. सिवनी ग्राम भूमि स्वामी | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | दयाराम पि. मनक | किसन पिता झनकू | - | - | - | - |
| 6 | 2/14 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.10 | मंदो सुकत पिता फतेह सिंह सुखमान, झिन्ना सुकमनी पिता बिरझू , बड्डू, छुट्टो अनारो पिता सुकचंद जाति गौंड नि. सिवनी भूमि स्वामी | किसन पि. झनकू | किसन पि. झनकू | श्रीराम पि. सतेलाल | किसन पिता झनकू | - | - | - | - |
| 7 | 4 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.15 | श्रीराम, रुसमान, भुजल, सुखमान, रूपवती पिता सतेलाल, सुन्दो बेवा सतेलाल बलिराम असिया बाई, असरती पिता बतेलाल बतनिया बेवा टीका गौंड़ नि. ग्राम भूमि स्वामी | श्रीराम पि. सतेलाल | श्रीराम पि. सतेलाल | रामप्यारी पत्नी गनाराम | किसन पिता झनकू | - | - | - | - |
| 8 | 9 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.39 | रामप्यारी पत्नी गनाराम, आशाराम पिता गनाराम जाति गौंड निवासी सिवनी भूमि स्वामी | रामप्यारी पत्नी गनाराम | रामप्यारी पत्नी गनाराम | रास्ता | श्रीराम पिता सतेलाल | - | - | - | - |
| 9 | 16/2 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.31 | आसवती बेवा धनउवा, सीता, सुनीता, सुनील पिता धनउवा गौंड नि. सिवनी भूमि स्वामी | आसवती वेवा धनउवा | आसवती वेवा धनउवा | बराती पि. धनुलाल | रास्ता | - | - | - | - |
| 10 | 19 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.08 | मेहतर मोहरसी, पंचलाल हुलिया पिता सिपत लाल, सुकवती बेवा सहतर, लक्ष्मन (ना.बा.) पुत्र सहतर, संरक्षक सुकवती, सरस्वती बेवा नन्हेलाल, चन्दरसी पिता नन्हेलाल जाति गौंड निवासी सिवनी भूमिस्वामी | मेहतर पिता सिपतलाल | मेहतर पिता सिपतलाल | भूजल पानी के नीचे | व्यराती पि. धन्नूलाल | - | - | - | - |
| 11 | 34/1 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.19 | नुखिया पुत्री उमेदा जाति गौंड निवासी सिवनी भूमि स्वामी | नुखिया पुत्री उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | जीरो बाई पुत्री | कृष्णा पिता उमेदा | - | - | - | - |
| 12 | 36/1 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.21 | | नुखिया पुत्री उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | गनपत पुत्री रम्मूलाल | कृष्णा पिता उमेदा | - | - | - | - |
| 13 | 34/2 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.11 | कृष्णा पिता उमेदा जाति गौंड निवासी सिवनी भूमि स्वामी | कृष्णा पिता उमेदा | कृष्णा पिता उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | भूजल पानी के नीचे | - | - | - | - |
| 14 | 36/2 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.05 | | कृष्णा पिता उमेदा | कृष्णा पिता उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | नुखिया पुत्री उमेदा | - | - | - | - |
| 15 | 37/1 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.15 | जीरो बाई पुत्री हरलाल जाति गौंड निवासी सिवनी भूमि स्वामी | कृष्णा पिता उमेदा | कृष्णा पिता उमेदा | बल्लू पिता मानसिंह | नुखिया पुत्री उमेदा | - | - | - | - |
| 16 | 2/5/3 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.06 | दयाराम पिता मनक जाति गौंड निवासी सिवनी भूमि स्वामी | किसन पिता झनकू | दयाराम पिता मनक | किसन पिता झनकू | किसन पि. झनकू | - | - | - | - |
| 17 | 16/1/1 | भूमि स्वामी | कृषि | 0.20 | बराती पिता धन्नूलाल जाति गौंड निवासी छपारा भूमि स्वामी | बराती पिता धन्नूलाल | बराती पिता धन्नूलाल | मेहतर पिता सिपतलाल | आसवती पिता धनउबा | - | - | - | - |
| | | | | 2.33 | | | | | | | | | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 सिवनी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण जिसके लिए भूमि की आवश्यकता है :- भीमकुण्डी जलाशय परियोजना के बांध एवं मुख्य नहर निर्माण कार्य हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में ।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**(क्षितिज सिंघल) कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)**

G-18186/23



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग**
**क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि. 11/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोविन्द प्रसाद झारिया पिता श्री सुखलाल झारिया ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 954/1 एक 4+1 अवस्थी अपार्टमेन्ट सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44500850, 1000399390 डोर टू डोर 1000165738 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित द्वितीय तल 810 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री पी. मुरलीधरन नायर श्रीमती राधा नायर पत्नी मुरलीधरन नायर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग**
**क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 11/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूपेश दुबे पि. श्री ओमप्रकाश दुबे एवं सुनय मूलचंदानी पिता श्री गोविंद मूलचंदानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक म.नं. -200 पोस्ट आफिस के पास बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46000197, 1000381056 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 600 व.फु. आरसीसी स्वयं रहवास जिस पर निर्मित भूतल 1500 व.फु. आरसीसी किरायेदार निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री चमन पिता बंशीलाल एवं का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग**
**क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 12/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ब्रजेश कुमार गुप्ता पिता श्री महेश कुमार गुप्ता, श्रीमती ममता कुमारी गुप्ता पत्नी ब्रजेश कुमार गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के ख.नं.-311/2/4 राजुल टाउनशिप एफ-1 तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000378641 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 385 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अशोक कुमार मक्कड पिता श्री रामप्रकाश मक्कड का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग**
**क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 10/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कमला सुन्द्रियाल पत्नी श्री चन्द्रशेखर सुन्द्रियाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. -221/1 फैस-1 पार्ट-1 चैतन्य सिटी बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46704837, 1000384137 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 810 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 700 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 450 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 100 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती पदभाक्षी पति श्री विकास सिंह, श्रीमती अनुभूति पति श्री अभिषेक उपाध्याय का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग**
**क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि. 12/08/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कुमार अभिजीत पिता सुरेश कुमार ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक म.नं. 1009/डी-301 थर्ड फ्लोर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 100040020 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित थर्ड फ्लोर 1125 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव पत्नी स्व. महेश नारायण श्रीवास्तव, कृति श्रीवास्तव पत्नी आकाश श्रीवास्तव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग**
**क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 26/04/2023
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरिता अग्रवाल पत्नी श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक ब्लाक ए/जी -1 ग्रीराज व्यवसायक दत्त गार्डन न्यू तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004431261 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 200 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री विशाल दत्त पिता श्री सुधीर दत्त का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**


## सार संक्षेप

### बंगलादेश ने एशिया कप के लिए तंजीद, शमीम को बुलाया

ढाका। बंगलादेश ने 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिये चुनी गयी 17 सदस्यीय स्क्वाड में वामहस्त बल्लेबाज तंज़ीद हसन तमीम और शमीम हुसैन को शामिल किया है। शमीम जहां बंगलादेश के लिये 17 टी20 मुकाबले खेल चुके हैं, वहीं तंज़ीद को पहली बार स्क्वाड में तलब किया गया है। कमर की चोट के कारण एशिया कप से बाहर हुए तमीम इक़बाल की जगह तंज़ीद सलामी बल्लेबाज़ की भूमिका निभा सकते हैं। इस बीच, मार्च 2021 से वनडे टीम से बाहर रहे ऑलराउंडर मेहदी हसन की टीम में वापसी हुई है। अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह फिटनेस कैंप में बुलाये जाने के बावजूद टीम से बाहर हैं। अफगानिस्तान वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा रहे तैजुल इस्लाम और रॉनी तालुकदार एशिया कप स्क्वाड में जगह नहीं बना सके, हालांकि तैजुल को सैफ हसन और तंजीम हसन साकिब के साथ अतिरिक्त खिलाड़ियों की सूची में नामित किया गया है। एशिया कप की शुरुआत 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच होने वाले ग्रुप-ए मुकाबले से होगी। ग्रुप बी में शामिल बंगलादेश अपना पहला मैच 31 अगस्त को कैंडी में सह-मेजबान श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा, जबकि तीन सितंबर को पाकिस्तान के लाहौर में अफगानिस्तान से भिड़ेगा। बंगलादेश टीम : शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, तंज़ीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, मुशिफकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शेख महेदी, नसुम अहमद, शमीम हुसैन, अफीफ हुसैन, शोरफुल इस्लाम, इबादत हुसैन, नईम शेख। अतिरिक्त खिलाड़ी : तैजुल इस्लाम, सैफ हसन, तंजीम हसन साकिब।

### नंबर 1 स्थान खतरे में होने के कारण, अल्काराज ने सिनसिनाटी पर ध्यान केंद्रित किया

टोरंटो (कनाडा)। कार्लोस अल्काराज के पास शुक्रवार रात सिनसिनाटी ओपन क्वार्टर फाइनल में टॉमी पॉल से मिली अप्रत्याशित हार पर ध्यान देने के लिए बहुत कम समय बचा है और वह तुरंत सिनसिनाटी मास्टर्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जहां उनकी नंबर 1 एटीपी रैंकिंग खतरे में है। नोवाक जोकोविच 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी धरती पर लौटे हैं और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में बचाव के लिए कोई अंक नहीं होने के कारण सर्बियाई खिलाड़ी के पास अपने पूरे करियर में 389 सप्ताह तक अपने पास मौजूद पद को फिर से हासिल करने का अवसर है। और लिंडनर फ़ैमिली टेनिस सेंटर में अल्काराज के लिए आसान ड्रॉ नहीं है। उन्हें दो सप्ताह में दूसरी बार, इस बार तीसरे दौर में, पॉल से भिड़ने की वरीयता दी गई है।

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी पॉल ने कैनेडियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 को 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर अल्काराज की 14 मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त कर दिया। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी विंबलडन जीत के बाद पहले टूर्नामेंट के बारे में कहा, मुझे एहसास हुआ कि मैंने इन मैचों में अच्छा नहीं खेला। उन्होंने कहा, तो अब मैं केवल बेहतर बनने के लिए अभ्यास कर सकता हूँ। यूएस ओपन से पहले मेरे पास कुछ सप्ताह हैं। लेकिन अब मुझे सिनसिनाटी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। यह मास्टर्स 1000 है। यह एक बड़ा टूर्नामेंट भी है। जाहिर है, मैं इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखता हूं, अगले टूर्नामेंटों के लिए... मुझे लगता है कि मैंने इस टूर्नामेंट में कुछ चीजें अच्छी कीं, लेकिन शायद सब कुछ बेहतर हो सकता है। पॉल के खिलाफ अपने एटीपी हेड-टू-हेड मुकाबले में 1-2 से पिछड़ने के बाद, जिसने पिछले साल कनाडा में भी उसे हराया था।

## सुडोकू 6285 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 8 | 6 | 5 |


| SENSEX | BSE | 65322.65 ▼ 365.53 | NSE | 19428.30 ▼ 114.80 | MCX | Gold 58906 ▲ 53 | silver 69967 ▼ 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु


# [ अर्थ जगत ]

## एफपीआई ने अगस्त में 7,543 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

नई दिल्ली। अगस्त में एफपीआई ने 7,543 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। तीन महीने की निरंतर खरीदारी के बाद, एफपीआई ने भारत में शेयर बेचना शुरू कर दिया है। तीन महीने में एफपीआई ने 1,37,603 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डॉलर इंडेक्स में मजबूती और अमेरिका में 10 साल की बॉन्ड यील्ड का 4 फीसदी से ऊपर रहना भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए एफपीआई प्रवाह अल्पकालिक नकारात्मक है। हालांकि एफपीआई वित्तीय, पूंजीगत वस्तुओं और वित्तीय तथा आईटी में खरीदार बने हुए हैं। बाजार में एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति यह है कि एफपीआई की बिक्री का मुकाबला मजबूत डीआईआई खरीदारी से होता है।



## लगातार दूसरे हफ्ते घटा विदेशी मुद्रा भंडार




**नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर गिरावट आई है। 4 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.45 अरब डॉलर रह गया। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक ने दी है.4 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्ति 1.93 अरब डॉलर घटकर 533.40 अरब डॉलर रह गई।

**स्वर्ण भंडार का मूल्य 224 मिलियन डॉलर कम हो गया**–डॉलर में मूल्यांकित विदेशी मुद्रा संपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 224 मिलियन डॉलर घटकर 44.68 बिलियन डॉलर हो गया।

**एसडीआर में 171 मिलियन डॉलर की गिरावट**– आंकड़ों के मुताबिक, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 171 मिलियन डॉलर घटकर 18.27 बिलियन डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का मुद्रा भंडार 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 5.09 अरब डॉलर रह गया।

# धान का रकबा 5 फीसदी बढ़ा, अरहर व मूंगफली का घटा

*नई दिल्ली। खरीफ फसलों की बोआई अब रफ्तार पकड़ने लगी है। इस सप्ताह इन फसलों के रकबा में और सुधार देखा गया। खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान की बुआई अब तेजी से बढ़ने लगी है। सोयाबीन, बाजरा, मक्का के रकबा में भी इजाफा हुआ है, जबकि अरहर, मूंग, ज्वार, मूंगफली व कपास के रकबा में गिरावट दर्ज की गई है।*

**खरीफ फसलों का रकबा बढ़कर 979.88 लाख हेक्टेयर** – सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह तक 979.88 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि के 972.58 लाख हेक्टेयर से 0.75 फीसदी ज्यादा है। खरीफ सीजन की सबसे बड़ी फसल धान की बोआई 4.93 फीसदी बढ़कर 328.22 लाख हेक्टेयर हो गई। गन्ने का रकबा 1.56 फीसदी बढ़कर 56.06 लाख हेक्टेयर,जबकि कपास का रकबा करीब एक फीसदी गिरकर 121.28 लाख हेक्टेयर रह गया।

**दलहन फसलों की बोआई करीब 8 फीसदी घटी** – इस सप्ताह तक 113.07 लाख हेक्टेयर में दलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की बोआई 122.77 लाख हेक्टेयर से 7.90 फीसदी कम है। हालांकि इस सप्ताह इन फसलों की बोआई में आ रही गिरावट कुछ कम हुई है। पिछले सप्ताह तक 9 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई थी, जो अब घटकर 8 फीसदी के करीब आ गई है। अरहर का रकबा 5.35 फीसदी घटकर 40.27 लाख हेक्टेयर, मूंग का रकबा 7.26 फीसदी घटकर 30.03 लाख हेक्टेयर और उड़द का रकबा 13.47 फीसदी घटकर 29.55 लाख हेक्टेयर रहा।



**तिलहन फसलों का रकबा मामूली घटा** – इस सप्ताह तिलहन फसलों की बोआई में सुस्ती देखी गई। जिससे इन फसलों के रकबा में मामूली गिरावट आई। 11 अगस्त तक 183.33 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलों की बुआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की 184.61 लाख हेक्टेयर में हुई बुआई से मामूली 0.69 फीसदी कम है, जबकि पिछले सप्ताह तक इन फसलों की बोआई 2 फीसदी से ज्यादा बढ़ी थी।

खरीफ सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सोयाबीन का रकबा करीब एक फीसदी बढ़कर 123.65 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। खरीफ सीजन की दूसरी प्रमुख तिलहन फसल मूंगफली का रकबा 2.64 फीसदी घटकर 42.10 लाख हेक्टेयर रह गया। तिल का रकबा 5.55 फीसदी गिरावट के साथ 11.29 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। अरंडी का रकबा 13.42 फीसदी बढ़कर 5.34 लाख हेक्टेयर हो गया।

**मोटे अनाजों की बोआई में 2 फीसदी इजाफा** – चालू खरीफ सीजन में अब तक 171.36 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 167.73 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 2.16 फीसदी अधिक है। बाजरा का रकबा 1.15 फीसदी बढ़कर 68.81 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। मक्का की बोआई भी 2.20 फीसदी बढ़कर 79.17 लाख हेक्टेयर और ज्वार का रकबा 5.61 फीसदी घटकर 13.29 लाख हेक्टेयर रहा। हालांकि रागी का रकबा 33.48 फीसदी बढ़कर 5.91 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया।

## मार्केट आउटलुक

### बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ता जाएगा



निफ़्टी अगले हफ्ते के लिए निचले स्तर पर 19375 -19300 -19200 का सपोर्ट लगता है वही 19500 -19550 -19650 का रेजिस्टेंस समझ आ रहा है. सोमवार को भारतीय बाजार ग्लोबल बाज़ारो से संकेत लेकर चलेंगे। निफ़्टी का 19500 के नीचे बंद होना अच्छा संकेत नहीं है। निफ़्टी मे तेज़ी का मोमेंटम बिगड़ता हुआ दिख रहा है। निफ़्टी एक महीने के निचले स्तर पर है। ट्रेडर्स लगातार अपनी पोजिशन्स कम कर रहे है। बाजार मे करेक्शन धीरे धीरे हो रहा है जिससे गिरावट समझ नहीं आती ओर रिटेल निवेशक ट्रैप हो जाता है। बाजार मे उतार चढ़ाव बढ़ता जाएगा। बाजार मे समय समय मे गिरावट आती रहेगी मगर करेक्शन मे क्वालिटी स्टॉक्स खरीदने पर अच्छा रिटर्न मिलता है। विदेशी संस्थागत पिछले दो हफ्ते से बिकवाली कर रहे है जिसका असर बाजार मे देखने मिल रहा है । जब तक विदेशी संस्थागत बेचने बंद नहीं करेंगे तब तक बाजार ऊपर नहीं टिक पाएंगे। मिडकैप ,स्मॉलकैप मे मुनाफा वसूली देखने मिली। 15 अगस्त को शेयर बाजार बंद रहेंगे। 14 अगस्त को सीएल एजुकेट लिमिटेड की बायबैक की एक्स डेट है ,एवेन्टेल लिमिटेड की स्टॉक स्प्लिट की एक्स डेट है। 14 अगस्त को डेन्यूब इंडस्ट्रीज लिमिटेड ,ग्रेडिएन्ट इंफोटेनमेंट लिमिटेड ,वीरहेल्थ केयर लिमिटेड की बोनस इश्यू को लेकर बोर्ड मीटिंग है। 14 अगस्त को गुजरात टूलरूम लिमिटेड ,नागरीका एक्सपोर्ट्स लिमिटेड ,सिल्फ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की राइट इश्यू को लेकर बोर्ड मीटिंग है। 18 अगस्त को लेन्कोर होल्डिंग्स लिमिटेड की बोनस इश्यू की एक्स डेट है ,कंट्रोल प्रिंट लिमिटेड की बायबैक एक्स डेट है ,ईएफसी (आई) लिमिटेड की स्टॉक स्प्लिट की एक्स डेट है। 18 अगस्त को युग डेकोर लिमिटेड की बोनस इश्यू को लेकर बोर्ड मीटिंग है। आईपीओ बाजार मे अब हलचल देखने मिल रही है.एसबीएफसी फाइनेंस का आईपीओ 16 अगस्त को लिस्ट होना है ,कॉन्कर्ड बायोटेक का आईपीओ 18 अगस्त को लिस्ट होना है, टीवीएस सप्लाई चैन सोलूशन्स लिमिटेड का आईपीओ 14 अगस्त को बंद हो रहा है ,18 अगस्त को पिरामिड टेक्नोप्लास्ट का आईपीओ ओपन हो रहा है। निवेशकों को यही सलाह है की जिनके शेयर्स लॉस्ट हो गए है या शेयर्स इन्वेस्टर्स एजुकेशन प्रोटेक्शन फंड में चले गए है या शेयर से रिलेटेड कोई भी समस्या हो रेपुटेड एवं इस्थापित प्रोफेशनल्स की मदद लेकर शेयर्स क्लेम करे ताकि धोखे से बचा जा सके ।

**– गौरव अग्रवाल**

**अग्रवाल बंधु शेयर्स एण्ड इंवेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड**

**डिस्क्लेमर :** ऊपर दिए गए विचार लेखक के व्यक्तिगत है किसी भी प्रकार का वित्तीय निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से सलाह ले।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने होम और कार लोन की दरें 0.20 फीसदी तक घटाईं



**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने होम और कार लोन की ब्याज दरों में 0.20 फीसदी तक की कटौती कर ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। इसके अलावा बैंक ने प्रसंस्करण शुल्क को शून्य करने का ऐलान किया है। नई दरें 14 अगस्त से प्रभावी होंगी। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने शनिवार को बताया कि होम और कार लोन की ब्याज दर में 0.20 फीसदी तक की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद होम लोन अब 8.50 फीसदी पर उपलब्ध होगा। इसी तरह कार लोन 0.20 फीसदी सस्ता होने के बाद अब 8.70 फीसदी हो जाएगा। बैंक ने बताया कि कम ब्याज दरों और प्रसंस्करण शुल्क में छूट के दोहरे लाभ से ग्राहकों को वित्तीय बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

## नेपाल भारत को टमाटर निर्यात करने को तैयार, बाजार तक आसान पहुंच की जताई इच्छा

*नई दिल्ली। नेपाल दीर्घकालिक आधार पर भारत को बड़ी मात्रा में टमाटर निर्यात करने के लिए तैयार है, लेकिन उसने इसके लिए बाजार तक आसान पहुंच और अन्य जरूरी सुविधाओं की मांग की है। भारत में टमाटर की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए इस तरह के उपायों पर विचार किया जा रहा है।*

पड़ोसी देश का यह आश्वासन उस समय आया, जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में बताया कि भारत ने नेपाल से टमाटर का आयात शुरू कर दिया है। भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने के कारण भारत में टमाटर की खुदरा कीमतें लगभग 242 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है और देश पहली बार टमाटर का आयात कर रहा है। नेपाल के कृषि मंत्रालय की प्रवक्ता शबनम शिवकोटी ने शुक्रवार को यहां पीटीआई-भाषा को बताया कि उनका देश दीर्घकालिक आधार पर भारत को टमाटर जैसी सब्जियां निर्यात करने का इच्छुक है, लेकिन इसके लिए भारत को अपने बाजार तक आसान पहुंच और अन्य जरूरी सुविधाएं देनी होंगी। उन्होंने कहा कि नेपाल ने एक सप्ताह पहले ही आधिकारिक चैनलों के माध्यम से भारत को टमाटर का निर्यात शुरू कर दिया है, लेकिन अभी यह बड़ी मात्रा में नहीं है। उन्होंने कहा कि टमाटर के बड़े पैमाने पर निर्यात की व्यवस्था अभी की जानी बाकी है।



कालीमाटी फल और सब्जी बाजार विकास बोर्ड के उप निदेशक विनय श्रेष्ठ ने कहा, अगर हमें भारतीय बाजार तक आसान पहुंच दी जाती है, तो नेपाल भारत को भारी मात्रा में टमाटर निर्यात कर सकता है। उन्होंने बताया कि नेपाली टमाटरों के लिए भारत एक अच्छा बाजार है।

## ओएनजीसी का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ तेल की कम कीमतों, कम उत्पादन के कारण 34 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 34 प्रतिशत गिर गया। तेल की कीमतों में गिरावट और कम उत्पादन के कारण शुद्ध लाभ में कमी हुई। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 10,015 करोड़ रुपये रह गया, जबकि बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 15,206 करोड़ रुपये था। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की भारत की सबसे बड़ी उत्पादक ओएनजीसी ने पिछले साल कच्चे तेल पर प्रति बैरल 76.49 डॉलर कमाए, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह आंकड़ा 108.55 डॉलर प्रति बैरल था।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 71400 चांदी रिफाइन -72600

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 71400 चांदी रिफाइन -72600


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 84 |
| एक यूरो | 90. 69 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105. 20 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 83 |
| एक जापानी येन | 00. 57 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-118 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# अब प्याज नहीं होगा महंगा, सरकार ने दिलाया भरोसा

### इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से की जाएगी नीलामी

**नई दिल्ली।** टमाटर के दाम तो गिरे नहीं, उल्टे प्याज भी महंगा होने लगा है. जी हां, आज अगर आप घर से सब्जी खरीदने बाजार जाएंगे तो आपको कुछ ऐसा ही देखने को मिलेगा। जैसे सरकार ने टमाटर सस्ते में बेचना शुरू किया, वैसे ही प्याज न रुलाए इसके लिए केंद्र सरकार ने सारे इंतजाम कर लिए हैं.प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी को देखते हुए केंद्र सरकार ने बफर स्टॉक जारी करने का फैसला किया है.

सरकार के पास 3 लाख टन प्याज का भंडार है, जिसे बाजार में जारी करने के बाद प्याज की कीमतों में गिरावट आ सकती है. बाजार में इस समय प्याज की कीमतें 50-60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई हैं. बाकी सरकार की क्या योजना है? नीलामी इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से की जाएगी हाल ही में, जब देश में आटे की कीमतें बेतहाशा बढ़ गईं, तो सरकार ने गेहूं का बफर स्टॉक जारी कर दिया। इन्हें फ़ैक्टरियों और अन्य एफएमसीजी कंपनियों को दान दिया गया था। अब इसी तरह से सरकार उन राज्यों में रेगुलेटरी प्याज स्टॉक जारी करेगी जहां प्याज की कीमतें अत्यधिक बढ़ गई हैं.इस स्टॉक की नीलामी इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के जरिए की जाएगी. वहीं, सरकार इसे ओएनडीसी जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी बेचने की योजना बना रही है। राज्य सहकारी समितियों और सरकारी निगमों की खुदरा दुकानों के माध्यम से लोगों को सस्ती कीमतों पर प्याज उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की जा रही है।

**अक्टूबर में नई फसल आएगी**– देश की प्याज की 65 प्रतिशत मांग अप्रैल-जून की रबी फसल से पूरी हो जाती है। इस साल, देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश ने फसल बर्बाद कर दी है। नई फसल अक्टूबर से नवंबर तक बाजार में आ जाएगी। इसलिए प्याज की कीमतों में गिरावट की संभावना है। ऐसे में देश में प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकारी बफर स्टॉक का इस्तेमाल किया जाता है.

**प्याज सड़ने का डर**– रबी सीजन में प्याज की शेल्फ लाइफ भी कम होती है। यदि हम अप्रैल से जोड़ें तो यह अधिकतम अगस्त तक रहता है। यह देखते हुए कि इस साल बारिश के कारण यह शेल्फ लाइफ और भी कम हो गई है, मंडियों में प्याज की आवक कम है। इसीलिए बाजार में प्याज की कीमतें बढ़ी हैं.



## स्वराज ट्रैक्टर्स ने लॉन्च किया स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर



*मोहाली। देश में तेजी से बढ़ते ट्रैक्टर ब्रांड और महिंद्रा समूह के एक हिस्से स्वराज ट्रैक्टर्स ने आज - स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर लॉन्च किया, जो न केवल कम ईंधन खाते हुए सबसे बेहतरीन काम करता है बल्कि ऐसी—ऐसी तकनीकी सुविधाओं से लैस हैं, जो इंडस्ट्री में पहले कभी देखने को नहीं मिली।*

स्वराज का यह नया शाहकार अपने ब्रांड की ताकत और भरोसे को आगे बढ़ा रहा है। कम से कम नुकसान के साथ अनाज की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए बेहतर कटाई क्षमताओं से लैस स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर प्रति घंटे अधिकतम रकबा देता है। एमएंडएम लिमिटेड के सीईओ, स्वराज डिवीजन हरीश चव्हाण ने कहा, खेती में क्रांति और समृद्ध जीवन के उद्देश्य के अनुरूप स्वराज अधिकतम पैदावार और मुनाफा प्राप्त करने के लिए बेहतर मशीनीकृत समाधानों के साथ किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर ग्राहक केंद्रितता, आधुनिक कृषि पद्धतियों और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर पूरे देश में स्वराज के व्यापक डीलर नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध होगा। सेल और सर्विस टीमों के साथ-साथ स्थान—स्थान पर सेंटर और सर्विस वैन के साथ एक मजबूत अखिल भारतीय हार्वेस्टर डीलर नेटवर्क का भरोसा भी मिलेगा। स्वराज 8200 की उद्योग में पहली विशेषताओं में से एक इसकी बुद्धिमान प्रणाली है, जो मशीन मालिकों को वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करती है, जिसमें लाइव लोकेशन ट्रैकिंग, व्यावसायिक मापदंडों की ट्रैकिंग जैसे एकड़ की कटाई, सड़क के किलोमीटर की यात्रा और ईंधन की खपत शामिल है। यह जानकारी बेहतर निर्णय लेने और परिचालन दक्षता को सुविधाजनक बनाती है।

## महिला उद्यमियों ने दो दिवसीय व्यापार मेला किया आयोजित

*जबलपुर। मेराकी संस्था द्वारा आयोजित गुलजार होटल महानदा में 11एवम 12 अगस्त (2 दिवसीय) व्यापारिक मेला लगाया गया है। संस्था की प्रमुख श्रीमती सीमा सिंग चौहान, नम्रता भाटिया, जया चंसोरिया, प्रतिभा जैन ने बताया कि यह पर हर साल की तरह इस साल भी सभी स्टॉल महिलाएं द्वारा आयोजित किए गए हैं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश से हमारी संस्था विगत कई सालो से इस तरह का आयोजन करती आई है।*

इस अवसर पर माला राकेश सिंह नें कहा की अब समय बदल चुका है व्यापार जगत में अब महिलाएं भी पुरषों के मुकाबले में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है जो की समय के हिसाब से बहुत जरूरी भी है। इस मौके पर उपस्थित होकर श्रीमती यामिनी अन्नू सिंह ने कहा कि इस तरीके के आयोजन जबलपुर शहर में होते रहने चाहिए है। व्यापारिक महिलाओं को इस मंच के द्वारा अपनी कला कृति, अन्य कलाओं का प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलता है। जबलपुर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राव ने कहां की समय आ चुका है महिलाओं को भी व्यापार जगत में अपना योगदान देना चाइए। इस अवसर पर



उपस्थित श्रीमती अलका विश्नोई ने सभी उद्यमी महिलाओं की सराहना करते हुए कहा की आप सभी के सहयोग से आज जबलपुर में यह हमें राष्ट्रीय एवम अंतर राष्ट्रीय स्तर के वस्तुओ का एक साथ संग्रह देखने को मिलता है। इस मौके पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदेश जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, प्रदेश सचिव दीपक सेठी, जबलपुर जिलाध्यक्ष रोहित खटवानी, सचिव मनु शरत तिवारी, सभी ने एक स्वर में मेराकी संस्था को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन जबलपुर में और बड़े पैमाने पर होते रहना चाइए एवमजबलपुर में उद्यमी महिलाओं के लिए एक बड़ा सा हब बन सके। इस मेले में उपस्थित डॉ. प्रज्ञा धीरावनी, डॉ. पांसे, नंदिनी अग्रवाल, सुषमा जैन, ने सभी व्यापारी महिलाओं की सराहना की।


### देशबन्धु
### ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# मदन महल सहित देश के चुनिंदा 50 स्टेशनों पर लगेंगे प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के आउटलेट्स

**जबलपुर/नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे देशभर के कई स्टेशनों पर आने वाले यात्रियों के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) स्थापित करने जा रहा है। ये जन औषधि केंद्र सर्कुलेटिंग एरिया और कॉनकोर्स में लगाए जाएंगे और इनका संचालन लाइसेंस धारक करेंगे।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत फिलहाल इस योजना के लिए देशभर के 50 स्टेशनों को शामिल किया गया है, जिसमें पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर का मदनमहल स्टेशन भी शामिल है। रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) स्थापित करने का उद्देश्य यहां आने वाले यात्रियों को किफायती दाम पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां और जनऔषधि उत्पाद उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

**लाइसेंस धारकों को ही दिए जाएंगे आउटलेट्स-** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र योजना के तहत




रेलवे कमर्शियल लाइसेंस धारकों को सर्कुलेटिंग एरिया और स्टेशनों के कॉनकोर्स में तैयार किये गए आउटलेट उपलब्ध कराएगा।

ये आउटलेट सुविधाजनक स्थानों पर सर्कुलेटिंग एरिया/परिसरों में स्थित होंगे, ताकि स्टेशनों पर आने और जाने वाले सभी यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।

## पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह स्टेशन शामिल

तिरुपति, न्यू तिनसुकिया, लमडिंग, रंगिया, दरभंगा, पटना, कटिहार, जांजगीर-नैला, बागबहरा, आनंद विहार, अंकलेश्वर, महेसाणा जंक्शन, सिनी जंक्शन, श्रीनगर, एसएमवीटी बेंगलुरू, बंगारपेट, मैसूर, हुब्बली जंक्शन, पलक्कड, पेंड्रा रोड, रतलाम, मदन महल, बीना, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मनमाड, पिंपरी, सोलापुर, नैनपुर, नागभीर, मलाड, खुर्दा रोड, फगवाड़ा, राजपुरा, सवाई माधोपुर, भगत की कोठी, तिरुचिरापल्ली, इरोड, डिंडिगुल, सिकंदराबाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन, लखनऊ जंक्शन, गोरखपुर जंक्शन, बनारस, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, योगनगरी ऋषिकेश, काशीपुर, माल्दा टाउन और खडगपुर शामिल हैं।

# रेलवे अस्पताल से इंजेक्शन चोरी करने वालों को आरपीएफ ने दबोचा

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत इंदिरा मार्केट स्थित रेलवे अस्पताल से जुलाई माह में लगभग 5,70,000/-रुपये की महत्वपूर्ण दवाईयां इंजेक्शन चोरी हो गये थे।

अस्पताल प्रबंधन ने 5 अगस्त को आरपीएफ थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसकी जानकारी आरपीएफ कमांडेट अरूण त्रिपाठी व पोस्ट प्रभारी श्री अंसारी को मिली। जिन्होंने तत्काल इस मामले की जांच के आदेश अपने मातहतों को दिये। जिसके बाद पोस्ट पर उपनिरीक्षक सौरभ माहोरे, प्र.आ. राजेश रायकवार, प्र.आ. शिवशरण प्रआ आशीष एवं आरक्षक श्रीराम, आरक्षक प्रवीण उपाध्याय द्वारा लगातार इस मामले में नजर रखी जा रही थी। तथा सीसीटीवी मॉनीटरिंग की गई। जिसके बाद आरपीएफ ने एक संदिग्ध राजाराम केवट निवासी सुहागी अधारताल को पकड़ा जो अनमोल फार्मा, दवा बाजार की दवाईयां रेलवे अस्पताल में सप्लाई करता था। जिससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अस्पताल से इंजेक्शन चोरी करना कबूल कर लिया।

आरपीएफ टीम एवं अपराध शाखा जबलपुर



## एक लाख से अधिक के इंजेक्शन बरामद

के उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र पटेल द्वारा प्रकरण में आगे की कार्यवाही करते हुये आरोपी राजाराम केवट द्वारा चोरी किये गये इंजेक्शनों को विभिन्न मेडिकल स्टोर पर बेचने पर आरोपी की निशानदेही पर जबलपुर शहर में स्थित राय मेडिकल स्टोर के संचालक नीरज राय एवं हसन मेडिकल स्टोर के संचालक मोईन कुरैशी एवं विनायक मेडिकल स्टोर के संचालक मनोज यादव सहित अन्य 03 आरोपियों को पकड़ा एवं उनके पास से कुल 1,61,000/-रुपये के इंजेक्शन बरामद किये हैं।

# अवमानना मामले में छतरपुर के तत्कालीन कलेक्टर शीलेंद्र सिंह दोषी करार, कोर्ट में 17 को हाजिर होने निर्देश

**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने छतरपुर के तत्कालीन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और तत्कालीन एडिशनल कलेक्टर अमर बहादुर सिंह को अवमानना का दोषी करार दिया है। हाईकोर्ट जस्टिस जीएस आलुवालिया की एकलपीठ के सामने गुरुवार को दोनों अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। बताया कि उनकी तरफ से ओआईसी ने जवाब प्रस्तुत किया था। एकल पीठ ने सजा पर सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तारीख तय की है।

एकल पीठ ने दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित रहे आदेश जारी किए हैं। छतरपुर स्वच्छता मिशन के तहत जिला समन्वयक रचना द्विवेदी का ट्रांसफर बड़ा मलहरा कर दिया गया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा था कि संविदा नियुक्ति में स्थानांतरण का कोई प्रावधान नहीं है।

हाईकोर्ट ने 10 जुलाई 2020 को स्थानांतरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट की रोक के बावजूद याचिकाकर्ता को बड़ा मलहरा में जॉइनिंग नहीं देने के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इसके कारण याचिकाकर्ता ने उक्त अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की।

इस मामले में गुरुवार को सुनवाई के दौरान शीलेन्द्र सिंह और अमर बहादुर सिंह हाजिर हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कोर्ट में जवाब प्रस्तुत करने के लिए ओआईसी नियुक्त किया गया था। ओआईसी ने जवाब भी प्रस्तुत किया था।

कोर्ट ने कहा कि अवमानना प्रकरण में संबंधित अवमाननाकर्ता को ही व्यक्तिगत हलफनामे पर जवाब-दावा पेश करना होता है।

कोर्ट ने कहा कि ओआईसी नियुक्त करके अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। चूंकि कोर्ट का स्थगन आदेश था, इसलिए उक्त अधिकारियों को याचिकाकर्ता की सेवाएं जारी रखने देना चाहिए था। कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं कर अधिकारियों ने अदालत के आदेश का खुला उल्लंघन किया है।

# पुलिस कर रही हिरन नदी में हिना की तलाश

## 50 लाख मांगने पर पति ने हत्या कर नदी में फेंका



**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र के नागपुर से जबलपुर पहुंची भाजपा नेत्री सना उर्फ हिना खान की पति अमित उर्फ पप्पू साहू ने 2 अगस्त को अपने बिलहरी स्थित घर में सिर पर लाठी मारकर हत्या की। हत्या के बाद लाश को हिरन नदी में उस वक्त फेंक दी, जब नदी उफान पर थी। गिरफ्तारी के बाद अमित साहू द्वारा स्वीकारी गई बात पर नागपुर व महाराष्ट्र पुलिस की टीम ने एसडीआरएफ की मदद से शव की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सना को तलाश लिया जाएगा। दोनों के बीच 50 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सना उर्फ हिना खान ने बिलहरी राजुल टाउन शिप में रहने वाले अमित उर्फ पप्पू साहू से करीब 6 माह पहले शादी की थी। शादी के बाद से हिना का जबलपुर आना जाना होता रहा। इस बीच हिना ने पप्पू साहू को होटल व्यवसाय को बढ़ाने के लिए 50 लाख रुपए दिए थे। दो अगस्त को हिना नागपुर से जबलपुर आयी और सीधे पप्पू साहू के घर पहुंची। जहां पर हिना ने पप्पू साहू से रकम वापस मांगी, जिसपर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि हिना ने पप्पू को कुछ अपशब्द कह दिए। पप्पू यह बर्दाश्त नहीं कर पाया और लाठी से हमला कर हिना की हत्या कर दी। हत्या के बाद पप्पू साहू ने अपने साथी आशीष सिंह की मदद से हिना की लाश हिरन नदी में फेंक दी। लाश उस वक्त फेंकी गई जब नदी उफान पर थी। पुलिस गिरफ्त में आए पप्पू के इस खुलासे के बाद आज सुबह से नागपुर, जबलपुर पुलिस की टीम ने एसडीआरएफ की टीम को लेकर मेरेगांव बेलखेड़ा स्थित हिरन नदी पहुंच गई है। जहां पर एसडीआरएफ की टीम ने हिना की तलाश शुरु कर दी। नागपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हिना जल्द ही तलाश कर लिया जाएगा।

### आरोपी को पुलिस नागपुर लेकर रवाना

महाराष्ट्र आरोपी पति अमित उर्फ पप्पू साहू व उसके साथी को नागपुर पुलिस जबलपुर से लेकर रवाना हो गई है। नागपुर के मनकापुर थाना पुलिस आरोपी से हत्याकांड के संबंध में पूछताछ कर न्यायालय में पेश करने के बाद रिमांड पर आरोपी को पुन: जबलपुर आ सकती है।

# छत्तीसगढ़ की सीमा पर पहुंचा हाथियों का झुंड, कई घरों को तोड़फोड़ कर अनाज व फल खाए

## अफसरों ने कहा- हाथियों के पास न जाएं





**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले में आए हाथी वन परिक्षेत्र कोतमा के पडौर और पोडी-चोड़ी, बरबसपुर आदि गांव से लगे जंगल में हैं। उन्होंने क्षेत्र में गांव व जंगल के किनारे स्थित टोला-मोहल्ला में कुछ कच्चे मकानों में तोड़फोड़ कर दी। घरों में रखा अनाज, बाड़ी में लगे केला, कटहल एवं अन्य फलों को खा गए।

खेतों में लगे धान एवं अन्य तरह की फसलों को अपना आहार बनाया है। इस बीच ग्राम पंचायत एवं वन विभाग के द्वारा जंगल के किनारे बसे बैगा समाज के परिवारों को पड़ोस के आंगनवाड़ी केंद्र भुरसाटोला में सुरक्षित रूप से ठहराया गया। हाथियों का समूह पोड़ी बीट के राजस्व क्षेत्र साहीगढ़ार से सोन नदी के स्टॉपडैम एवं भेड़वानाला के समीप जंगल में विश्राम कर रहे हैं। यह क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य के वन परिक्षेत्र मरवाही के मरवाही बीट से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित है।

मध्यप्रदेश के कोतमा वन परीक्षेत एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन पर क्षेत्र के वन अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण जन हाथियों के विचरण पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं। हाथियों के संभावित विचरण क्षेत्र के गांव, टोला एवं मोहल्ला के ग्रामीणों को सतर्कता बरतते हुए सावधान रहने कि सलाह मुनादी एवं विभिन्न माध्यमों से की जा रही है।

अनूपपुर वन मंडल अंतर्गत वर्तमान में 05 प्रवासी जंगली हाथियों का दल वन परिक्षेत्र कोतमा, जैतहरी तथा अनूपपुर में विचरण कर रहा है। हाथी से हानि न हो इसके के लिए वन विभाग ने गाइडलाइन जारी की है। अनूपपुर वन मण्डलाधिकारी एसके प्रजापति ने बताया कि यह याद रखें कि जंगली हाथी समझदार, एक्टिव एवं शक्तिशाली होते हैं। वे खतरनाक भी हो सकते हैं। जंगली हाथियों के नजदीक जाने का प्रयास न करें।

# सोलर पैनल कारोबारी की एक फर्म में 5 करोड़ टैक्स की देनदारी, दूसरी फर्म में सरेन्डर किये ढाई लाख

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्टेट जीएसटी के सम्भागीय कार्यालय की टीम ने 8 अगस्त को विजय नगर शताब्दीपुरम और सुखसागर ब्लू नर्मदा रोड दोनों फर्मों की जांच की, जांच की कार्यवाही फिलहाल फर्मों में पूरी हो चुकी है और शेष जब्त दस्तावेजों जांच की कार्यवाही विभाग में की जाएगी। सोलर पैनल कारोबारी की एक फर्म सीयू एनर्जीस का पड़ताल के बाद करीब 5 करोड़ के टैक्स की देनदारी बन रही है वहीं दूसरी फर्म अपनी बिजली से फिलहाल ढाई लाख रूपये की राशि कर दाता ने सेरेन्डर की है। जानकारी के मुताबिक अपनी बिजली फर्म में स्टॉक का अंतर पाये जाने पर ढाई लाख रूपये का टैक्स पेनाल्टी सहित स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा वसूला गया है। वहीं सीयू एनर्जी के रेट अप टैक्स में अंतर पाये जाने पर एक करोड़ के टैक्स की देनदारी तय की गयी है वहीं आईटीएस पासान में करीब 3.5 से 4 करोड़ की टैक्स देनदारी तय की गयी है वहीं इसे ब्लॉक भी कर दिया गया है। बताया जाता है कि सीयू एनर्जी के मामले में कर दाता को विभाग में 16 अगस्त को पेश होने के लिए समन भेजा गया है।

### स्टेट जीएसटी की जांच टीम को मिले बोगस ट्रांजेक्शन व ई-वे बिल में गड़बड़ी

जांच टीम ने फर्मों में जांच के दौरान कई अहम दस्तावेज खरीद व बिक्री सम्बंधी जप्त किये हैं। वहीं ई-वे बिल में भी बड़ी गड़बड़ी पाई गई है इसलिए जांच पूरी होने के बाद करदाताओं से टैक्स की बड़ी राशि पैनाल्टी सहित वसूल की जा सकती है।

# कान्हा पेंच कॉरिडोर के सोनेवानी में माइनिंग प्रोजेक्टस गैर कानूनी बालाघाट कलेक्टर को नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** कान्हा तथा पेंच टाईगर रिजर्व के बीच के बालाघाट जिले का वन क्षेत्र बहुत ही महत्वपूर्ण कॉरिडोर है, जिसे नेशनल टाईगर संरक्षण एथॉरिटी ने मैपिंग कर मान्यता दी है इसके सोनेवानी वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र में 4 माईनिंग प्रोजेक्टस को अनुमति प्रदान की गई है। लेकिन यह स्वीकृति देने के पूर्व में न तो नेशनल टाईगर संरक्षण एथॉरिटी न ही नेशनल वन्य प्राणी बोर्ड से एनओसी प्राप्त की गई है।

अत: इस क्षेत्र में खनन कार्यवाही गैर कानूनी है जिसे रोका जाए यह ईमेल से नोटिस नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे, ने कलेक्टर बालाघाट को भेजा है।

**हाईकोर्ट ने बक्सवाहा में स्थगन आदेश दिया है**

मंच के एड.प्रभात यादव ने बताया कि बक्सवाहा जंगल पन्ना टाईगर रिजर्व तथा नैरादेही वन्य प्राणी अभ्यारण्य के बीच कॉरिडोर है, यह उल्लेख कर मप्र हाईकोर्ट ने 26.10.2021 को उक्त जंगल में खनन कार्यवाही पर रोक लगाई है। इस वन क्षेत्र में न तो नेशनल टाईगर एथॉरिट, न ही नेशनल वन्य प्राणी बोर्ड से एमओसी ली गई थी।

# गंगा जमना स्कूल मामले में फरार आरोपियों के बैंक खाते होंगे सीज

**दमोह, देशबन्धु।** हिजाब मामले में फरार चल रहे गंगा जमना स्कूल प्रबंधन के फरार सदस्यों पर नवागत एसपी सुनील तिवारी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब इन फरार आरोपियों के बैंक खाते सीज करने की कार्रवाई शुरू की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं हो पाएगा और इसके निर्देश भी कोतवाली टीआई को दिए गए हैं।

एएसपी संदीप मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले की समीक्षा करने के बाद एसपी के द्वारा बैंक खातों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके पहले इन आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी पुलिस के द्वारा शुरू की गई और संपत्ति कुर्क करने के संबंध में धारा 82,83 के तहत नोटिस जारी किए गए हैं।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 110

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112

छोटा ब्रॉयलर - रु. 114

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 118

मुर्गा मीडियम - रु. 116

मुर्गा बड़ा - रु. 114

मुर्गा जम्बो - रु. 114

मो.-9039925000, 9425800409



ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये

FREE FREE FREE FREE

जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान (ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)

LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)

7828416648,7987003927

239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.

हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,

कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।

441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर

मो. 9200000162 फोन- 2626496


# बीएलओ को एप डाउनलोड करा कर जालसाज कर रहे लाखों की ठगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के कई जिलों में निर्वाचन कार्य कर रहे बीएलओ को जालसाजों द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि के माध्यम से झूठी खबरे पोस्टकर उन्हें गूगल प्ले स्टोर से फर्जी बीएलओ एप डाउनलोड कराया जा रहा है। तथा लाखों रूपयों की ठगी की जा रही है। इस समय जिले के सभी बीएलओ निर्वाचक नामावली के काम में व्यस्त हैं। जिसमें वह नये नाम जोड़ना और मृत हो चुके मतदाता का नाम अलग करने में जुटे हैं।

इसी बीच प्रदेश भर में ऑनलाइन ठगी करने वालों ने इन बीएलओ को भी अपना निशाना बनाया है और उनके कामों में खलल पैदा कर उनसे ठगी की जा रही है। साथ ही बीएलओ के मतदान केन्द्रों की जानकारी भी चुरा रहे हैं। जैसे ही ये बीएलओ, बीएलओ एप डाउनलोड करते हैं उनके बैंक खाते से रूपये निकल रहे हैं। जिसकी जानकारी लगते ही अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश ने प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों को पत्र क्रमांक 39/2022/3/बीएलओ/6110 भेजकर आदेशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा किसी भी सोशल मीडिया या दूरभाष के माध्यम से कोई भी एप डाउनलोड करने के निर्देश नहीं दिये गये हैं। जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त बीएलओ को सूचित किया जाता है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम से किसी भी प्रकार का कॉल प्राप्त होने पर सीधे अपने तहसील कार्यालय में इआरओ/एइआरओ/ विधानसभा के सुपरवाइजर से संपर्क करें। तथा ऐसे जालसाजों से सावधान रहें।

### अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये सावधान रहने के निर्देश